सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:48
अधिकतम तापमान : 18.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-233 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 02 फरवरी 2024
21 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया अंतरिम बजट, युवाओं और महिलाओं के लिए कई योजनाएं

इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं

एक करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट मुफ्त बिजली

- आशा वर्कर को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा
- तीन करोड़ महिला बनेंगी लखपति दीदी
- वंदेभारत स्टैंडर्ड के बनेंगे 40 हजार रेल कोच
- उड़ान स्कीम के तहत नए एयरपोर्ट बनेंगे
- मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना, ग्रामीण आवास का भी दायरा बढ़ाया
- यू-विन प्लेटफॉर्म के जरिए टीकाकरण
- डिफेंस बजट के लिए मिले सबसे ज्यादा 6.2 लाख करोड़
- एग्रीकल्चर के लिए मिले सबसे कम 1.27 लाख करोड़
- मत्स्य संपदा योजना को बढ़ावा दिया जाएगा
- टेक-सेवी यूथ के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का कोष
- नए मेडिकल कॉलेज बनेंगे
- 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला
- 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ
- स्किल इंडिया मिशन के तहत 1.4 करोड़ युवा ट्रेंड किए गए
- एफडीआई इंफ्लो 10 साल में दोगुना हुआ

मोदी सरकार का 2.0 अंतरिम बजट

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और सबसे गरीब आबादी को सशक्त बनाने पर प्रमुख ध्यान देने के साथ अंतरिम बजट 2024-25 पेश कर दिया है। सीतारमण ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब, महिलाएं, किसान और युवा हैं। यह व्यापक रूप से उम्मीद की गई थी कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस साल लोकसभा के चुनाव होने हैं इसलिए अंतरिम बजट पेश किया गया। नई सरकार के गठन के जुलाई में पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। इसलिए सरकार की ओर से बड़े ऐलान से परहेज किया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को संसद में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में पिछले 10 साल में गहरा सकारात्मक परिवर्तन देखा गया है। सीतारमण ने अपने चुनाव पूर्व बजट में कहा कि भारत के लोग आशा और विकल्पों के साथ भविष्य की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने समावेश के सभी पहलुओं का ध्यान रखा। वित्त मंत्री ने कहा कि संरचनात्मक सुधारों, जन-समर्थक कार्यक्रमों और रोजगार के अवसरों ने अर्थव्यवस्था को नई ताकत देने में मदद की। सीतारमण ने कहा कि सरकार 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की दिशा में काम कर रही है। सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा कि ''अन्नदाता'' (किसानों) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य समय-समय पर और उचित रूप से बढ़ाया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी तथा आवश्यक 'मॉडल' है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार प्रणालीगत असमानताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलने से उनकी भोजन संबंधी चिंताएं खत्म हो गयी हैं। उन्होंने लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई, तो भारत भारी चुनौतियों का सामना कर रहा था और सरकार ने सही तरीके से चुनौतियों पर काबू पाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि उनकी सरकार गरीब आबादी के लिए मुफ्त राशन योजना को पांच साल के लिए बढ़ाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से मुक्ति मिली है। उन्होंने लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि गरीबी से निपटने के पिछली सरकारों के नजरिये से बेहद मामूली परिणाम मिले। सीतारमण ने कहा कि अब पारदर्शिता के आधार पर सभी पात्र नागरिकों को लाभ हस्तांतरित किए जाते हैं।

मोबाइल हो सकते हैं सस्ते

जल्द ही मोबाइल फोन समेत तमाम इलेक्ट्रानिक्स के सामान सस्ते हो सकते हैं। जबकि सोने-चांदी के आभूषण महंगे हो सकते हैं। दरअसल, बजट के पहले ही मोबाइल फोन में इस्तेमाल कलपुर्जों पर आयात शुल्क घटा दिया है। टैक्स में ये बदलाव एक अप्रैल से लागू होगा। हालांकि, अंतरिम बजट से एक दिन पहले यानी बुधवार को सरकार ने मोबाइल फोन बनाने में इस्तेमाल होने वाले पार्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी को घटा दिया है। इसे 15 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है।

सोने-चांदी के गहने होंगे महंगे

हाल ही में सरकार ने सोने और चांदी के ऊपर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ा दी है। अब इंपोर्ट ड्यूटी 12.50 फीसदी से बढ़कर 15 फीसदी हो गई है। इसके अलावा कीमती धातुओं के सिक्कों पर भी इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इसमें 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5 एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सेस शामिल है। सोशल वेलफेयर सरचार्ज को छूट है।

बजट किसानों के लिए महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज इस बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिए गए हैं। नेनो डीएपी का उपयोग, पशुओं के लिए नई योजनाएं, पीएम मत्स्य संपदा योजना के विस्तार और आत्मनिर्भर ऑयल सीड अभियान से किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होगा। पीएम मोदी ने कहा गरीबों के लिए हमने गांव और शहरों में 4 करोड़ से अधिक घर बनाए हैं अब हमने 2 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य रखा है।

बजट का नीतीश ने किया स्वागत

भाजपा के साथ गठबंधन में वापसी करने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। आज लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार की ओर से अंतरिम बजट पेश किया गया। अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि यह बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है।

रेलवे को मिला अभूतपूर्व आवंटन

केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बजट में 2.52 लाख करोड़ रुपये का रेलवे क्षेत्र के लिए अभूतपूर्व आवंटन किया है। पिछले 10 वर्षों में पूरी रणनीति बदल दी गई है, अब रेलवे को आधुनिक बनाने के लिए निवेश पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। तमिलनाडु को कई रेल बुनियादी ढांचे और सुरक्षा परियोजनाओं के लिए 6,331 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था बढ़ेगी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट आत्मविश्वास से लबरेज, मजबूत और आत्मनिर्भर विकसित भारत की दृष्टि को रेखांकित करता है। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2027 तक बढ़कर 5,000 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगा। सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है।

दुनिया का ग्रोथ इंजन बनेगा भारत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बजट में नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप दिखाया गया है। इसके लिए उन्होंने पीएम मोदी का आभार भी जताया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट में विकसित भारत का विजन, अंत्योदय का संकल्प और नए भारत को दुनिया का ग्रोथ इंजन बनाने का रोड मैप है।

यूपी को दो लाख करोड़ से ज्यादा

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में उत्तर प्रदेश को विकास के लिए दो लाख 18 हजार आठ सौ सोलह करोड़ रुपये मिलेंगे। जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 15 हजार करोड़ रुपये ज्यादा हैं।

मोदी सरकार का विदाई बजट

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि ये मोदी सरकार का विदाई बजट है। उन्होंने एक्स पर कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है, जो फिर कभी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय हो गया है। ये भाजपा का 'विदाई बजट' है। कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है।

वास्तविकता से दूर है बजट

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व, संसद में आज पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। इस प्रकार, देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई महंगाई से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दुःखद व चिंतनीय है। इसके साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां के 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता। भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके एक शर्मनाक रिकार्ड बनाया है।

राष्ट्रपति ने दही-चीनी खिलाकर भेजा

राष्ट्रपति मुर्मू ने दही-चीनी खिलाकर भेजा पिछले मौकों की तरह सीतारमण के बजट भाषण में तमिल कवियों और विचारकों का कोई जिक्र नहीं था, लेकिन उन्होंने लगभग आठ बार प्रधानमंत्री मोदी का जिक्र किया और उनके भाषणों को उद्धृत किया। सीतारमण, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भागवत कराड के साथ ही वित्त मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों ने बजट पेश करने से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने सीतारमण को एक चम्मच दही और चीनी दी और केंद्रीय बजट पेश करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

पर्यटन

देश के सभी आठ बड़े नगरों से जुड़ी राम नगरी

अयोध्या के लिए आठ शहरों से सीधी उड़ान शुरू

तोहफा

- नई वायु सेवा का समुचित उपयोग करें : मुख्यमंत्री
- जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हुई

लखनऊ। अयोध्या के नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजित श्रीरामलला के दर्शन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अयोध्या पहुंचना और आसान हो गया है।

गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री वीके सिंह ने 08 शहरों से अयोध्या आने-जाने के लिए स्पाइसजेट की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट द्वारा नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएं शुरू होने से अयोध्या की कनेक्टिविटी और बेहतर हो गई है, इससे पर्यटन में भी वृद्धि होगी। इससे पहले दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए अयोध्या से वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जो सफलता पूर्वक संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि बीते 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्याधाम के नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी एक माह ही हुआ है, लेकिन इस अल्प अवधि में ही अयोध्या की कनेक्टिविटी देश के इतने महत्वपूर्ण नगरों के साथ होना, अयोध्या के बेहतर भविष्य का संकेत देती है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से अयोध्या की शान बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग नई वायु सेवा का समुचित उपयोग करें और अयोध्या की सुंदरता और परंपरा को दुनिया के साथ साझा करें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या देश की आस्था का प्रतीक है। जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हुई हैं। प्रभु श्रीरामलला के साथ जुड़ी हैं। हर अयोध्यावासी की एक अभिलाषा थी कि अयोध्या का भी विकास होना चाहिए। आज वह सपना साकार हो रहा है। वास्तव में अयोध्या इसकी हकदार थी लेकिन किन्हीं कारणों से अयोध्या की उपेक्षा हुई। आज से 10 वर्ष पहले कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या में भी कोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। पांच सदी पूर्व जो एक कलंक अयोध्या पर लगाने का प्रयास हुआ था, उससे मुक्त होकर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हो गए, इस सपने को साकार होते हुए देखकर के आज पूरी दुनिया प्रफुल्लित है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से इनकार के बाद मसाजिद कमेटी ने हाईकोर्ट का किया रुख

फैसला

- जिला अदालत के फैसले को दी चुनौती

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास तहखाना में पूजा पर रोक लगाने की मसाजिद कमेटी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के सुनवाई से इनकार के बाद कमेटी ने हाईकोर्ट (एचसी) का रुख किया है।

मुस्लिम पक्ष के वकील जहीर असगर ने बताया कि तहखाने में पूजा की अनुमति देने वाले वाराणसी जिला अदालत के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इससे पहले तहखाना में पूजा की इजाजत देने वाले आदेश के खिलाफ कमेटी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। साथ ही कमेटी को हाईकोर्ट जाने का सुझाव भी दिया था। ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी तहखाने में पूजापाठ के वाराणसी कोर्ट के आदेश के खिलाफ मस्जिद पक्ष ने आज तड़के तीन बजे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सीजेआई ने फाइल देखने के बाद मस्जिद पक्ष को हाईकोर्ट जाने के लिए कहा था। सीजेआई ने मुस्लिम पक्ष के वकीलों से कहा कि आपको कोई भी राहत चाहिए तो आप हाईकोर्ट जा सकते हैं। बता दें कि जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में व्यासजी के तहखाने में 30 साल बाद पूजा-पाठ की इजाजत दी थी। आदेश पर अमल करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा में तहखाने में देर रात से ही पूजा-अर्चना शुरू करा दी। गुरुवार तड़के मंगला आरती भी हुई। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि व्यासजी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा राग-भोग व्यास परिवार और काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड के पुजारी से कराएं।

पुलिस अधीक्षक ने धौरहरा कोतवाली व खमरिया थाना का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने गुरुवार को धौरहरा कोतवाली व खमरिया थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने धौरहरा की महिला आरक्षी को बेहतर पुलिसिंग के लिए पुरस्कृत करने की बात कही। गुरुवार को एसपी गणेश प्रसाद साहा औचक निरीक्षण के लिए धौरहरा कोतवाली व खमरिया थाना पहुंचे। इस दौरान एसपी ने दोनों थाना परिसरों की स्वच्छता,कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कयि। एसपी ने विभिन्न पंजिकाओं और अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव के लिए सुरक्षित तरीके से रखने के निर्देश दिए। एसपी ने महिला अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। एसपी ने जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा भी की। एसपी ने लंबित विवेचनओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश सम्बंधित प्रभारियों को दिए। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थानों पर बनाये गए विभिन्न रजिस्टरोंका अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश भी एसपी ने दिए। निरीक्षण के दौरान धौरहरा कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार सिंह व खमरिया थानाध्यक्ष निराला तिवारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस का किया गया आयोजन

लखीमपुर खीरी। पलियाकलां स्थित जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रा को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया। जनजागरण के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम को परिणामदायी बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ कार्यक्रम की ब्लाक समन्वयक निधि शाक्य ने कहा कि एक से 9 वर्ष तक हर व्यक्ति को एल्बेंडाजोल की गोली लेनी चाहिए। इस गोली का सेवन खाना खाने के बाद ही करना चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए शरीर को कृमि मुक्त रखना होगा। आईसीटीसी की ब्लाक काउंसलर शालिनी मिश्रा ने कहा कि यदि पेट में कृमि हैं तो व्यक्ति स्वस्थ नहीं रह सकता है। भोजन का अधिकांश पोषण कृमि ही ग्रहण कर लेते हैं। कृमि मुक्त जीवन के लिये मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहना होगा। पारस्परिक समन्वय बनाकर ही हम कृमि मुक्त मानव समाज बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की नोडल अधिकारी आकृति गुप्ता ने किया।

रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट 3 लोग जख्मी

लखीमपुर खीरी। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के दर्जिनपुरवा हरदी में रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें 3 लोग जख्मी हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 4 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। दर्जिनपुरवा मजरा हरदी निवासी सोनू पुत्र मुख्तयार व गांव के आलम, शीबू, %फक्के पुत्रगण नन्हे अली व करीम पुत्र जमीन से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। जिसमें चारों ने मिलकर सोनू की पिटाई शुरू कर दी। बचाने आये साबिर व अश्मीन को भी हमलावरों ने पीट दिया। सोनू ने आलम,शीबू,फक्के व करीम के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जान से मारने की धमकी

नवाबगंज (गोण्डा)। थाना क्षेत्र के सेमरा शेख पुर गांव के कटरा मजरा निवासी सुनील पुत्र जगन्नाथ ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि बुधवार की शाम करीब 07 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था तभी गांव के ही विपक्षी जगराम, रामनाथ पुत्र रामदेव और रोहन पुत्र जगराम आये और मामूली बात पर अपशब्दों का प्रयोग करने लगे विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारे-पीटे और जान से मारने की धमकी भी दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर 03 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है

गैंगस्टर एक्ट में वांछित महिला को गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना मिर्जापुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रही एक महिला को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी महिला के विरूद्ध थाना मिर्जापुर में पशु क्रूरता अधिनियम एवं गैंगस्टर के पूर्व में मुकदमें दर्ज है। थाना मिर्जापुर के कार्यवाहक प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि गौकशी व गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रही एक आरोपी महिला रायपुर नदी रपटा पर कहीं जाने की फिराक में खड़ी हैं। सूचना मिलते ही वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज कुमार, देशराज सिंह, हैंड कांस्टेबल संदीप कुमार, रोहित कुमार, महिला कांस्टेबल आरती को साथ लेकर बताये गये स्थान पर छापा मारा, तो वहां पहले से मौजूद एक महिला पुलिस को देख कर भागने लगी, जिसका पीछा कर पुलिस कर्मियों ने दबोच लिया और कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना नाम जोहरा पत्नी वरीश निवासी ग्राम महमुद मजरा रायपुर थाना मिर्जापुर बताया।

हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव पकरिया में 52 वर्षीय महिला पराना की हत्या उसके पति श्रीकेशन ने ही अवैध संबंध के शक में गला दबाकर की थी। शव को अपने खेत में गड्ढा खोदकर दबा दिया। इसके बाद थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को घटना का खुलासा कर आरोपी पति को जेल भेज दिया है एक सप्ताह पहले गांव पकरिया निवासी श्रीकेशन की पत्नी पराना का शव उसके ही खेत में दबा मिला था। पराना एक महीने से लापता थी। पति श्रीकेशन ने उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। बाद में पति ने ही पराना का शव खेत में दबा होने की पुलिस को जानकारी दी थी। हालांकि उस समय श्रीकेशन ने हत्या करने की बात स्वीकार नहीं की थी, लेकिन पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया।

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त श्रीकेशन उर्फ श्रीकृष्ण पुत्र गयादीन निवासी ग्राम पकरिया मजरा अग्गरखुर्द थाना फूलबेहड़ मुडिया गिरधरपुर तिराहे के पास मु0अ0सं0 34/2024 धारा 302/201 भादवि0 से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है उल्लेखनीय है कि अभियुक्त श्रीकेशन उर्फ श्रीकृष्ण उपरोक्त ने दिनांक 26.12.2023 को लिखित सूचना दिया की उनकी पत्नी श्रीमती उर्फ पराना देवी दिनांक 17.12.2023 से कही गुम हो गयी है। उक्त सूचना पर दिनांक 26.12.2023 को गुमशुदगी नं0 35/2023 पंजीकृत की गयी। दिनांक 25.01.2024 को श्रीकेशन उपरोक्त ने पुनः लिखित सूचना दिया की उनकी पत्नी का शव मेरे खेत के अंदर मिलने के संबंध में सूचना दिया प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ द्वारा मौके पर जाकर देखा तो खेत में शव गढ़ा होने की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को जरिये पत्राचार दिनांक 25.01.2024 को लिखित सूचना देकर बावत शव निकलवाये जाने के संबंध में आदेश प्राप्त कर दिनांक 26.01.2024 को नायब तहसीलदार अश्वनी कुमार की मौजूदगी में गढ़े हुए शव को निकलवाकर परिवारीजनों व ग्रामीणों से पहचान कराया तो अभियुक्त श्रीकेशन उपरोक्त ने अपनी पत्नी श्रीमती उर्फ पराना देवी का शव होना बताया। पोस्टमार्टम की कार्यवाही 04 डाक्टरों के पैनल की मौजूगी में वीडियोग्राफी सहित करायी गयी दिनांक 30.01.2024 को मृतिका श्रीमती उर्फ पराना देवी की भाभी राधा पत्नी स्व0 गुड्डू लोध ने आनलाइन सं0 92415300004301 पर शिकायत दर्ज कराया की उनकी नन्द मृतिका श्रीमती उर्फ पराना देवी को अभि0 श्रीकेशन उपरोक्त ने मारकर अपने ही खेत में दफन कर दिया गया था तथा दिनांक 30.01.2024 को थाने पर उपस्थित आकर लिखित तहरीरी सूचना भी दिया। सूचना के आधार पर अभियोग उपरोक्त पंजीकृत कर साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त श्रीकेशन उपरोक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है। अभियुक्त उपरोक्त थाने का मजारिया हिस्ट्रीशीटर है।

स्वच्छ पेयजल से शरीर रहता है स्वस्थ व निरोगः सलीम खान

सहारनपुर। जिला परियोजना समन्वयक अहमद सलीम खान ने कहा कि स्वच्छ पेयजल के सेवन से अनेक बीमारियों का सामना किया जा सकता है। इसलिए सभी को पेयजल की शुद्धता पर अधिक से अधिक ध्यान देना होगा। तभी वह स्वस्थ व निरोग रह सकेंगे।

अहमद सलीम खान आज यहां ग्राम मानकमऊ में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के अंतर्गत संस्था वेलफेयर एंड इल्सट्रेशन ऑफ नीडि ग्रामीण सोसाइटी, लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में लगे प्रशिक्षकों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रशिक्षकों को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को जन-जन तक पहुंचाने, भाषा एवं प्रचार-प्रचार के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति व्यवहार में परिवर्तन करने लाते हुए जुड़ने का आह्वान किया।

केन्द्रीय बजट 2024-25 में विकसित भारत की परिकल्पनाः आईआईए

बजट में एमएसएमई के लिए कोई प्रत्यक्ष घोषणा न होने पर जताया खेद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 2024-25 को आईआईए उद्यमियों ने रोजगार परक बताते हुए कहा कि इससे विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी और और देश की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। आज प्रताप मार्केट स्थित आईआईए भवन में इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना, चैप्टर सचिव अशोक छाबड़ा, चैप्टर कोषाध्यक्ष राही मक्कड़, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, राष्ट्रीय सचिव प्रमोद सडाना, विशेष आमंत्रित सदस्य आरकेधवन, शिवम गोयल, अनुज जैन आदि ने केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट का अवलोकन किया। चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अन्तरिम बजट आईआईए की आशा के अनुरूप ही था, क्योकि

इसमें हम बड़े बदलाव की आशा नही रख रहे थे। फिर भी जो घोषणाए वित्त मंत्री ने की है, उसके अनुसार आईआईए सरकार द्वारा देश को विकसित भारत बनाने की परिकल्पना का स्वागत करता है। वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण में जीडीपी की जो नई परिभाषा गवर्नेस, डवलपमेंट एंड परफोरमेंस दी है। उसका का भी आईआईए समर्थन करता है क्योकि इसके द्वारा ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। चैप्टर सचिव अशोक छाबडा ने बताया कि जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान जोड़ने का भी आई आईए स्वागत करता है। इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन अपने मिशन आईआईए 2.0 और ट्रांसफोर्मिंग एमएसएमई टूवर्ड 4.0 के अन्तर्गत भारत को विकसित बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। चैप्टर कोषाध्यक्ष राही मक्कड ने कहा कि सरकार द्वारा 25000 रू0 तक की प्रत्यक्ष कर की डिमांड वर्ष 2010 तक के लिए, 10000 रू0 की डिमांड वर्ष 2011 से 2015 तक को वापिस लिये जाने की घोषणा स्वागत योग्य कदम है। इससे जहाँ एक ओर कर दाताओं को राहत मिलेगी वहीं सरकारी मशीनरी पर भी काम का बोझ कम होगा। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी ने बताया कि वित्तमंत्री सीतारमन ने अन्तरिम बजट में टैक्स रिफोर्मस के बारे में जो कहा उसका आईआईए स्वागत करता है, अन्तरिम बजट होने के कारण हम टैक्स की संरचना में बदलाव की आशा नही रख रहे थे, परन्तु यह आवश्यक है कि इनकम टैक्स की भांति जीएसटी में भी फेसलैस सिस्टम प्रत्येक स्तर पर लागू किया जाए। वर्ष 2070 तक नेट जीरो की कमिटमेन्ट को पूरा करने के लिए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों का भी आईआईए स्वागत करता है।

स.पा.के दोनों प्रत्याशियों के एलान से जिले की सियासत गरमाई

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सपा के धौरहरा और खीरी सीट पर प्रत्याशियों के एलान के बाद से कांग्रेस में हलचल है। दोनों पार्टियों में टिकट बंटवारे को लेकर रार मची हुई है। वहीं, भाजपा प्रत्याशियों का एलान करने के बजाय चुनावी कार्यालय खोलकर संगठन के जरिये अपनी रणनीति को धार देने में लग गई है समाजवादी पार्टी की तरफ से एक दिन पहले धौरहरा और खीरी संसदीय सीट पर प्रत्याशियों के एलान से जिले की सियासत गरमा गई है। सपा में रहने के दौरान अपने ही विरोधियों से आजिज आ चुके कद्दावर नेता रवि वर्मा ने सपा का साथ छोड़ कांग्रेस का दामन थामा था, लेकिन अखिलेश यादव के प्रत्याशी का एलान करने के बाद से वह हैरान हैं उनका एक वीडियो भी सामने आया। जिसमें उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में काम करना मुश्किल था, सपा के जिम्मेदार आज भी मिलते हैं। हमारा विरोध करने वालों को यह देखना चाहिए कि मुद्दा भाजपा को हराना है या रवि वर्मा को। उन्होंने कहा कि भाजपा के जो सांसद मंत्री हैं, चार-चार लोगों का कत्ल किया है। गुनाह की परंपरा लेकर चल रहे हैं, उनको हराना मकसद है। जो हमारे खिलाफ मीटिंग कर रहे हैं, उनको हमारे साथ आना होगा रवि वर्मा की नाराजगी पर खबर आई कि वह सपा में वापसी कर सकते हैं। इस संबंध में रवि वर्मा की पुत्री और खीरी संसदीय सीट से चुनाव लड़ चुकीं पूर्वी वर्मा ने इसे अफवाह बताया। दावा किया कि वह कांग्रेस के साथ हैं।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हुयी धांधलेबाजी के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज चंडीगढ़ मेयर चुनाव में हुई धांधलेबाजी के विरोध में प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

आज युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुचे, जहां उन्होंने चंडीगढ मेयर चुनाव मे हुयी धांधलेबाजी के विरोध में प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस ने कहा कि जिस तरीके से चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने लोकतंत्र की हत्या करके अपना मेयर बनाया है भारतीय जनता पार्टी धांधली करके ही चुनाव जीत सकते हैं जो कि लोकतंत्र की हत्या और जनमानस की भावनाओ का चीरहरण है और यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला अध्यक्ष मुज्जफर चौधरी, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा और पूर्व पार्षद चंद्रजीत सिंह निक्कू ने कहा कि जिस प्रकार चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जो पीठासीन अधिकारी बनाया गया। चंडीगढ़ में भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष रह चुका है और लोकतंत्र के चीरहरण के लिए ही इस शख्स को पीठासीन अधिकारी बनाया गया, जिस प्रकार वीडियो वायरल में देखा जा सकता है कि डाले गए बैलेट पेपर पर स्याही लगा करके अवैध तरीके से अवैध घोषित किया गया, जबकि कांग्रेस आप गठबंधन के 20 वोट थे एवं भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोग के केवल 16 वोट थे निगम के इतिहास में पहली बार लोकतंत्र की हत्या करके कांग्रेस-आप 8 वोट अमान्य कर दिए। आज इसी को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालो में विधानसभा अध्यक्ष रामपुर मनिहारान संदीप डाबरे, विधानसभा अध्यक्ष गंगोह अब्दुल कादिर, जॉनी बिरला, विधानसभा अध्यक्ष बेहट रजत काम्बोज, सचिन, योगेश, विशाल, सतीश रामसर, नरेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष एससी एसटी मुनीश सहगल, मधु सहगल, राजीव बत्रा, जादोराम गुप्ता, रवि, हरिओम मिश्रा, धर्मपाल जोशी, प्रमोद, परभजीत सिंह, नसीब खान, राकेश वर्मा, सखावत अली खान, हरपाल सिंह आदि मौजूद रहें।

जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार का मासिक निरीक्षण

रायबरेली। जिलाधिकारी, रायबरेली, हर्षिता माथुर तथा पुलिस अधीक्षक रायबरेली, अभिषेक अग्रवाल, द्वारा कारागार का संयुक्त मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार की बैरकों का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से भी वार्तालाप किया गया। अधिकारियों द्वारा कारागार की अनुशासन व्यवस्था, देखकर पर्याप्त संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, हर्षिता मिश्रा, जेलर, हिमान्शु रौतेला, उपजेलर, अनिल कुमार विश्वकर्मा , धर्मपाल सिंह, ज्ञानलता पाल, कंचनलता मिश्रा, इन्द्रमणि शुक्ल, कारागार चिकित्साधिकारी, डा. सुनील अग्रवाल एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण सकुशल संपन्न हुआ।

राम अवतार सिंह यादव स्मारक प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लालगंज, रायबरेली। राम अवतार सिंह यादव स्मारक प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पूरे मेहरबान सिंह जमुवांवा लालगंज में प्रत्येक वर्ष की 31 जनवरी को आयोजित किया जाता है। जिसमें रायबरेली के अलावा पास पड़ोस के जनपदों से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बच्चे, नौजवान एवं बूढ़े लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम संयोजक अजय कुमार सिंह उर्फ बबलू यादव ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष अपने पिता की स्मृति में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। इससे ग्रामीण अंचल के बच्चों को पुलिस, अर्धसैनिक बल एवं फौज में भरती होने का रास्ता सुगम होता है ।उन्होंने बताया इसके अलावा ग्रामीण अंचलों से बैलगाड़ी दौड़, घोड़ा दौड़, साइकिल रेस आदि विलुप्त होती जा रही हैं। जिसको वह जिंदा रखते हुए इस आयोजन के माध्यम से लोगों में नया उत्साह भरने का काम करते हैं इस वर्ष युवा दौड़ में दुर्गेश यादव चंदईपुर ने प्रथम स्थान व आशीष यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं साइकिल दौड़ में अमन कान्हमऊ प्रथम व रवि शंकर यादव आसाराम का पूरवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। घोड़ा इरगा दौड़ में अमर सिंह दूलापुर प्रथम व इम्तियाज अहमद फतेहपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रेस घोड़ा दौड़ में निशू यादव नया का पूरवा ने प्रथम व राममिलन यादव चंदई रघुनाथगंज द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। प्रतियोगिता में मोटरसाइकिल चाल रेस का भी आयोजन हुआ। जिसमें नीरज मोहन सिंह का पुरवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र बैलगाड़ी दौड़ रही जिसमें चार पालियां में चार-चार बैलगाड़ियां दौड़ाई गई। जिनमें सुशील यादव घुरवारा,रामविलास उतरावां, लल्लू यादव बिंदा खेड़ा व दिनेश सेवनपुर ने प्रथम स्थान पाकर मुख्य दौड़ में शामिल हुए। प्रतियोगिता की मुख्य दौड़ में सुशील यादव घुरवारा प्रथम स्थान पाने में कामयाब हुए जबकि रामविलास उतरावां को पुनः द्वितीय स्थान पर संतोष करना पड़ा।

थाना परिसर गदा गंज में न्यायालय द्वारा दिए गए फ़ैसले पर संयम रखने की अपील

रायबरेली। दीन शाह गौरा गदा गंज, जनपद रायबरेली के थाना गदा गंज में न्यायालय के द्वारा दिए गए फ़ैसले के सापेक्ष एक इमामों, मौलवियों, संभ्रांत लोगों की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार डलमऊ शिवेंद्र प्रताप ने किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नायब तहसीलदार डलमऊ शिवेंद्र प्रताप सिंह व थाना गदा गंज क्षेत्र में एक सर्व समाज को एक सूत्र में पिरोने वाले थाना प्रभारी गदा गंज संतोष कुमार सिंह ने की उपरोक्त अधिकारी द्वय ने क्षेत्र में अमन चैन कायम रखने एवं किसी भी प्रकार से पैदा हुई समास्याओं का तुरन्त करवाने पर बल दिया थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि शासन के दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन कराया जायेगा कही कोई दिक्कत होती है तो वहां आप लोग कानून व्यवस्था बनाए रखें किसी भी कीमत पर कानून अपने हाथ में न ले हमारी पुलिस पग पग पर आपके साथ खडी है।

ताज ग्रुप व आई सी एच सी एल कंपनी के साथ मिलकर लोलपुर गांव मे बनायेगा होटल

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। जनपद के नवाबगंज ब्लाक के लोलपुर गांव मे ताज ग्रुप व आई सी एच सी एल कंपनी के साथ मिलकर बनायेगा होटल स्थानीय करीब दो हजार लोगों को मिलेगा लाभ करीब दस एकड़ मे फैले इस भूभाग पर बसंतपंचमी पर होगा भूमिपूजन गांव प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने दी जानकारी ।

जनपद के लोलपुर बस्ती हाइवे पर बसा ऐतिहासिक गांव लोलपुर ग्रुप आफ कंपनीज द्वारा बनाया जाएगा एक भव्य और विशाल होटल, होटल बनाने को लेकर गांव की हाइवे किनारे करीब दस एकड़ की जमीन का विजिट ताज ग्रुप व आईसीएचसीएल कंपनी की एक ग्यारह सदस्यों की टीम ने जमीन का निरीक्षण किया इस दौरान एक मिटिंग भी स्थानीय प्रधान प्रतिनिधि सहित अन्य लोगों साथ भी की गई करीब दो घंटे के मंथन के बाद विजिट टीम वापस राजधानी तरफ चली गई इस मीटिंग के बाबत प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने बताया कि ताज ग्रुप अपने एक सहयोग कंपनी साथ मिलकर करीब 10 एकड़ जमीन पर होटल बनाने जा रहा इसका निर्माण भारद्वाज ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड संभवतः करेगा यह जमीन ऐतिहासिक गांव जोक कि नेशनल हाईवे गोरखपुर बस्ती मार्ग पर स्थित लोलपुर गांव में फाइव स्टार होटल बनाने जा रही है।

स्वास्थ्य सेवाओं पर ग्रहण लगा रहे दलाल स्थानीय डाक्टर प्राइवेट अस्पतालों मे दे रहे समय

अवधनामा संवाददाता

नवाबगंज (गोण्डा)। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उम्दा चिकित्सक, दवाएं, पैथोलॉजी, एक्सरे जैसी सुविधाएं सभी मरीजों को के लिए कहने के लिए मुफ्त उपलब्ध हैं। पर दलालों की सक्रियता के चलते मरीजों को झेलना पड़ रहा है। यहा पर अभी भी अभी भी हड्डी रोग विशेषज्ञ की आवश्यकता है पर वह नही है जो डाक्टर है वह भी प्राइवेट अस्पतालों मे समय देकर मुनाफा कमाने मे व्यस्त है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र के अलावा वजीरगंज, तरबगंज, सोहावल, बस्ती बार्डर, वनटांगिया गांवों, टिकरी आदि क्षेत्रों के सैकड़ो मरीज अपना इलाज कराने आते रहते हैं जिनमें से अधिकतर मरीजों को दलालों का शिकार बनना पड़ता है स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अनजान बने रहते है, इन व्यवस्थाओं पर ग्रहण लगाने का काम सीएचसी के करके अपनी लैबों और दुकानों से मंहगी दरों पर जांच एंव दवाएं

आसपास स्थित निजी पैथोलॉजी लैब और मेडिकल स्टोरों के दलाल कर रहे हैं। दलाली की पराकाष्ठा यह है कि अब मरीजों को यहां इलाज कराना प्राइवेट चिकित्सालयों में इलाज कराने के बराबर लगने लगा है। दर्जनों की संख्या में ये दलाल ओपीडी के दौरान परिसर में ही मौजूद रहते हैं और मरीजों एंव तीमारदारों के पर्चे जबरन ले लेते हैं। ये वेल ट्रेंड दलाल मरीजों को गुमराह करके अपनी लैबों और दुकानों से मंहगी दरों पर जांच एंव दवाएं मरीजों को उपलब्ध कराते हैं। कुछ माह पूर्व अधीक्षक द्वारा इन दलालों की शिकायत लिखित रूप से प्रशासन की गई और इस समस्या का संज्ञान तेज - तर्रार उपजिलाधिकारी तरबगंज भारत भार्गव ने भी लिया था पर वह काफी नही हुआ । अस्पताल और स्थानीय प्रशासन की अकर्मण्यता के चलते ये दलाल लगातार सक्रिय रहते हैं और मरीजों की जेब पर डाका डाल रहे हैं।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्र-छात्राओं को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोलियां

गोंडा। महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर गोंडा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें शौचालय को साफ रखें सदैव हाथ साबुन से धोकर ही खाना खाए साथ ही साथ सब्जियों और फलों को अच्छी तरह धोकर ही खाएं एवं भोजन पूर्णता पका हुआ ग्रहण करें। उन्होंने आगे कहा कि आप सब छात्र-छात्राएं एल्बेंडाजोल की गोलियों का सेवन अनिवार्य रूप से करें तथा दूसरे बच्चों को भी दवाई लेने के लिए प्रेरित करें। बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एबेंडाजोल अतिआवश्यक है।

झारखंडेश्वर मंदिर का शीघ्र जीर्णोद्धार एवं सौंदरीकरण होगाः अजय अग्रवाल

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। अमावा निवासी भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव तथा पूरे रायबरेली जिले की जनता की मांग के चलते भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल आज केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट से उनके उनके दिल्ली स्थित आवास पर मिले तथा केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा रायबरेली के अमावा ब्लाक स्थित अति प्राचीन एवं सिद्ध झारखंडेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण हेतु ज्ञापन दिया । केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने पत्र पर आदेश करते हुए बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग से इस संबंध में रिपोर्ट एवं एस्टीमेट मांगा है। रिपोर्ट के प्राप्त होते ही वह केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से झारखंडेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदरीकरण के एस्टीमेट को स्वीकृत करेंगे।भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को धन्यवाद

देते हुए कहा कि झारखंडेश्वर मंदिर की बहुत बड़ी मानता है । यहां पर साल में लाखों लोग दर्शन के लिए आते हैं । उनके द्वारा यह कार्य करने से उनको भी महान पुण्य प्राप्त होगा।

कृमि संक्रमण से बचाव के लिए रखें छह सावधानी: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

- स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस
- छूटे हुए लाभार्थियों को पांच फरवरी को मॉप अप राउंड के दौरान दवा खिलाई जाएगी

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा है कि पेट में कृमि संक्रमण को रोकने के लिए बच्चों व किशोर किशोरियों में छह प्रकार की सावधानी जरूरी है। साथ ही उन्हें साल भर में छह-छह माह पर दो बार पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाना आवश्यक है।

यह बातें उन्होंने केंद्रीय विद्यालय से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारम्भ करते हुए गुरूवार को कहीं। जिलाधिकारी ने विद्यालय के विद्यार्थियों को दवा खिलाई गई। उन्होंने कहा कि जिले के 1680117 आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक से 19 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों को यह दवा खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश झा ने बताया कि बच्चों में स्वस्थ आदतों का विकास करके उन्हें कृमि से बचाया जा सकता है और इससे वह खुशहाल जिंदगी जी सकते हैं। शरीर में कृमि संक्रमण के कारण खून की कमी, कुपोषण, थकावट व बीमारी एवं कमजोरी की दिक्कत हो जाती है। इससे बचाव के लिए प्रत्येक छह माह में खिलाई जाने वाली दवा पूरी तरह से सुरक्षित है। इसी कड़ी में एक फरवरी को दवा खिलाई गई है। इसका सेवन शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सामने ही किया जाना चाहिए। अभियान में किसी कारण दवा न खाने वाले लाभार्थियों के अभिभावक, उनसे जुड़े शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उन्हें पांच फरवरी को मॉप अप राउंड के दौरान इस दवा का सेवन अवश्य करवा दें। उन्होंने कहा कि दवा का सेवन करने से कुछ बच्चों में जी मिचलाने, उल्टी और दस्त जैसे लक्षण आ सकते हैं जो स्वतः ठीक हो जाते हैं। दवा का सेवन हमेशा खाना खाने के बाद ही करना है। गर्भवती को दूसरे या तीसरे तिमाही के दौरान एक बार इस दवा का सेवन अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर डीपीएम पूनम, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी लालबचन चौधरी, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, विश्वनाथ मल्ल पर मौजूद रहे।

कृमि संक्रमण से बचाव के छह उपाय: नाखून साफ और छोटे रखें खाना ढक कर रखें खाने से पहले और शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद साबुन पानी से हाथ धोएं जब भी बाहर निकलें जूते पहनें पीने के लिए साफ पानी का इस्तेमाल करें हमेशा शौचालय का इस्तेमाल करें, खुले में शौच न करें, आसपास साफ सफाई रखें।

हॉट एयर बैलून उड़ाकर बुंदेलखंड महोत्सव की हुई भव्य शुरुआत, कल तक चलेंगे कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

उरई जालौन। पर्यटन विभाग व संस्कृति विभाग द्वारा जनपद में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में हॉट एयर बैलून, योगा, हेरिटेज वॉक, टेथर्ड फ्लाईटस, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ राजकीय इंटर कॉलेज उरई प्रांगण में किया गया।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चैहान, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्ति उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर अन्य प्रदेशों की उपस्थित लोकप्रिय कलाकारों द्वारा राई लोक नृत्य एवं गायन, उत्तर प्रदेश का नृत्य, लोकप्रिय गायन आदि कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विधायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि बुन्देलखण्ड एक बड़े भू-भाग क्षेत्र में विस्तारित है। बुन्देलखण्ड की परम्परायें, विरासतें, रीतिरिवाज एवं धरोहरें स्वयं में विशेष महत्व रखती है, जिनके दर्शनार्थ बुन्देलखण्ड में पर्यटकों का आवागमन होता है। इस क्षेत्र में पर्यटन की सम्भावना के विकास हेतु मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा बुन्देलखण्ड के 07 जनपदों झांसी, जालौन, ललितपुर, चित्रकूट, हमीरपुर, बांदा और महोबा में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव मनाने के निर्देश दिये गये है। उन्होने कहा कि बुन्देलखण्ड वासी अत्यन्त सौभाग्यशाली है कि उन्हें बुन्देलखण्ड महोत्सव का प्रत्यक्षदर्शी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जालौन में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव का आयोजन जनपदवासियों के लिए अत्यधिक गौरव की बात है।

डीएम-एसपी ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

उरई अवधनामा संवाददाता। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उरई नगर के मतदेय स्थल राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज उरई, राजकीय इण्टर कॉलेज उरई व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उरई का निरीक्षण कर जायजा लिया। मतदेय स्थलों पर विद्युत, शौचालय, शुद्ध पेयजल, रैम्प, सीसीटीवी कैमरा आदि की समुचित व्यवस्था पायी गई। उन्होंने उप जिलाधिकारी व सिटी मजिस्ट्रेट को मॉडल बूथ बनाने की निर्देश दिए। उसके पश्चात स्ट्रांग रूम का नवीन गल्ला मंडी कालपी रोड का निरीक्षण किया जिसमें निर्वाचन से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी(वि/रा) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, उपजिलाधिकारी सदर सुरेश पाल मौजूद रहे।

गणेशनगर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। गणेशनगर (गडेरना) प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का रामपुरा ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर ने फीता काट उद्घाटन किया।

गणेशनगर स्थित बड़ा तालाब ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को रामपुरा ब्लाक प्रमुख ने फीता काट कर उद्घाटन किया । मुख्य अतिथि ने टूर्नामेंट का पहला मैच खेल रही दोनों टीमों के कप्तानों व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।उद्घाटन मैच जनकपुरा व दमा के बीच खेला गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर में कहा कि किसी भी खेल को प्रेम भाव से मिल जुलकर आपसी सौहार्द बनाकर खेल की भावना से खेलना चाहिए। सभी खिलाड़ियों को मैं शुभकामनाएं देता हूँ कि आप सभी लोग मेहनत से खेले कभी भी खिलाड़ियों को हार को हार नही मानना चाहिए क्योंकि जब कोई हारता है तभी कोई जीतता हैं इस लिये हार से निराश नही होना चाहिये। परिश्रम करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहिए उन्होंने अपने सम्बोधन में आयोजन समिति का आभार प्रकट किया।

पं. दीनदयाल पसु आरोग्य मेले का किया गया शुभारंभ

बलरामपुर अवधनामा संवाददाता। श्रीदत्तगंज क्षेत्र ग्राम सभा बिटोणी में पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ रामनरेश यादव प्रधान द्वारा गौ पूजन एवं फीता काटकर किया गया। मेले में पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा कृत्रिम गर्भाधान बछिया कारण टीका करण नि शुल्क किया गया तथा पशु पालकों को पशुपालन संबंधी सभी जानकारी दी गई, मेले में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल गौतम पशुधन अधिकारी संजय कुमार पशुमित्र रामराज जयप्रकाश बुद्ध प्रिय रंजीत वर्मा संदीप कुमार व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रेमी ही निकला प्रेमिका का हत्यारा

काकोरी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सरिता हत्याकांड में सफलता हासिल कर हत्यारे को भेजा सलाखों के पीछे

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। काकोरी पुलिस ने एक युवक को अपनी प्रेमिका के हत्या के मामले में प्रेमी आशिक चन्द घंटो में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि वादी पिता ने दिनांक 31 जनवरी बुधवार को थाने में लिखित तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री सरिता उर्फ सविता निवासी ग्राम बहरू काकोरी का शव ग्राम बहरू निकट तालाब के पास नीम के पेड़ पर हत्याकर लटका दिया था। उसी मामले में बृजेश कुमार निवासी ग्राम बहरू काकोरी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। मुकदमा पंजीकृत होने के पुलिस ने टीम गठित करके मुखबिर की सूचना के आधार पर बृजेश कुमार को मेहंदीनगर अंडरपास से गिरफ्तार करते हुए अभियुक्त के कब्जे से एक ऑल्टो कार यूपी 32 सीई 9186 सहित दो मोबाइल फोन भी बरामद किया है जिसमें एक मोबाइल फोन मृतका का भी बरामद हुआ है अभियुक्त की कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त बृजेश ने बताया कि मृतका सरिता काफी समय से प्रेम था और वह शादी का दबाव बना रही थी जबकि मैं अभी शादी करना नहीं चाह रहा था इसलिए मैंने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और फिर उसके 100 को पेड़ पर लटका दिया था जिससे लोगों को लगे कि उसने आत्महत्या की है।

अच्छाइयों को फैला दो और बुराइयों को दफनाना चाहिए: राज्यपाल

अवधनामा संवाददाता

- पूज्य महाराज ने लखनऊ को भी राममय कर दिया है: नम्रता पाठक

लखनऊ। अयोध्या में भगवान श्री राम के आगमन के उपलक्ष्य में पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के पावन सानिध्य में भव्य दिव्य श्री राम कथा और श्री सीताराम यज्ञ का दिव्य आयोजन स्थान डी.ए.वी कॉलेज, ऐशबाग रोड नियर नाका थाना लखनऊ में 24 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक किया गया।

आज कथा में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमति आनंदीबेन पटेल जी पधारीं और पूज्य महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त कर कथा का श्रवण किया। कथा के मुख्य यजमान उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी, डी.ए.वी कॉलेज प्रबंधक श्री मनमोहन तिवारी जी एवं प्रमुख यजमान - श्री सर्वेश पाण्डेय जी, श्री मुरलीधर आहूजा जी, श्री अंशु गुप्ता जी, श्री अरविन्द सिंह जी, श्री सुरेश मिश्रा जी, श्री नितिन गुप्ता जी पधारे एवं आरती पूजन किया। श्री राम कथा के समापन दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य महाराज जी ने भक्तों को तेरे नाम की ओढ़ चुनरिया, मैं तो नाचू बीच बाजार में भजन का श्रवण कराया। उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी की धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता पाठक जी ने कहा कि पूज्य महाराज श्री ने नौ दिन तक श्री रामकथा का जो रसपान कराया है जिसे सुनकर हम इतने भावविभोर हो गए है कि हम आपको इस दिव्य आयोजन से कैसे विदा करेंगे।

पूज्य महाराज श्री ने लखन वासियों को भी राममय कर दिया है। प्रभु श्री राम कलयुग के मनुष्य का कल्याण करने के लिए फिर से राम मंदिर के रूप में प्रकट हुए हैं। भगवान के कार्य में जुड़ना उनकी सेना में शामिल होने के समान है। भगवान से की गयी प्रार्थना कभी भी निष्फल नहीं जाती। भगवान के पास सब कुछ है इसलिए कोई भी भगवान को आशीर्वाद नहीं दे सकता क्योंकि भगवान अपने भक्तों की नहीं बल्कि उनकी वाणी की भी रक्षा करते हैं। जब इंसान को मृत्यु आनी ही है तो मानव को राम का होकर मरना चाहिए। जो इस देश में श्री राम को गाली देगा वह सम्मान के लायक नहीं है। हमें अपने सनातन को आगे बढ़ाना चाहिए ना की बल्कि राम के विरोध करने वालों को क्योंकि जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं और जो राम का है वही काम का है।

नवागंतुक डीएम ने लोकसभा चुनाव को दी प्राथमिकता

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। नवागंतुक डीएम डॉ वीके सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद कलेक्ट्रेट के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी सदर न्यायालय का डीएम ने निरीक्षण किया न्यायालय में कुर्सी समेत बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम सदर न्यायालय में डीएम ने पेशकार से लंबित मुकदमों की जानकारी ली। पेशकार ने बताया की कुल 648 मुकदमें लंबित है,210 मेडबंदी से संबंधित मुकदमा हैं। डीएम ने एसडीएम सदर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को मेड़बंदी से संबंधित मुकदमों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए हैं। डीएम ने बंदोबस्त कार्यालय एडीएम कार्यालय सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों का निरीक्षण किया। निर्वाचन कार्यालय का डीएम डॉ वीके सिंह ने निरीक्षण किया द्य मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर कर्मचारियों से जानकारी ली। कर्मचारियों ने बताया कि प्रति बूथ 15 नए मतदाता बनाने का लक्ष्य मिला है। डीएम ने कहा कि यहां पर तैनात सभी कर्मचारी अच्छे ढंग से काम करे। सिर्फ कंप्यूटर कंप्यूटर ना खेला जाए अगर कोई भी लापरवाही मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एडीएम ने निर्वाचन कार्यालय में विगत समय में घटना के संबंध में डीएम को जानकारी दी है। डीएम ने पत्रकार बर्तन धारण कहां की वार्ता के दौरान कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन कल्याण कारी योजनाओं का बेहतर ढंग से लागू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार करने की डीएम ने बात कही है। कलेक्ट्रेट के फरियादियों को बार बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेगें। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जायेंगे, तहसील स्तर पर ही शिकायतों का सही तरह से निस्तारण किया जाए। फर्जी निस्तारण के सवाल पर डीएम ने कहा की अगर ऐसे मामले सामने आएंगे तो कार्यवाही अवश्य की जाएगी। शहर में अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या के सवाल पर बोले कि जल्द ही समाधान होगा। उन्होंने कहा कि महा योजना 2031 पर आई 4000 से अधिक आपत्तियों के सवाल पर डीएम ने संबंधित विभाग से जवाब तलब करने की बात कही है।

पिता ने पुलिस को पुत्री भाग ले जाने की दी तहरीर

अमृतपुर फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र के किसी गांव निवासी ओमवीर ने पुलिस को किशोरी को भगाने का आरोप लगाते हुए। पड़ोसी गांव गुडेरा की कोटेदार निशा देवी ब उनके के पुत्र अभिषेक कुमार व अनीश कुमार पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है द्य पिता ने नाबालिग पुत्री को गणतंत्र दिवस पर एस आर आर यस पब्लिक स्कूल रतनपुर पमारान में शामिल होने की कह कर आई थी। जब देर शाम तक पुत्री घर पर नहीं पहुंची पता करने पर ज्ञात हुआ कि गुडेरा निवासी कोटेदार निशा देवी का पुत्र अनीश कुमार किशोरी को अपनी बाइक पर बैठाकर भाग ले गया किशोरी का पिता जब अनीश के घर पहुंचा वहां पर उपस्थित निशा देवी व भाई अभिषेक ने कहा कि तुम्हारी पुत्री के साथ अनीश की शादी करनी है यदि तुमने कहीं शिकायत की तो पुत्री का सब मिलेगा घबराए पिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर कोटेदार निशा देवी अभिषेक कुमार अनीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिक लड़की बरामद करने का प्रयास तेज कर दिया है।

मैनपुरी के दौरे पर रहेंगे पर्यटन मंत्री

मैनपुरी अवधनामा संवाददाता। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 03 फरवरी को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी प्रातः 09.15 बजे से शिविर कार्यालय निकट रेलवे क्रॉसिंग करहल रोड पर जन समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01.15 बजे भैरों बाबा मंदिर प्रांगण औड़ेन्य पड़रिया में भैरों बाबा मंदिर एवं शारदा बाई आश्रम पावर हाउस रोड के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास, अपरान्ह 02.15 बजे पाण्डव कालीन महादेव मंदिर ग्राम भांवत के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास करेंगे तद्ोपरांत अपरान्ह 03.30 बजे ए.के. वैश्य मैरिज होम घिरोर में नगर पंचायत घिरोर के 41वें स्थापना दिवस समारोह में सम्मिलित होने के उपरांत अपरान्ह 04.30 बजे निज आवास के लिए प्रस्थान करेंगें।

तीन आरोपियों पर केस दर्ज

कोंच अवधनामा संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में घर में घुसकर युवती के साथ छेड़खानी करने, विरोध करने पर युकती की पिटाई करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज करने से साथ ही पुलिस में मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। युवती के पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 31 जनवरी 2024 की है। जब मेरी पुत्री घर पर गृह कार्य मे व्यस्त थी तभी मुहल्ले के ही निवासी इस्तखार कुरैशी पुत्र हलीम व हबीब पुत्र कलीम और बिलाल पुत्र राजू एक राय होकर घर मे घुस आए और गलत नियती से पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगे जब पुत्री ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने धारा 452/354/323/504/506 आईपीसी में मुकद्दमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

दहेज लोभियों ने की नवविवाहिता की बेरहमी से पिटाई

अवधनामा संवाददाता

- पुलिस ने नहीं की सुनवाई तो पीड़ित महिला पहुंची डीएम दफ्तर

उरई। दहेज उत्पीड़न और मारपीट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं ऐसा ही एक मामला उरई कोतवाली क्षेत्र से सामने आया है जहां दहेज की खातिर ससुरालीजनों ने नवविवाहिता के साथ बेरहमी से पिटाई कर दी और मारपीट कर मरणासन्न के उपरांत भी जब पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की तो पीड़िता गुरुवार को अपने भाई व भाभी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची जहां पर डीएम को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए पीड़िता के भाई जगपाल पाल पुत्र ख्यालीराम पाल निवासी ग्राम बामार थाना ऐरच जनपद-झांसी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने अपनी छोटी बहन पूजा पुत्री ख्यालीराम पाल की शादी 21 मई 2023 को अतुल पाल पुत्र फूल सिंह चौकीदार निवासी ग्राम बडेरा थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन के साथ की थी। प्रार्थी की बहन पूजा के ससुराल वाले शादी के बाद से ही पूजा को परेशान करने लगे और कहने लगे कि अपने बाप, भाई से 15 लाख रूपये और लेकर नहीं तो मत आना जब कि पूजा के पिता कर्ज लेकर इन्हें 7 लाख रूपये में शादी तय हुई थी लेकिन शादी के बाद से अतुल पाल के पिता अपने दामाद लोकेन्द्र पाल को बामौर भेजा और यह कहलवाया कि 3 लाख रूपये और दे तो मैं बारात लेकर आऊँगा नहीं तो नहीं आऊँगा। लेकिन प्रार्थी के पिता पहले भी कर्ज लेकर कर रहे थे तो उन्होंने लोकेन्द्र पाल से झूठा बादा कर लिया कि हम 3 लाख रूपये और देगे तभी यह लोग बारात लेकर आये थे।यह भी बताया कि 20 जनवरी 2024 को अतुल पाल व पिता फूल सिंह, माता ममता व बहन निशा पत्नी लोकेन्द्र पाल ने पूजा से पैसे के लिये फिर बोला और कहा कि तुम अब 15 लाख रूपये लेकर आना नहीं तो मत आना तो पूजा ने कहा कि में अब एक रूपये के लिये अपने बाप भाई से नहीं कहेंगी और न ही इस घर से जाऊँगी तभी अतुल पाल व फूल सिंह ने मेरी बहन पूजा को मारने लगे जिससे उसके शरीर पर चोट व दोनों हाथों में गम्भीर चोटे और शरीर के अन्य भागों में भी चोटे आयी है तथा मारपीट करने के बाद पूजा को घर के अन्दर बन्द कर दिया 3 दिन तक उसे खाना पानी भी नहीं दिया। लेकिन 28 जनवरी 2024 को पूजा को अपने ससुर फूल सिंह का मोबाइल मिल गया जिससे पूजा ने चोरी से 100 नम्बर में फोन लगा दिया तभी 100 नम्बर वाली पुलिस घर गई और पूजा की हालत देखकर उन्होंने फूल सिंह से ये कहा कि इसकी इतनी हालत खराब है तुम लोग तुरन्त अस्पताल लेकर जाओं तनी फूल सिंह अपने बेटे अतुल को बुलाया और कहा कि इसे मोटर साईकिल से ले जाना और रोड पर इसे गिरा देना तो मर जादेगी और मैं गांव का चौकीदार है। में थाना कोतवाली देख लूगा लेकिन 100 नं. की पुलिस ने अस्पताल ले जाने के लिया बोलकर चली गई थी, तो मेडिकल कालेज लेकर गये और डाक्टर से यह बोले कि मोटर साईकिल से गिर गयी है तभी डाक्टर ने इनों प बना दिया और कुछ दवायें भी दी थी। जिन्हें भी कहीं फेंक दिया था।पीड़िता के भाई ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वह बहन पूजा की ससुराल पहुंची तो देखा कि पूजा की हालत बहुत खराब है तुरन्त पर फोन करके एम्बुलेंस बुलवाई और पूजा को तुरन्त महिला थाने लेकर गया तो लोग कोतवाली वालों ने तुरन्त जिला अस्पताल उरई भेज दिया जहां पर प्रार्थी की बहन का इलाज चल रहा है। पीड़ित के भाई ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग उठाई है।

कोतवाली कांड की 20 वीं बर्षी पर याद किये गए शहीद

कोंच। आज से ठीक 20 बर्ष पूर्व कोतवाली में हुये भीषण नरसंहार में मारे गये तीन जांबाजों रोडवेज कर्मचारी यूनियन के पूर्व मंडलीय पदाधिकारी महेन्द्रसिंह निरंजन, मथुराप्रसाद महाविद्यालय प्रबंध समिति के तत्कालीन मंत्री सुरेन्द्रसिंह निरंजन व उनके अभिन्न मित्र पत्रकार ऋषि झा के पिता दयाशंकर झा को उनकी बीसवीं पुण्य तिथि पर याद किया गया। इस अवसर पर मथुराप्रसाद महाविद्यालय में एसडीएम ने पौधा रोपण किया गया तथा उन्हें याद किया गया। मथुराप्रसाद महाविद्यालय कोंच में शहीदों की याद में आधा दर्जन बृक्षों का रोपण किया गया।

सूचना

मैं शहनवाज़ पुत्र मो. शमीम निवासी 283/231 हरचंद्रपुर गढ़ी कनौरा पोस्ट मानक नगर जिला लखनऊ का हुँ मैंने अपना नाम शहनवाज़ से बदलकर मोहम्मद शहनवाज़ रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मोहम्मद शहनवाज़ के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

मैं शोएब अली सैयद (SHOEB ALI SYAD) पुत्र सैयद युसुफ अली निवासी 628/एसएच/251/1, शक्ति नगर, फ़ैज़ाबाद रोड, इन्दिरा नगर, लखनऊ का हूं मैंने अपना नाम शोएब अली सैयद से बदलकर सैयद शोएब अली (SYED SHOEB ALI) रख लिया है अब भविष्य में मुझे सैयद शोएब अली के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश AHMADUL FATTAH (अहमदुल फत्ताह) लिख गया है जबकि मेरे नाम की सही स्पैलिंग AHMADULFATTAH (अहमदुलफत्ताह) है जो मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है।

अहमदुलफत्ताह
पिता-जमाल अहमद
पता-खिहारन, पोस्ट-बरुन बाज़ार, थाना-इनायत नगर, तहसील-मिल्किपुर
अयोध्या-224127

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी.एन.रोड, लखनऊ- 226001 (उ.प्र.)

ई-मेल nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स 0522-2622440

संख्या : D-962/EE/23-24 दिनांक : 31.01.2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 12-02-2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 09-02-2024 तक अपरान्हन 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेबसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 12-02-2024 को अपराहन तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को 12-02-2024 को अपरान्ह 4 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खाली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू0 में	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 % जी.एस.टी.	कुल निविदा मूल्य
1	शिवरी स्थित प्लान्ट पर गेट नं0-02 पर गेट के बगल में वे-बृज स्थापित किये जाने हेतु आवश्यक निर्माण के सम्बन्ध में। पार्ट-1	514612.00	51461	2 माह	515	93	607
2	शिवरी स्थित प्लान्ट पर गेट नं0-02 पर गेट के बगल में वे-बृज स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में पार्ट-2	827160.00	82716	2 माह	827	149	976
3	शिवरी स्थित प्लान्ट पर गेट नं0-02 पर गेट के बगल में वे-बृज स्थापित किये जाने आवश्यक निर्माण के सम्बन्ध में। पार्ट-3	616273.00	61627	2 माह	616	111	727
4	शिवरी स्थित प्लान्ट पर गेट नं0-02 पर गेट के बगल में वे-बृज स्थापित किये जाने आवश्यक निर्माण के सम्बन्ध में। पार्ट-1	514612.00	51461	2 माह	515	93	607
5	शिवरी स्थित प्लान्ट पर गेट नं0-02 पर गेट पर लेबर कालोनी के बगल में वे-बृज स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में। पार्ट-2	827160.00	82716	2 माह	827	149	976
6	शिवरी स्थित प्लान्ट पर गेट नं0-02 पर गेट पर लेबर कालोनी के बगल में वे-बृज स्थापित किये जाने आवश्यक निर्माण के सम्वन्ध में। पार्ट-3	616273.00	61627	2 माह	616	111	727
7	शिवरी प्लान्ट में आफिस के चारों तरफ सी0सी0 रोड का कार्य।	761897.00	76190	2 माह	762	137	899
8	शिवरी प्लान्ट में गेट नं0-1 से पैनल रूम तक मार्ग पर सी0सी0 एवं जी0एस0बी0 का कार्य (पार्ट-बी)	845689.00	84569	2 माह	846	152	998
9	शिवरी प्लान्ट में प्रस्तावित शेड में प्लेटफार्म के नीचे ब्रिक ब्लास्ट का कार्य।	602875.00	60288	2 माह	603	109	711
10	शिवरी प्लान्ट ने प्रस्तावित नए शेड के लिए फाउन्डेशन का कार्य। (पार्ट-बी)	836568.00	83657	2 माह	837	151	987
11	शिवरी प्लान्ट में प्रस्तावित नए शेड के लिए फाउन्डेशन का कार्य। (पार्ट-सी)	730617.00	73062	2 माह	731	132	862
12	शिवरी में आफिस के अन्दर मरम्मत एवं निर्माण का कार्य।	765056.00	76506	2 माह	765	138	903
13	शिवरी प्लान्ट में प्रस्तावित नए शेड के लिए फाउन्डेशन का कार्य। (पार्ट-ए)	834580.00	83458	2 माह	835	150	985
14	शिवरी प्लान्ट में गेट नं0-1 से पैनल रूम तक मार्ग पर सी0सी0 एवं जी0एस0बी0 का कार्य (पार्ट-ए)	846201.00	84620	2 माह	846	152	999

शर्तें

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
02. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा0)/ 06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
03. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
04. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
05. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

पर्यावरण अभियन्ता

मोबाइल दुकान में हुई चोरी का खुलासा

पुलिस ने 24 घंटे में तीन को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। कोतवाली पुलिस के अथक प्रयास से 24 घंटे में घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को भिटौरा स्थित कुटी के पास से गिरफ्तार चोरी की 15 मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली क्षेत्र के महबूबगंज कस्बे में मोबाइल दुकान से हुई लाखों की चोरी के मामले में तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी ने मौर्य इलेक्ट्रॉनिक के प्रोपराइटर लवकुश मौर्य के दुकान से 15 मोबाइल तथा सर्वेश तिवारी के घर में कूद कर एक एलइडी टीवी व 20 किलो सरसों से भरी बोरी के चोरी की घटना का जुर्म स्वीकार कर लिया। आईपीएस सीओ सदर अरुण कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को गोसाईंगंज कोतवाली में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि गोसाईगंज थाना प्रभारी परशुराम ओझा पुलिस जवानों की पीठ थपथपाते बताया कि सोनू पाल पुत्र राकेश पाल थाना गोसाईगंज क्षेत्र काजीपुर गाडर का निवासी के उपर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 10 से अधिक मुकदमे दर्ज है। दो बार जेल भी जा चुका है। दूसरा अभियुक्त त्रिभुवन पुत्र बुद्धु लाल विश्वकर्मा तीसरा अभियुक्त शैलेंद्र पुत्र शिवपूजन गौड निवासी सुजानपुर शेरवाघाट गोसाईगंज थाना क्षेत्र का निवासी है जो अपने पड़ोसी सर्वेश तिवारी के घर में कूद कर एलइडी टीवी 20 किलो सरसों को उठा ले गया। गिरफ्तारी करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक परशुराम ओझा, उप निरीक्षक रामचंद्र मौर्य, उप निरीक्षक कमलेश कुमार, कांस्टेबल अनुराग कुमार, कांस्टेबल महेंद्र कुमार, कांस्टेबल नरेंद्र कुमार रहे।

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में 31 जनवरी की शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की माह जनवरी 2024 की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा सर्वप्रथम विगत बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा उद्यमियों की समस्याओं एवं सुझावों को गम्भीरता के साथ सुना गया तथा सम्बंधित अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता पर निराकरण कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र गद्दौपुर में एफसीआई गोदाम के सामने जाम की समस्या के निदान हेतु उद्यमियों के सुझाव पर एफसीआई गोदाम व एनएच 27 के बीच स्थित सर्विस लेन का नगर निगम को सफाई कराने तथा जाम से निजात हेतु उस सर्विस लेन पर खुलने वाले एफसीआई गेट का उपयोग करने के निर्देश दिये। इस दौरान अवगत कराया गया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत 30 जनवरी 2024 तक सारथी पोर्टल पर कुल 423 ओ0एम0यू0 आये है, जिसमें से 182 निवेश 17 विभागों के 9655 करोड़ के ग्राउण्ड ब्रेकिंग सरमोनी के लिए तैयार है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की तथा सम्बंधित विभागों को समस्त लम्बित प्रकरणों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त समस्याओं को निर्धारित समयावधि के अंदर ही अनिवार्य रूप से सभी विभाग निस्तारित करें।इस अवसर पर नगर आयुक्त, जिला कृषि अधिकारी सहित यूपीनेडा, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन, बैंक, यूपीसीडा, विद्युत विभाग सहित उद्यमीगण उपस्थित रहे।

रेल मंत्री से जनता की आवाज मेमो ट्रेन चलाई जाए

अयोध्या। अयोध्या से बनारस तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद होने पर अयोध्या गोसाईगंज अकबरपुर टांडा शहजादपुर मालीपुर जौनपुर होते हुए बनारस तक के व्यवसाईयों को रामनगरी अयोध्या धाम को जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यहां से चलने वाली पैसेंजर ट्रेन काफी दिनों से बंद है जिससे कटेहरी विधानसभा के व्यापारियों के लिए कोई सस्ता सुलभ साधन नहीं है जिससे वह जाकर अपना व्यापारिक कार्य के साथ रामलला का अयोध्या मे दर्शन कर सकें। इसके लिए व्यापारियों ने रेल मंत्री को बकायदे पत्र लिखकर अपनी मांग दोहराई है। पत्र कटेहरी बाजार के व्यवसायी नेता ओम प्रकाश चौरसिया मोहनलाल गौड़ अशोक कुमार मोदनवाल सुरेश सोनी गणेश मोदनवाल सुशील पाठक ने रजिस्टर डाक से पत्र भेजकर रेल मंत्री से मांग की है। इसका समर्थन यहां के भारतीय जनता पार्टी के महानगर कार्यालय मंत्री बबलू मिश्रा अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जनार्दन दुबे बब्बन प्रसाद चौबे अंबेडकर नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष नरसिंह नारायण सिंह गोसाईगंज के व्यापारी नेता रंजीत कुमार अरविन्द सिंह पत्रकार नेता वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपजाअयोध्या जय प्रकाश गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह आदि ने जनता की परेशानियों को देखते हुए इसे अति आवश्यक बताया है।

ब्लॉक स्तरीय एफपीओ की बैठक संपन्न

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की बैठक कंपनी के चेयरमैन बीपी पांडे के आवास ग्राम सभा धमथुआ ब्लॉक मिल्कीपुर जनपद अयोध्या पर संपन्न हुई ।बैठक में सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं तथा वर्तमान कृषि को व्यापारिक बनाने के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया बैठक को संबोधित करते हुए कंपनी के चेयरमैन बी पी पांडे ने बोर्ड के सदस्यों को बताया कि फ्रूट प्रोसेसिंग, सीड प्रोसेसिंग तथा फूड प्रोसेसिंग में कृषि व्यापार की अपार संभावनाएं हैं जिसका तकनीकी ज्ञान लेकर हम किसानों के आमदनी को दूना कर सकते हैं इसके अतिरिक्त इंटीग्रेटेड फार्मिंग हाइड्रोपोनिक्स जैसी कृषि विधाये किसानों को न केवल आर्थिक रूप से सक्षम करेंगे बल्कि पर्यावरणीय दशाओं को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर कंपनी के ब्लॉक समन्वयक अरविंद गुप्ता कंपनी के सीईओ अंजली पांडे लेखाकार सुधांशु शुक्ला आज उपस्थित रहे।

यह बजट अडानी, अंबानी के लिए लाया गया है: सत्यभान सिंह

अयोध्या। केन्द्रीय बजट को जनविरोधी करार देते हुए शहीद भगतसिंह ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि बजट चुनाव को देखते हुए लाया गया है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण चीजें दरकिनार की गई है। केन्द्रीय सरकार का बजट वास्तव में चुनाव जीतने का नमूना है उससे आवाम को अलग थलग किया गया है, जनता को वादों के सहारे जिन्दा रहने को बेबस किया गया है। यह बजट अडानी, अंबानी के लिए लाया गया है। इस बजट महिला, किसान, मजदूर, नौजवान और छात्रों के लिए कोई ठोस योजना नही है, यह बजट जनविरोधी है।

अयोध्या धाम में सतगुरु दलीप महाराज का चलता रहेगा भंडारा

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लला के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं भक्तों का राम लाल के दर्शनार्थ ताता लगा हुआ है । दुनिया भर के श्री राम भक्तों के साथ-साथ देश के सभी धर्म के लोग भगवान श्री राम लला की सेवा में अपना-अपना अपने-अपने तरीके से योगदान दे रहे हैं। इसी उपलक्ष्य में पंजाब से सद्गुरु दिलीप सिंह महाराज के द्वारा हनुमान गुफा मंदिर के प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन चल रहा है । जो मकर संक्रांति से लेकर मार्च तक अनवरत जारी रहेगा । आने वाले श्रद्धालु इसमें भोजन प्रसाद पा सकेंगे तथा अयोध्या धाम के समस्त भक्तजन साधु महात्मा भी प्रसाद पा रहे हैं । आज इस भव्य भंडारे में 1000 साधु संतों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया ।साधु संतों के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन किया। तेजेंदर सिंह नामधारी अमर कीर्ति सिंह नामधारी ने बताया कि यह भंडारा 1 मार्च तक अनवरत जारी रहेगा। भक्ति भाव की भीड़ को देखते हुए अगर हो सकेगा तो इससे आगे भी भंडारा चलता रहेगा।

नवागत सीडीओ ने कार्यभार किया ग्रहण

बाराबंकी। सुथान अब्दुल्ला, आईएएस ने आज बाराबंकी के मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। श्री सुथान अब्दुल्ला 2020 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और इससे पूर्व वह जनपद प्रयागराज में बतौर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर चुके हैं। वह मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले हैं। उन्होंने पूर्व में इसी पर रहीं एकता सिंह का स्थान लिया है। जिनका स्थानांतरण गैर जिले के लिए हुए है।

माइनर कटने से घुसे पानी ने गांव को बनाया तालाब ग्रामीणों ने सम्भला मोर्चा

हैदरगढ़ बाराबंकी। त्रिवेदीगंज क्षेत्र में एक गांव के पास से गुजरी शाहपुर माइनर कट गई, जिससे पानी तेजी से गांव में भरने लगा। गुरुवार की सुबह लोग उठे तो गांव में चारों ओर पानी ही पानी नजर आया। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फोन कर माइनर की पटरी मरम्मत करने की सूचना दी। विकास खंड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के दौलतपुर गांव निवासी मुखिया के खेत के पास शाहपुर माइनर कट जाने से गांव में पानी भर गया। ग्रामीण खलील अहमद, अजीज अहमद, रवि सिंह, अशोक शर्मा, राममिलन वर्मा, विनोद वर्मा के घर के आस-पास पानी भरने से आवागमन बंद हो गया। गांव से होकर पानी खेतों की ओर भी पहुंच गया। करीब 50 बीघा आलू सरसों का गेहूं की फसले जलमग्न हो गई। ग्रामीणों ने बांस, बल्ली लगाकर और टीन की चद्दर डालकर पानी रोकने का प्रयास किया लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण इंतजाम बह गए। सींचपाल को नहर काटने की सूचना दी। लेकिन अभी तक मौके पर नहर पटरी मरम्मत करने के लिए कर्मचारी नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने रेगुलेटर से पानी बंद कर दिया है।

विदाई समारोह में खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव के कार्यों की प्रशंसा

अवधनामा संवाददाता

बीकापुर। गैर जनपद स्थानांतरित हुई खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव का बृहस्पतिवार को विदाई समारोह विकासखंड सभागार में संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ तथा प्रधान संघ एवं स्थानीय कर्मचारियों के तत्वाधान में आयोजित विदाई समारोह में खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव के कार्यों की प्रशंसा हुई। भारी तादाद में उपस्थित विकास खंड मया बाजार और बीकापुर के ग्राम प्रधानों ने अनुभव साझा करते हुए 4 माह के छोटे कार्यकाल को अच्छा बताया गया। इस मौके पर प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह और जिला सचिव मुकुल आनंद ने कहा कि बीकापुर विकासखंड पर सिर्फ चार माह की तैनाती के दौरान महिला खंड का अधिकारी का व्यवहार ग्राम प्रधानों पंचायत कर्मियों और आम लोगों के प्रति स्नेहवत और मित्रवत रहा। अपने कार्यों के प्रति वह हमेशा संवेदनशील रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी उषा शर्मा, रवींद्र वर्मा, अवनीश शुक्ला के अलावा प्रधान संघ के अध्यक्ष विशाल सिंह, प्रधान गण मोबीन अहमद, मुकुल आनंद, सोनू, विजय गौड, अनिल तिवारी, बृज कुमार यादव, मेवालाल चौहान ने पुष्प गुच्छ भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी गई। सफाई संघ के संतोष शर्मा अजय कुमार, सालिक राम, ग्राम पंचायत अधिकारी नरेंद्र वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, धनंजय मौर्य, सृष्टि सिंह, अंजू वर्मा राजेश चौधरी के अलावा ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने किया। स्थानांतरण के बाद विदाई कार्यक्रम में सहयोगी कर्मियों ग्राम प्रधानों से मिलकर खंड विकास अधिकारी भावुक हो गई। और बताया कि सभी ने कार्यकाल के दौरान उनका अच्छा सहयोग रहा।

अनवरत भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में 23 जनवरी से चल रहे अनवरत भंडारे में गुरुवार को हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुरू हुआ यह भंडारा 2 महीने तक चलेगा। दूर दराज से आने वाले राम भक्तों को यहां श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा है। सुबह से लेकर देर शाम तक चलने वाले इस भंडारे में प्रतिदिन हजारों लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इसी गुरुवार को भी बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही राम भक्तों की लंबी कतारे लगी रही। गुरुवार को करिअप्पा मंडल के अध्यक्ष अध्यक्ष रवि सोनकर के नेतृत्व में पूरी टीम ने श्रमदान किया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि राम भक्तों के लिए भाजपा ने हमेशा पलक पांवड़े बिछाए रही हैं। भाजपा और राम भक्तों का हमेशा से गहरा नाता रहा है। यही नहीं उन्होंने बताया कि पार्टी ने 21 स्थानो पर राम भक्तों के लिए वृहद भंडारे का आयोजन कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से दिन रात सेवा में लगे हुए हैं। गुरुवार को सेवा करने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता दिव्य प्रकाश तिवारी मंडल महामंत्री वीरेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष सचिन सरीन समेत तमाम कार्यकर्ता लग रहे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल टैबलेट

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष में सेंट मैरीज स्कूल चिलकाना रोड में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को पेट के कीड़ों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कृमिनाशक एल्बेंडाजोल टैबलेट बच्चों को खिलाई गई। सेंट मैरीज स्कूल चिलकाना रोड पर आज कार्यक्रम का शुभारंभ मेयर डॉक्टर अजय सिंह, सीएमओ डॉक्टर संजीव मांगलिक, एसीएमओ डॉक्टर संजय यादव, प्रिंसिपल सुषमा बजाज ने सरस्वती माता के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कृमि दिवस के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर मेयर डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कमी मुक्ति दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमो का होना छात्रों के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को पेट की कीड़ों के बारे में और स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सीएमओ डॉक्टर संजीव मांगलिक ने बच्चों से अनुरोध किया कि वह एल्बेंडाजोल की टेबलेट को जरूर खाएं और साथ ही अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें उन्होंने अभिभावकों से भी अनुरोध किया की सभी अभिभावकों की यह जिम्मेदारी है कि विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अपने बच्चों को कर्मी नाशक गोली जरूर खिलाएं। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाथों से बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई। प्रिंसिपल सुषमा बजाज ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा जाए। इसलिए जहां बच्चों का समय-समय पर स्वास्थ्य चेकअप किया जाता है, वहीं सभी बच्चों को कर्मी नाशक गोली खिलाई जाएगी और इसके लिए बच्चों व अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा।

लता चौक से टेढ़ी बाजार के बीच नो व्हीकल जोन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। श्रीराम मंदिर में दर्शन के लिए होने वाली भीड़ के मद्देनजर लता चौक से टेढ़ी बाजार के बीच नो व्हीकल जोन बना दिया गया है। कोई भी वाहन इधर से नहीं जा सकेगा। ज्यादा भीड़ होने की दशा में दो पहिया वाहनों को भी रोक दिया जाएगा।प्राण प्रतिष्ठा के बाद से रामपथ पर यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। रामपथ पर वाहनों का आवागमन नहीं हो पा रहा है। पहले उदया चौराहे से लेकर लता चौक का पूरा क्षेत्र वाहन विहीन रहा। फिर उदया से रोक हटाई गई तो टेढ़ी बाजार से आगे वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया।अब श्री राम मंदिर में दर्शन के लिए होने वाली भीड़ के मद्देनजर टेढ़ी बाजार से लता चौक तक के क्षेत्र को नो व्हीकल जोन कर दिया गया है। अयोध्या के यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ल ने बताया कि टेढ़ी बाजार से लता चौक तक भीड़ के मद्देनजर नो व्हीकल जोन कर दिया गया है। वाहन यहां प्रवेश नहीं कर पाएंगे। भीड़ होने पर दो पहिया वाहनों को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़ और नई व्यवस्था के तहत बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन पंचकोसी परिक्रमा पथ के अंदर नहीं घुस पाएंगे। रामनगरी के रहने वाले अपना आधार कार्ड दिखाकर वाहन अंदर ले जा सकेंगे। रामपथ से आने वाले श्रद्धालु टेढ़ी बाजार पर बनी पार्किंग में अपना वाहन खड़ा करके पैदल या फिर गलियों से चल रहे ई-रिक्शा से दर्शन के लिए जा सकेंगे। हाईवे से आने वाले वाहन हनुमान गुफा तक आएंगे। यहां रामकथा पार्क, बालू घाट पर वाहन पार्क करके फिर छोटे वाहन से या पैदल जा सकेंगे। हाईवे से बड़ी बुआ से क्रॉसिंग से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन उदासीन आश्रम के पास खाली मैदान, गुरुकुल और गैस गोदाम के पास 36 एकड़ में बनाए गए पार्किंग स्थल पर खड़े हो पाएंगे। रामलला के दर्शन के लिए बाहर के किसी भी वाहन को इससे अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

भंडारे का महापौर ने किया उद्घाटन

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में भगवान श्री राम कि गर्भ गृह प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर अध्यक्ष रमेश सिंह फैंसी व्यापार बोल बम समिति गुवाहाटी असम के द्वारा अयोध्या स्थित श्रृंगरहाट सिद्ध पीठ बाघी मंदिर में 2 माह के लिए प्रतिदिन हजारों राम भक्तों की सेवा हेतु नित्य सुबह साम नास्ता एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था का प्रबंध किया गया है जिसका उद्घाटन अयोध्या के मेयर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने भक्तों को भोजन वितरित किया बाकी मंदिर के प्रबंधक अयोध्या धाम के वरिष्ठ समाजसेवी विकास श्रीवास्तव ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया की हर राम भक्तों में भगवान श्री राम का वास होता है मंदिर परिसर में राम भक्तों की सेवा हेतु असम से आए फैंसी बाजार बोल बम समिति के सहयोग से नाश्ता व भोजन प्रसाद का वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह व उनकी पूरी टीम जिस हौसले एवं नेक दिली से भोजन प्रसाद राम भक्तों के लिए व्यवस्था कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

सीएचओ ने सरसावा प्रभारी पर लगाये गंभीर आरोप

सहारनपुर। सरसावा के समस्त सीएचओ आज नई दृष्टि नवयुग ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिले और अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर सीएमओ ने शीघ्र ही कार्रवाई का आश्वासन दिया। आज नई दृष्टि नवयुग प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया की अगुवाई में सभी सीएचओ चिलकाना में एकत्रित हुए और वहां सामूहिक बैठक करने के पश्चात सीएमओ कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सीएचओ ने सीएमओ डॉक्टर संजीव मांगलिक से अपनी समस्याओं पर वार्ता की, जिस पर महिला सीएचओ ने सरसावा प्रभारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह उनसे अभद्र व्यवहार करते है। इसलिए उनका तत्काल स्थानांतरण किया जाना चाहिए। सीएमओ ने सीएचओ की समस्याओं को सुनने के पश्चात आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कार्रवाई करेंगे।

2 वारण्टी 18 वांछित गिरफ्तार, 37 के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस ने 2 वारण्टी 18 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 37 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा नाबालिग संग बलात्संग, पाक्सो एक्ट एससी, एसटी एक्ट से सम्बन्धित 2 आरोपी राम प्रसाद गौतम पुत्र बदलू गौतम व अर्जुन लोधी पुत्र मगलू लोधी निवासी ग्राम रानीमऊ तराई थाना टिकैतनगर को निबहा मोड़ टिकैतनगर-भेलसर मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा नाबालिग संग बलात्संग, पाक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त जैनुल आब्दीन पुत्र मो0 अजमेरी निवासी सदरापुर थाना फतेहपुर को असोहना मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्त आसिफ अली पुत्र कासिम अली अशरफ अली पुत्र कासिम अली निवासीगण कोला थाना जैदपुर को ग्राम कोला से गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 52 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

सम्पत्ति हड़पने के लिए भतीजी की जान के पीछा पड़ा चाचा, कागजो में बन गया पिता

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। एक युवती ने अपने सगे चाचा पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। कम आयु में पिता की मृत्यु के बाद चाचा ने अपना नाम पिता के रूप में दर्ज करवा दिया, सम्पत्ति हड़पने के लिए आधार कार्ड पर भी नाम बदलवाया। युवती के विरोध पर उसे मारने दौड़े। अब उसकी जान के पीछे लगा है। युवती ने चाचा से अपनी जान को खतरा बताते हुए तहरीर दी, जिस पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

देवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिन्दोला की रहने वाली ईशा पुत्री धर्मेन्द्र ने बताया कि उसके पिता धर्मेन्द्र व रामसुमेर पुत्र धुपई दो सगे भाई थे। पिता धर्मेन्द्र की बीमारी के कारण मृत्यु काफी समय पूर्व हो गयी। उनकी मृत्यु के कुछ दिन बाद माता भी गुजर गई। की मृत्यु हो गयी थी। वह अपने बाबा धुपई व दादी लक्ष्मिना के साथ रहती थी। पिता की मृत्यु के उपरान्त उसके चाचा राम सुमेर पुत्र धुपई ने कूटरचना करके जालसाजी द्वारा पिता की भूमि हड़पने की नियत से तिन्दोला स्थित स्कूल में प्रबन्धक से मिलकर उसका नाम ईशा पुत्री धर्मेन्द्र के स्थान पर ईशा पुत्री रामसुमेर लिखवा दिया, वहीं नाबालिग अवस्था मे आधार कार्ड मे भी चाचा रामसुमेर ने अपना नाम अंकित करवा लिया। परिवार रजिस्टर नकल में भी यही किया गया। इसके बाद जान से मार डालने की नियत से रामसुमेर ने उसको दौड़ाया। उसने किसी तरह जान बचाई और अपने नाना मल्लू पुत्र शिवहरी नि ग्राम बभनी, थाना रामनगर के मोबाइल नम्बर पर फोन करके घटना की सूचना दी। इसके बाद में जब वह अपने पिता की जमीन की वरासत चकबन्दी विभाग में अपने नाम करवाने हेतु पैरोकारी करने लगी तो चाचा रामसुमेर पुत्र धुपई ने 23 दिसम्बर 2023 को कचेहरी में धमकाते हुए कहा कि यदि जमीन के सम्बन्ध में ज्यादा पैरोकारी करोगी तो अब आगे हम तुम्हे जान से मार देंगे। उसके जान का खतरा बन गया है। चाचा किसी भी समय उसकी हत्या कर सकते है। चाचा ने उसके सगे बाबा धुपई पुत्र रामभजन के नाम बीमा का 16 लाख रूपये में उसका हिस्सा काटकर कूट रचना व जालसाजी द्वारा अपने व परिवार के अन्य लोगों के नाम भुगतान करवा लिया।

कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नतशील फसल की दी जानकारी

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में किसानों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नतशील फ़सल की जानकारी दी। दिल्ली रोड स्थित आईटीआई के मैदान पर आयोजित मंडलीय ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग के उप निदेशक डा. राकेश कुमार मौर्य, जिला कृषि अधिकारी डा.धीरज कुमार सिंह के द्वारा खेती व पशुपालन कार्य से जुडे हुए कृषको का सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र, कम्पनी बाग, सहारनपुर के वैज्ञानिक डा. सुखवीर सिंह, डा.विरेन्द्र सिंह, डा.मनोज सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए खेती के व्यवसाय को उन्नत करने के तरीके से अवगत कराया तथा किस मौसम में किस दवाई का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। यह भी किसानो को अवगत कराया गया। पशुपालन विभाग से आये उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.सुनील ने अवगत कराया गया कि किसान किस तरीके से पशुओ की देखभाल करें तथा समय-समय पर दवाईयों का सेवन नियमित रूप से पशुओ को देना सुनिश्चित करें।

मण्डलीय स्तरीय कुश्ती व हॉकी चयन व ट्रायल समापन

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। प्रदेश स्तरीय जूनियर कुश्ती बालिका व हॉकी प्रतियोगिता के लिए आज ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें मण्डलीय बालिका टीम का चयन किया गया।

आज गांधी पार्क के डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय जूनियर कुश्ती बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 फ़रवरी, 2024 तक देवरिया में तथा प्रदेश स्तरीय जूनियर हॉकी बालक प्रतियोगिता आयोजन दिनांक 17 से 22 फ़रवरी, 2024 तक गोरखपुर में किया जा रहा है। जिसमें उप्र की टीम प्रतिभाग करेंगी। चयन ट्रायल आयोजन अनिमेष सक्सेना क्रीडाधिकारी के दिशा निर्देशन में काशी नरेश यादव उप क्रीडाधिकारी की देख रेख में किया गया। ट्रायल में खिलड़ियों का चयन आदेश कुश्ती प्रशिक्षक एवं प्रदीप कुमार शर्मा हॉकी प्रशिक्षक द्वारा किया गया। इस अवसर पर शौकत अली, कु.प्रीति, मोहकम सिंह, सुधीर कुमार, अंकुश कुमार, अभिषेक चौधरी आदि मौजूद रहे। मण्डल स्तरीय चयनित टीम की जूनियर कुश्ती बालिका टीम के 50 किग्रा. पायल, 53 किग्रा. काजल देवी, 55 किग्रा. आरती, 57 किग्रा. खुशी, 59 किग्रा. प्राची, 76 किग्रा. रिया खैवाल (सभी सहारनपुर), 62 किग्रा. सुहानी चौधरी, 65 किग्रा. आवन्तिका, 68 किग्रा. सोनिया, 72 किग्रा परी चौधरी (सभी मु0नगर) शामिल है तथा जूनियर हॉकी बालक टीम में साहिल कुमार, आयुष गोडियाल (सहारनपुर), आयुष कुमार, वंश धनवाल, कुनाल, कनिक कुमार, अवि कुमार, आरूश कैशले, रोहित पाल, अक्षय सिंह, अरनव कुशाल, विशाल, विशाल, नितेश, अवि पाल, तरूण (सभी मु0नगर) शामिल हुए है।

अपहरण के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। थाना शिवनगर डिंडई क्षेत्र के एक गांव से लगभग 17 वर्षीय किशोरी को अपहरण करने वाले आरोपित को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को न्यायालय भेज दिया। शिवनगर डिंडई पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को थाना क्षेत्र के ही नचनी गाँव निवासी गुलाब पुत्र रामदास जनवरी मांह में ही बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया था। किशोरी के परिजन ने इस बावत थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया था। पुलिस तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 02/24 धारा 363, 366 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। बृहस्पतिवार को उप0नि0 धर्मेंद्र प्रजापति हेड0कां0 संजय गुप्ता तथा म0 कां0 प्रतिमा दुबे ने फरार चल रहे आरोपित गुलाब पुत्र रामदास को थाना क्षेत्र के ग्राम तिलौली दानोकुंईया मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। इस बावत प्रभारी निरीक्षक राम कृपाल शुक्ल ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर उसके साथ बरामद किशोरी को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

जिले में भीषण हादसा, प्लाई लदा ट्रेलर टेंपो पर पलटा एक की मौत

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले में गुरुवार दोपहर भीषण सड़क हादसे में लोडेड ट्रेलर के पलटने से उसके नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पाँच गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर नौगढ़- उसका मार्ग के पकड़ी चौराहे पर उस वक्त हुई जब एक लोडेड ट्रेलर नौगढ़ की तरफ से गोरखपुर जा रहा था। ट्रेलर पर कई टन प्लाई लोड थी।

पकड़ी चौराहे पर ट्रेलर को घूमते वक्त यह हादसा हुआ लोगो के अनुसार ट्रेलर अचानक से पूरब की दिशा में पलटने लगा इस बीच उधर से गुजर रहा सवारी से भरा टेंपो उसकी चपेट में आ गया और ट्रेलर अनियंत्रित होकर उसके ऊपर पलट गया। हादसे में टेंपो में सवार टेंपो चालक की मौत हो गई जबकि आनन फानन में दबे लोगों को तत्काल मेडिकल कॉलेज रवाना किया। जिला चिकित्सालय में घायलों 12 वर्षीय आदित्य पुत्र अवधेश, 35 वर्षीय अवधेश कुमार अग्रहरि पुत्र पलट्न, 30 वर्षीया उर्मिला अग्रहरि पुत्री अवधेस अग्रहरि निवासीगण केसारी थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर, 60 वर्षीय जोखन पुत्र नरेश निवासी रमगढ़वा थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज व 42 वर्षीय राकेश पुत्र नन्दकिशोर निवासी धर्मपुर थाना धर्मपुर जनपद महाराजगंज का ईलाज चल रहा है। आटो चालक सुधीर सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी सहजनवा बाबू थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार द्वारा मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचकर घायलों को एम्बुलेंस से शीघ्र जिला चिकित्सालय पहुंचाया और फौरन क्रेन व अन्य लोगों के माध्यम से राहत व बचाव कार्य युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कराया। इस बीच सूचना मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एसपी प्राची सिंह, उपजिलाधिकारी ललित कुमार मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गए। जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी पवन अग्रवाल और एसपी प्राची सिंह ने जिला चिकित्सालय जाकर घायलों से मुलाकात की जहां उनकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अभिनय और संवाद लेखन सीख रहे डायट प्रशिक्षु

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। वेक्टर जनित रोगों के विरुद्ध जन जागरूकता फैलाने को डायट में शिक्षक अभिनय और संवाद लेखन की बारीकियां सीख रहे हैं। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी की ओर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में चल रही कार्यशाला में प्रतिभागी कठपुतली माध्यम से जन उपयोगी विज्ञान संचार के लिए लघु नाटक तैयार कर रहे हैं और रोचक शैली में संवाद बोलने का अभ्यास कर रहे हैं। कार्यशाला में बोलते हुए प्रख्यात विज्ञान संचारक डा. वीपी सिंह ने कहा कि कठपुतली संचार का बहुत ही सशक्त पारंपरिक माध्यम है, जो बहुत कम खर्चे में जन जन तक पहुंचने में सक्षम है। डा. तारिक बदर ने विज्ञान के स्रोतों पर व्याख्यान दिया। डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने संवाद बोलने की बारीकियां सिखाई। डायट के ही वरिष्ठ प्रवक्ता फुरकान अहमद ने आह्वान किया कि यहां से जो सीख कर जाएं, उसे विद्यार्थियों और आम आदमी तक पहुंचाएं। कठपुतली विशेषज्ञ श्रीनारायण श्रीवास्तव ने संवाद बोलते समय उतार चढ़ाव के बारे में बताया। सोनाली मौर्य ने रद्दी कागज से कठपुतली को पात्र के अनुसार तैयार करने के ढंग बताए। वहीं प्रतिभागियों ने मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि वेक्टर जनित रोगों से बचाव को लेकर अपनी स्क्रिप्ट तैयार की।

फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगो को गुमराह करने वाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। साइबर अपराधो के अनावरण के क्रम में विशेष पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम लखनऊ, उ0प्र0 सुभाष चन्द्र के आदेश के क्रम में साइबर अपराधो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके) भारद्वाज व पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर क्राइम लखनऊ, उ0प्र0 एन0कोलान्ची के पर्यवेक्षण व पुलिस अधीक्षक जनपद बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी के मार्गदर्शन व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बस्ती ओ0पी0 सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर विनय चौहान के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक विकास यादव साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद बस्ती मय टीम द्वारा उपरोक्त फर्जी फेसबुक आई0डी0 के सम्बन्ध में मेटा प्लेटफार्म व अन्य अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनो का प्रयोग करते हुए घटना में संलिप्त व साइबर क्राइम पुलिस थाना बस्ती पर पंजीकृत मुकदमा आई0टी0 एक्ट का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तो जितेन्द्र गिरी उर्फ पंकज गिरी पुत्र महेन्द्र गिरी उम्र 39 वर्ष, पिन्टू पासवान पुत्र छड्डू पासवान ग्राम परसरामपुर सिकटिया थाना अलीनगर जिला चन्दौली उम्र 34 वर्ष को मुगलसराय जनपद चन्दौली से गिरफ्तार करने में साइबर क्राइम पुलिस थाना, बस्ती पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गयी। अभियुक्तो से पूछताछ की गयी तो बताये कि इस समय हम लोगो को कोई धन्धा नही चल रहा था, जब भी मै खाली रहता हूँ अपने परिचित पिन्टू पासवान के माध्यम से फेसबुक एकाउण्ट अलग अलग नामो से बनवाता हूँ तथा किसी सम्भ्रान्त अथवा अधिकारियो की फोटो आदि भी अपने फर्जी फेसबुक एकाउण्ट की प्रोफाइल पर लगाता हूँ। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है। गिरफ्तारी में तकनीकी सहयोग करने वाली साइबर क्राइम पुलिस थाना बस्ती टीम में उ0नि0 अवधेश कुमार वर्मा, उ0नि0 हरेन्द्र चौहान, उ0नि0 महेन्द्र यादव, हे0का0 राजेश यादव, हे0का0 मनोज राय, हे0का0 मनिन्द्र प्रताप चन्द, का0 शिवम् यादव, का0 रामप्रवेश यादव, का0 जितेन्द्र यादव, का0 सुजीत यादव, का0 सन्तोष यादव सर्विलांस सेल, म0का0 मिताली द्विवेदी, म0का0 रानी, म0का0 बबिता यादव शामिल रहे।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का ढंका पूरी दुनिया में बजा : कन्हैया पासवान

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी शोहरतगढ मंडल का गांव चलो अभियान 4 फरवरी से 11 फरवरी 2024 तक होने वाले अभियान की कार्यशाला मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला के बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान पं0दीनदयाल उपाध्याय जी एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान बूथ समिति बैठक पन्ना प्रमुखों के साथ, मतदाता सूची में छूटे लोगों का फार्म भरवाना, नमो ऐप डाउनलोड कराना आदि अनेक विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि कन्हैया पासवान ने पार्टी के सेक्टर एवं बूथ अध्यक्ष एवं बूथ प्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज

- गांव चलो अभियान कार्यशाला शोहरतगढ़ मण्डल की सम्पन्न

भारतीय जनता पार्टी जैसे कार्यकर्ताओं के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इसका सीधा श्रेय आप सभी कार्यकर्ताओं को जाता है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का ढंका पूरी दुनिया में बजने लगा है। आज मोदी जी के नेतृत्व में पांच सौ वर्षों का कलंक मिटा और अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना। डबल इंजन वाली भाजपा पार्टी की सरकार में अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं से आज गांव, गरीब किसान एवं हर वर्ग के लोग प्रशन्न है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता रविन्द्र वर्मा ने किया। इस दौरान सेक्टर अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद चौबे, नरेन्द्र पाण्डेय, कुश मोदनवाल, राघवेन्द्र पुरी, विजय गुप्ता, अरविन्द चौधरी, गुड्डू पाण्डेय, दिलीप वर्मा,गोरखनाथ मिश्र, अमित त्रिपाठी, अजीत सिंह, नन्दलाल वर्मा, सुधाकर गिरी, सिद्धार्थ सहानी, शुभम् त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहें।

लोकसभा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत गुरुवार को लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूजा अर्चना कर विधि विधान से लोकसभा चुनाव प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा चुनाव संयोजक राम कुमार कुंवर के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने किया। इसअवसर पर पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉक्टर सतीश द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्षगण, पार्टी पदाधिकारी गण एवं भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गरीबों असहायों में गर्म कपड़े वितरित करना महान कार्य

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। तहसील क्षेत्र के देईपार भट्ठे के पास बाग में सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल के सुपुत्र अभिषेक पाल द्वारा गरीबों व असहायों की मदद की भावना से कंबल वितरण किया गया। कई गाव के गरीबों की मदद करने के लिए अपना हाथ बढ़ाया है। गुरुवार दोपहर देईपार चौराहे पर कंबल वितरण व सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि अभिषेक पाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ठंडक में गरीबों असहायों मे गर्म कपड़े वितरित करना महान कार्य है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देईपार उमाशंकर श्रीवास्तव ने कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जो काफी सराहनीय योग्य है। कार्यक्रम में 250 कंबल गरीबों, बुजुर्गों को बांटा गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, राजेश दिवेदी कसीम रिजवी, कमलेश चौरसिया, सूर्य नाथ सिंह, बबलू चौधरी, राम उजागिर, बाबूलाल बीडीसी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

खंड विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता। कुदरहा विकास क्षेत्र के उजियानपुर में अस्थाई गो-आश्रय स्थल में ठंड लगने से गौवंश के मौत का वीडीओ इंटरनेट मिडिया पर वायरल होने पर खण्ड विकास अधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी आश्रय स्थल पर पहुंचकर जांच की जिसमें वीडियो तीन दिन पहले का बताया गया। उजियानपुर में ग्रामीणों द्वारा परिसर मे ही गड्ढा खोदकर दफनाने का मामला वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने पशु चिकित्सा अधिकारी डा फजील खान व पंचायत सचिव गोरखनाथ यादव गौशाला पर पहुंचे और गहनता से जांच किए। साथ ही साथ ग्रामीणों का भी बयान दर्ज किए। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि मामला तीन दिन पहले का है। एक गोवंश बीमार हुआ था जिसका उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जिसको वीडियो गांव के कुछ लोगों ने बना लिया था और वायरल कर दिया था। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मृतक गोवंश काफी दिनों से बीमार था। जिसका इलाज चल रहा था। पशुओं को देखभाल के लिए दो गो सेवक अनिल कुमार व विजय बहादुर की तैनाती की गई है। पशुओं को ठंड से बचने के लिए तिरपाल, हराचारा कपिला पशु आहार व भूसा उपलब्ध है साथ ही साथ साफ सफाई भी पाया गया।

जनपद मुख्यालय का हो रहा कायाकल्पः दानिश मेहदी

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। मुख्यमंत्री के मंशा के अनुरूप तथा विश्व प्रसिद्ध अयोध्या धाम का अभिन्न अंग होने के कारण जनपद अंबेडकर नगर में भी पर्यटन औद्योगिक विकास सहित रोजगार के अवसर आदि के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व व सराहनीय प्रयास से जनपद चौमुखी विकास कर रहा है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में बस स्टेशन से पटेल नगर तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदरीकरण के संबंध में निरीक्षण किया गया। वहां पर उपस्थित अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत अकबरपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य अधिकारियों से सड़क चौड़ीकरण एवं सौंदरीकरण के संबंध में वार्ता की गई। इसके उपरांत अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी लोक निर्माण विभाग व अधिशासी अभियंता विद्युत अकबरपुर को इस सड़क के चौड़ीकरण एवं सौंदरीकरण हेतु आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी द्वारा अवगत कराया गया कि बस स्टेशन से पटेल तिराहे तक की सड़क को वर्तमान सड़क से दोनों तरफ 3.5 मीटर चौड़ा किया जाएगा, सड़क के बीच में डिवाइडर बनाए जाएंगे इसके साथ ही यूटिलिटी डक्ट का भी निर्माण कराया जाएगा जिससे आने वाले समय में जनपद वासियों और जनपद के बाहर से आने वाले पर्यटकों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराया जा सके।

सडवलिया गांव में मनोरमा नदी के किनारे मिश्रौलिया बैरान में शमशान घाट का हो रहा है निर्माण

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। दुबौलिया थाना क्षेत्र के सडवलिया गांव में मनोरमा नदी के किनारे मिश्रौलिया बैरान में राजस्व विभाग द्वारा चिंहित स्थान पर शमशान घाट का निर्माण कार्य ग्राम प्रधान न कराकर जबरन आबादी से सटे ग्रामीणों के स्नान करने वाले घाट पर करा रहे है। जिससे ग्रामीणो में रोष व्याप्त है। जबकि एसडीएम हरैया ने मौके पर जांच कर चिंहित स्थान मिश्रौलिया बैरान में ही निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिए थे। इसके बाद भी ग्राम प्रधान अपने आदत से बाज न आकर गांव से सटे स्नान करने वाले घाट पर ही बनवा रहे है।

सडवलिया गांव के ग्रामीण राम शंकर पांडेय, गुलाब चंद्र चौथरी, आशाराम, स्वामीनाथ पांडेय, राजेंद्र, दीनानाथ शर्मा, यादराम शर्मा सहित तमाम ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम प्रधान जबरन शमशान घाट का निर्माण गांव से सटे स्नान करने वाले घाट पर करा रहे है। जिसकी शिकायत मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व एसडीएम हरैया को लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से किया गय है। लोगों ने बताया कि मेरे गांव के ग्राम प्रधान आवादी से सटे दो मंदिरो के बीच ग्रामीणों के स्नान करने वाले घाट पर जबरन शमशान घाट का निर्माण कार्य फिर शुरू कर दिए है। जब कि तीन माह पूर्व ग्राम प्रधान शवदाह घर का निर्माण कार्य करा रहे थे। ग्रामीणों के विरोध पर 30 जुलाई को एसडीएम हरैया मौके पर पहुंच कर तत्काल कार्य बंद करा दिए थे और ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर आबादी से 500 मीटर

- ग्रामीणो में रोष व्याप्त
- ग्राम प्रधान ने नींव स्तर तक शमशान घाट का निर्माण कार्य भी कराया है

दूर मिश्रौलिया बैरन में निर्माण करने के निर्देश दिए थे। जहां ग्राम प्रधान ने नींव स्तर तक शमशान घाट का निर्माण कार्य भी कराया है। इसके बाद निर्माण कार्य बंद कर दिया। दो माह बाद फिर शमशान घाट का निर्माण कार्य आबादी से सटे दो मंदिरों के बीच ग्रामीणों के स्नान करने वाले घाट पर पुनः शुरू करा दिया। जिसको लेकर ग्रामीणों मे आक्रोशित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कस्बे से सटे शमशान घाट का निर्माण होने नही देगें। यदि निर्माण हो जाएगा तो जब शव का दाह होगा तो तो बदबू करेगा और रहना मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीणों ने शासन व प्रशासन से शमशान घाट का निर्माण कस्बे से दूर राजस्व विभाग द्वारा चिन्हित स्थान पर करने का अनुरोध किया है।

डीएम एसपी ने मंडी का किया निरीक्षण

उरई (जालौन)। लोक सभा चुनाव की तैयारी के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। चुनाव में किसी भी प्रकार की कोताही न हो इसी को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मतगणना स्थल व मतपेटिका रखे जाने वाले स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गुरुवार की दोपहर में नवीन गल्ला मंडी में जिलाधिकार राजेश कुमार पांडेय ने पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा के साथ मतगणना स्थल की तैयारियों एवं स्ट्रांग रूम में ईवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ईवीएम रखने के लिए बनाए गए सभी स्ट्रांग रूम एवं उसके अंदर इवीएम के रखने को चिह्नित किए गए स्थानों का निरीक्षण किया। मतगणना स्थल पर अभी तक की गई तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए उन्होंने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतगणना से जुड़ी समस्त तैयारियां समय से पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

मिलेट्स (श्री अन्न) प्रचार वाहन एवं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही द्वारा जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मु मुजम्मिल की उपस्थिति में गुरुवार को बीएसए ग्राउण्ड से मिलेट्स (श्री अन्न) प्रचार वाहन एवं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न विकास खंडों में जाकर लोगों को श्री अन्न के बारे में जागरूक करेगी। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा सिद्धार्थनगर महोत्सव में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं विषयक गोष्ठी/कार्यशाला एवं सम्मान कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मां सरस्वती एवं महात्मा गौतम बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं विषयक गोष्ठी/कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुये कहा कि जनपद का कालानमक चावल ओडीओपी में चयनित है पहले जनपद में कालानमक की खेती कम क्षेत्र में होती थी जिसमें काफी वृद्धि हुई है। कालानमक के निर्यात के लिए प्रयास किया जा रहा है। जनपद के स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा ब्राण्ड तैयार कर निर्यात किया जा रहा है। सभी किसानो को उन्नतिशील बीजों का प्रयोग करते हुए जैविक खेती करें जिससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। अपने फसल चक्र में मिलेट्स (श्री अन्न) को शामिल करें जिससे स्वास्थ्य के साथ साथ अच्छी आय भी प्राप्त होगी। उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा कृषि निवेश की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी दिया गया। महेन्द्र नाथ पाण्डेय द्वारा कालानमक उत्पादन पर लोकगीत प्रस्तुत कर किसानों को जागरूक किया गया। डॉ0 सर्वजीत कुमार द्वारा उन्नतशील बीज उत्पादन एवं मिलेट्स की महत्ता, डॉ0 एसएन सिंह द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन, डा0 प्रदीप द्वारा मशरूम उत्पादन एवं शहद उत्पादन, भुवनेश्वर पाण्डेय द्वारा पर्यावरण संरक्षण, रामचेत चौधरी (पीआरडीएफ) द्वारा कालानमक उत्पादन के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। इसके पश्चात सम्मान कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उपकृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधकारी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी

- विभिन्न विधाओं के लोगों को अंग वस्त्र व सम्मान-पत्र देकर किया सम्मानित

डुमरियागंज को सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मिलेट्स रेसिपी कार्यक्रम में दिव्यांशी पाण्डेय(रागी के इडली के लिए) प्रथम पुरस्कार, मंजू गुप्ता को रागी का हलवा के लिए द्वितीय पुरस्कार, संतोष गौड़ को बाजरे की रोटी साग के लिए तृतीय पुरस्कार के रूप में स्मृति चिन्ह, सम्मान-पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान किया गया। रीता देवी एवं रीना को रागी का लड्डू, राम केवल यादव एवं रिंकी को सांवा की खीर के लिए अंगवस्त्र एवं सम्मान-पत्र वितरित किया गया। कालानमक जोन में अच्छी प्रदर्शनी के लिए आरसी चौधरी को प्रथम पुरस्कार एवं विवेक कुमार सिंह को चावल पर शोध के लिए द्वितीय पुरस्कार, श्रीधर पाण्डेय को श्री अन्न के उत्पादन में सराहनीय योगदान हेतु, सुशीला मिश्रा को कालानमक के जैविक उत्पादन के लिए, महेन्द्र नाथ पाण्डेय को कालानमक के प्रचार प्रसार के लिए, डॉ0 सर्वजीत कुमार को उन्नतशील बीज उत्पादन एवं मिलेट्स, डॉ0 एसएन सिंह को फसल अवशेष प्रबन्धन, डा0 प्रदीप को मशरूम एवं शहद उत्पादन, भुवनेश्वर पाण्डेय को पर्यावरण संरक्षण, रामचेत चौधरी द्वारा कालानमक उत्पादन के लिए अंगवस्त्र एवं सम्मान-पत्र प्रदान किया गया। सिद्धार्थनगर महोत्सव 2024 लोगो डिजाइन के लिए कविता सोनी तथा विद्यालयी आयोजन समिति के सदस्यों तथा कमिश्नर स्काउट हरिशचन्द्र, स्काउट मास्टर, स्काउट, गाइड, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के 11 लाभार्थियों को तथा पंचायती राज विभाग द्वारा बेहतर कार्य के लिए अध्यक्ष, ग्राम प्रधान संघ एवं अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी मु. मुजम्मिल, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा जीवन लाल, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दूबे, भूमि संरक्षण अधिकारी रविशंकर पाण्डेय व अन्य सम्बंधित अधिकारी, प्रधान संघ के पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

जनादेश का वंशवाद

झारखंड से शुरुआत करते हैं। वहां चुनावी जनादेश झामुमो गठबंधन को मिला था, जिसने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री चुना। अब वह कई गंभीर घोटालों में आरोपित हैं। क्या ऐसा होना चाहिए कि यदि उनकी गिरफ्तारी होती है, तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को राज्य का मुख्यमंत्री बना दिया जाए? क्या चुने हुए विधायकों को एक ऐसे चेहरे को अपना मुख्यमंत्री मान लेना चाहिए, जो विधायक भी नहीं है? चूंकि हेमंत सोरेन झामुमो के 'आलाकमानी नेता' हैं, लिहाजा उनका आदेश या आग्रह होगा, उसे स्वीकार कर लिया जाए? जनादेश सोरेन के नेतृत्व में झामुमो गठबंधन को मिला था। क्या वह जनादेश भी पत्नी, बेटा-बेटी अथवा वंश के किसी अन्य व्यक्ति को स्थानांतरित किया जा सकता है? आम आदमी के संदर्भ में लें, तो क्या एक व्यक्ति को मिली नौकरी को परिवार में ही स्थानांतरित किया जा सकता है? क्या आप कह सकते हैं कि मैं अपना नियुक्ति-पत्र अपने परिजन को सौंप रहा हूं, कल से वही काम पर आएगा? आपकी नौकरी तुरंत खारिज हो जाएगी। दरअसल ये सवाल हमारे संविधान और लोकतंत्र के संदर्भ में बेहद गंभीर हैं और हमारी व्यवस्था पर भी सवाल करते हैं। संविधान में व्यवस्था की गई कि बहुमत वाले पक्ष के विधायक अपना नेता चुनेंगे। राज्यपाल उस व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। ऐसा ही संसद में सांसद अपना प्रधानमंत्री चुनते हैं। चूंकि हेमंत सोरेन पर घोटालों के गंभीर आरोप हैं और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनकी जांच कर रहा है। वह मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करे या पूछताछ कर आरोप-पत्र तैयार कर अदालत में दाखिल करे, यह ईडी अथवा किसी भी जांच एजेंसी का विशेषाधिकार है। इधर के दौर में जब चारा घोटाले में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को जेल भेजा गया था, तो उन्होंने पार्टी विधायकों से अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री चुनवा दिया था।

राबड़ी विधायक भी नहीं थीं और प्रशासनिक दृष्टि से भी निरक्षर थीं, फिर भी वह करीब 8 साल तक मुख्यमंत्री के पद पर रहीं। पार्टी लोकतंत्र और संविधान पर इससे बदतर मजाक नहीं हो सकता। काफी पुरानी बात हो गई, जब देवीलाल को केंद्र में उपप्रधानमंत्री बनाया गया था, तो उनके ज्येष्ठ पुत्र ओमप्रकाश चौटाला को हरियाणा का मुख्यमंत्री बना दिया गया था। उनके चुनाव को लेकर उस दौर में कई 'महम' हुए। प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी की हत्या की गई, तो तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने राजीव गांधी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिला दी थी। वह सांसद भी नहीं थे। हालांकि कुछ माह बाद लोकसभा चुनाव हुए, तो राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 414 सीटें जीतीं। बहरहाल हेमंत सोरेन के संदर्भ में उनकी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया गया, तो वह जनादेश का एक और वंशवाद होगा। सवाल यह है कि पार्टी के भीतर किसी अन्य वरिष्ठ विधायक को मुख्यमंत्री क्यों नहीं चुना जाना चाहिए? मुख्यमंत्री रहते हेमंत सोरेन जिस तरह 41 घंटे 'लापता' रहे। राज्यपाल और शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को उनका कोई सुराग नहीं था। सुरक्षा एजेंसियों के पसीने छूट गए कि आखिर मुख्यमंत्री कहां गए? रांची से दिल्ली, दिल्ली से कोलकाता तक चार्टर विमान और फिर सड़क मार्ग से रांची तक लौटनाजुख्यमंत्री को इसकी जरूरत क्या थी? यदि उन्हें कोई निजी काम था, तब भी सुरक्षा-काफिला मुख्यमंत्री के संग चलना चाहिए था। सवाल मुख्यमंत्री की सुरक्षा का है, जो राज्य के सर्वोच्च कार्यकारी संवैधानिक चेहरा हैं। 'लापता' होने पर माना जा सकता है कि दाल में बहुत कुछ काला है। ईडी उन्हें दिल्ली में ही गिरफ्तार कर सकती थी। मुख्यमंत्री के दिल्ली आवास से 36.34 लाख रुपए, बीएमडब्ल्यू एसयूवी कार और घोटालों से जुड़े कुछ दस्तावेजी कागजात ईडी ने बरामद किए हैं। बहरहाल यह ईडी जांच करेगी, लेकिन हमारा सरोकार जनादेश के वंशवाद से है, जिस पर हमने कुछ चिंतित सवाल उठाए हैं।

क्या हर बात आपकी सही होती है और सामने वाले की गलत, कहीं आप भी तो ऐसा नहीं सोचते न?

हमारे आसपास हमारे रिश्तेदारों के बीच बहुत सारे लोग हमें मिल जाते हैं जिनकी बातों में विद्वता झलकती है और बात बात में सामने वाले को ज्ञान देने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। ज्ञानवान होना, गुणवान होना ये ईश्वर का बहुत बड़ा उपकार माना जा सकता है, क्योंकि, ज्ञान प्राप्त करने का मौका सभी को नहीं मिल पाता है ऐसा भी देखा जाता है कि, बहुत सारे धनवान व्यक्ति के बच्चे भी ज्ञान प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और गरीब घर में जन्म लेनेवाले बच्चे भी ज्ञान प्राप्त कर अच्छा जीवन जीते हैं,ऐसा कैसे होता है?

सुनीता कुमारी

ऐसा इसलिए होता है की ज्ञान प्राप्त करने की ललक बच्चों में गरीबी या अमीरी देखकर नहीं आती वरन बच्चों के विवेक से आती है उनकी जिज्ञासा से आती है।

शिक्षाविदों ने ज्ञान की परिभाषा कई तरह से दी है- कौटिल्य के अनुसार शिक्षा की परिभाषा शिक्षा मानव को एक सुयोग्य नागरिक बनाना सिखाती है तथा उसका व्यक्तिगत विकास करती है। सुकरात के अनुसार - शिक्षा की परिभाषा, शिक्षा का तात्पर्य संसार के उन सर्वमान्य विचारों को प्रकट करने से जो व्यक्ति विशेष के मस्तिष्क में निहित है। प्लेटो के अनुसार- शिक्षा की परिभाषा, शिक्षा से मेरा तात्पर्य उस प्रशिक्षण से है जो अच्छी आदतों द्वारा बच्चों में अच्छी नैतिकता का विकास करे। अरस्तु के अनुसार- शिक्षा की परिभाषा, शिक्षा व्यक्ति की शक्ति का और विशेष रूप से मानसिक शक्ति का विकास करती है जिससे वह परम सत्य शिव और सुंदर के चिंतन का आनंद उठा सके। उपरोक्त सारी परिभाषा से साधारण शब्दों में एक बात स्पष्ट होती है कि, ज्ञान वह चक्षु है जो हमारी सोच और व्यवहार को सही दिशा प्रदान करती है। सही और गलत के बीच भेद करना सिखाती है, बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की भावना को बढ़ावा देकर जनकल्याण की भावना का विकास करती है।

मगर हमारे आसपास, हमारे रिश्तेदारों के बीच बहुत सारे लोग हमें मिल जाते हैं जिनकी बातों में उनकी विद्वता झलकती है,ऐसी विद्वता झलकती है जिसमें सिर्फ वो ही ज्ञानवान है बाकी पूरी दुनिया मुर्ख और बेवकूफ है। ऐसे लोग जब भी हमसे बात करते हैं, ये आसानी से एहसास करा देते हैं कि, उनकी समझ उनका ज्ञान हमसे अधिक है और हमें उनकी बातों को सुनकर, उनके कहे अनुसार जीवन में सबकुछ भी करना चाहिए। यदि हम उनके कहे अनुसार नहीं करते हैं तो उनकी आलोचना का शिकार होते हैं, उनके गुस्से का कोपभाजन हमें बनना पड़ता है। ये प्रवृत्ति आजकल लोगों में ज्यादा बढ़ती जा रही है।

ज्ञानवान होने की यह बढ़ती सोच लोगों को एक दूसरे का सम्मान करने की भावना का ह्रास कर रही है,सारे लोग यही चाहते हैं कि, सामने वाला उनका सम्मान करें उनकी ज्ञानभरी बातों को सुनें मगर वे न तो सामने वालों को सम्मान देना चाहते हैं और न ही उनकी बातों को सुनना चाहते हैं क्यों?

क्योंकि वो ही अपने-आप को सर्वश्रेष्ठ समझते हैं, और बाकी को बेवकूफ यही सोच हमारे समाज और परिवार में आजकल विवाद का कारण है,इसी सोच की वजह से लोगों के बीच दूरी पैदा हो रही है। ज्ञानी होने के लिए चार कौशल का होना आवश्यक होता है पहला पढ़ना,दूसरा लिखना तीसरा बोलना और चौथा सुनना।

परंतु आजकल एक कौशल बोलना इसी पर ज्यादा जोड़ दिते है,लिखना पढ़ना छात्र जीवन तक सीमित होता है लेकिन बोलना और सुनना आजीवन ज्ञानी होने के लिए जरूरी है क्योंकि निरोपचारिक शिक्षा में लोग ताउम्र सीखते हैं और पूरी दुनिया में ज्ञान पसरा होता है जिसे ज्ञानी लोग समेटते है और जिनका ज्ञान आधा अधूरी होता है वो अपने ज्ञान का डंका पीटते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

बिहार की 40 सीटों पर हुए पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का बोलबाला रहा है। 2014 के चुनावी नतीजों में भाजपा ने अकेले 22 सीटें हासिल की थी, जबकि एनडीए गठबंधन ने 31 सीटें जीती थीं। हालांकि अगर 2019 के चुनावी नतीजों का जिक्र किया जाए तो 2014 की तुलना में भाजपा को 5 सीटों का नुकसान झेलना पड़ा था, मगर एनडीए गठबंधन ने बिहार की 40 में से 39 सीटों पर अपना कब्जा जमाया था। इस बार भाजपा के पास खुला मैदान था, जो नीतीश-लालू-कांग्रेस के साथ आमने सामने की लड़ाई लड़ती।

देश का सियासी नक्शा बदलेगा नीतीश का फैसला

बिहार में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हुआ है। मुख्यमंत्री नहीं बदले हैं, गठबंधन सरकार बदली है। नीतीश कुमार का राष्ट्रीय जनता दल से एक बार फिर मोहभंग हुआ है और पुराने सहयोगी एनडीए गठबंधन से टूटा प्यार, एक बार फिर जुड़ चुका है। कभी एनडीए, कभी महागठबंधन, तो कभी इंडिया... बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कब सियासी फायदे की खातिर पलटी मार लेंगे, इसका अंदाजा लगा पाना भी बिल्कुल वैसा ही है, जैसे रेत के मैदान में एक सुई को ढूंढना। करीब

आशीष वशिष्ठ

2 साल तक पीएम नरेंद्र मोदी को कोसने वाले नीतीश को, मोदी के सहारे ही 24 की चुनावी नैया पार होती दिख रही है। नीतीश कुमार ने नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। वास्तव में बीजेपी और आरजेडी दोनों की मजबूरी नीतीश कुमार हैं, उनके बिना सरकार बनाने का ख्वाब कोई नहीं देख सकता। जानिए न तो बीजेपी को इस हाल में छोड़ा है, न तो आरजेडी को कि बिना नीतीश के सरकार बना लें। बिहार की राजनीति के पन्ने पलटें तो नीतीश कुमार ने बेमेल गठबंधन पहली बार 2014 में किया। वह जंगलराज सरकार के धुर विरोधी थे, उन्होंने आरजेडी से गठबंधन कर लिया। यह गठबंधन बहुमत से चुनाव जीता गया। साल 2017 में नीतीश का मोह गठबंधन से भंग हो गया। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का साथ उन्हें पसंद नहीं आया और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उन्होंने बीजेपी से नाता जोड़ लिया। साल 2019 का लोकसभा चुनाव, 2020 का विधानसभा चुनाव जेडीयू और बीजेपी ने साथ मिलकर लड़ा। जंगलराज सरकार का डर दिखाकर भी कुल 43 सीटें ही नीतीश बाबू हासिल कर सकें। 2022 में बीजेपी फिर नीतीश कुमार को तानाशाह वाली पार्टी नजर आने लगी। नीतीश कुमार ने लालू परिवार के साथ मिलकर सरकार बनाई। तेजस्वी फिर डिप्टी बने। तेजस्वी ने वादा किया कि वे सरकारी नौकरियों की भरमार लगा देंगे। उन्होंने काम भी शुरू किया और क्रेडिट भी लेने लगे। नीतीश को यह रास नहीं आया और खटास बढ़ती गई।

लंबे वक्त तक भाजपा के साथ गठबंधन में रहने वाले नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को पानी पी-पीकर कोसा था, इसके बाद लालू की पार्टी के साथ मिलकर वो बिहार में सरकार बनाते हैं, मुख्यमंत्री बनते हैं और देखते ही देखते एक बार फिर लालू से पीछा छुड़ाकर भाजपा को गले लगा लेते हैं। 2019 का आम चुनाव एनडीए में रहते हुए लड़ते हैं। फिर 2020 का विधानसभा चुनाव भी साथ में लड़ते हैं, जिसमें उनकी पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा, बावजूद इसके वो फिर से सीएम बनते हैं। मगर न जाने क्यों, नीतीश कुमार ने पलटी मार ली और फिर से लालू के साथ चले गए। अब एक फिर सीएम नीतीश ने साल 2017 वाला पलटीमार कांड दोहराया और उसी अंदाज में लालू का साथ छोड़ भाजपा के साथ चले गए। बिहार की 40 सीटों पर हुए पिछले दो लोकसभा चुनावों

में भाजपा का बोलबाला रहा है। 2014 के चुनावी नतीजों में भाजपा ने अकेले 22 सीटें हासिल की थी, जबकि एनडीए गठबंधन ने 31 सीटें जीती थीं। हालांकि अगर 2019 के चुनावी नतीजों का जिक्र किया जाए तो 2014 की तुलना में भाजपा को 5 सीटों का नुकसान झेलना पड़ा था, मगर एनडीए गठबंधन ने बिहार की 40 में से 39 सीटों पर अपना कब्जा जमाया था। इस बार भाजपा के पास खुला मैदान था, जो नीतीश-लालू-कांग्रेस के साथ आमने सामने की लड़ाई लड़ती। मगर भाजपा को ये बात अच्छे से समझ आ रहा था कि अगर ऐसा होता है तो सबसे बड़ा नुकसान बिहार में झेलना पड़ सकता है। यहां जातीय समीकरण का बोलबाला है और लालू-नीतीश की जोड़ी को मात दे पाना शायद भाजपा के लिए मामूली बात नहीं होगी। इसीलिए, बिहार में भाजपा इस कोशिश में लगी थी नीतीश कुमार को अपने साथ लाया जाए।

हां, ये बात जरूर है कि नीतीश के इस कदम से भाजपा को बड़ा फायदा होगा, जिसका उदाहरण 2019 का चुनाव है। नीतीश और मोदी एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे, जिससे लालू की पार्टी को सबसे बड़ा झटका लगेगा और शून्य की चिंता सताएगी। आरजेडी नहीं चाहेगी कि उसे पिछली बार की तरह हार झेलनी पड़े। नीतीश के पलटी मारने से इंडिया गठबंधन का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। भाजपा को इस बात का एहसास था कि अगर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद बिहार में एकसाथ चुनाव लड़ते हैं, तो साल 2015 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर 2024 के चुनाव में दिख सकता है। आपको याद दिला दें कि 2015 के नतीजों में आरजेडी को 80 सीटें, जदयू को 69 और भाजपा को सिर्फ 59 सीटें मिली थीं।

2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 22, लोक जनशक्ति पार्टी ने 6 और राष्ट्रीय लोक समता दल ने तीन सीटें जीती थी। ये तीनों दल एनडीए का हिस्सा थे। यूपीए में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने क्रमशः 4 और 2 सीटें जीती थी। जनता दल यूनाइटेड ने दो सीटें जीती थी। 2019 के आम चुनाव में एनडीए के बैनर तले बीजेपी, जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी ने चुनाव लड़ा। और क्रमशः 17, 16 और 06 सीटों पर विजय हासिल की। महागठबंधन में शामिल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी को मात्र एक सीट पर जीत मिली। वो एक सीट पर कांग्रेस ने जीती थी। आंकड़ों को देखकर समझा जा सकता है कि नीतीश की पार्टी जेडीयू के लिए 2019 में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ना जीवनदान की तरह था। नीतीश कुमार ये समझते हैं कि भाजपा का साथ उनके लिए बेहद फायदेमंद है। शायद इसी लिए उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल रहना रास नहीं आया। जो जेडीयू, कांग्रेस और आरजेडी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली थी, वो अब ये मुकाबला आमने-सामने लड़ेगी। सन् 2024 के चुनाव से पहले बीजेपी बार-बार धोखा खाने के बावजूद नीतीश से हाथ मिला रही है। भाजपा इस बड़ी लड़ाई के लिए एक-एक सीट जीतना चाहती है। उधर, नीतीश को आखिरकार समझ आ गया है कि उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा पूरी नहीं होने वाली है। वे अब सम्मान के साथ राजनीति के नाव से उतरकर घाट पर आराम करने के मूड में हैं। सन् 2025 का विधानसभा चुनाव उनका अंतिम चुनाव है। शायद वे उसमें चेहरा ही न हों। वे चाहेंगे कि उनकी पार्टी तब तक अपना वजूद कायम रखे। यह सारी भाग-दौड़ और पलटीबाजी उसी के लिए है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के बाद बड़ी लहर बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। नीतीश कुमार भी ये बखूबी समझते हैं कि ये ऐसा जनसमर्थन है जिससे कोई भी इनकार नहीं कर सकता है। वहीं, कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान देकर भी बीजेपी ने ओबीसी वोट पर बड़ी चोट की है। मोदी सरकार के लिए ये बड़ा मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसीलिए नीतीश भी मोदी की तारीफ में ना केवल कसीदे पढ़ते हैं, बल्कि परिवारवाद पर हमला भी करते नजर आते हैं। नीतीश कुमार के अरमान प्रधानमंत्री वाले ही थे। कहां वे इंडिया गठबंधन के अगुवा बन रहे थे, कहां बीजेपी के साथ गठजोड़ कर बैठे हैं। नीतीश 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ने जा रहे थे, लेकिन उनके रास्ते ही जुदा हो गए।

किसान आंदोलन से धधक उठे यूरोप के कई देश

हम यूरोप के कुछ देशों में किसान आंदोलन की करें तो, किसानों का कहना है कि सरकार अपने सरकारी खजाने को भरने के लिए किसानों के करों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर रही है। ब्रूसेल्स में हुए सम्मलेन के बाद अंतहीन मुक्त व्यापार सौदों के माध्यम से सस्ते विदेशी आयात को प्रतिस्थापित कर रहे है। जिन देशों के साथ मुक्त व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा, वहां के किसानों को समान नियामक आदेशों के तहत काम नहीं करना होता जबकि हमें जलवायु परिवर्तन नीतियों के साथ काम करना पड़ता है।

वैश्विक स्तरपर किसानों के महत्व का मूल्यांकन हर देश अच्छी तरह से समझता है,क्योंकि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था व विकास में किसानों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। परंतु लंबे समय से हम देख रहे हैं कि इन्हीं किसानों को अपनी समस्याओं के लिए लंबा जद्दोजहद करना पड़ता है, जो हम भारत में पिछले सालों एक लंबा आंदोलन देख चुके हैं, जिसने सरकार को भी हिला दिया था फिर एमएसपी का

किशन भावनानी

समाधान करने का आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कर दिया गया था, जिसका अभी तक किसानों में समाधान नहीं दिख रहा है। वहीं आंदोलन की सुबसुबाहट उठ रही है। परंतु ऐसी चिंगारी अभी यूरोपीय देशों में हमें पिछले कुछ दिनों से देखने को मिल रही है। यूरोपियन यूनियन के कई देश फ्रांस जर्मनी पोलैंड रोमानिया सहित अनेक देशों में किसान आंदोलन ने जोर पड़ा है। जिस समय फ्रांस के राष्ट्रपति 26 जनवरी 2024 को भारतीय गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे तब फ्रांस में किसानों का आंदोलन भारतीय तर्ज पर ट्रैक्टर मार्च शुरू हुआ था। अब सरकारों में मंथन कर कुछ मांगों पर मंजूरी दी है, जैसे भारत में एमएसपी पर आंदोलन था वैसे ही फ्रांस व अनेक यूरोपीय देशों में पर्यावरण अनुकूल नीतियों से परेशानी, रूस यूक्रेन युद्ध से बदली कुछ नीतियां, करो में बेतहाशा बढ़ोतरी, मुक्त व्यापार समझौता में सस्ता विदेशी माल आयात करने, गैस बिजली की बढ़ती कीमतों,जलवायु परिवर्तन संबंधी सख्त नियमों से किसानो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इस आंदोलन में सामान्य व्यक्ति भी शामिल हो गए हैं करीब 89 प्रतिशत लोगों का समर्थन हासिल होने की बात की जा रही है, जिसपर सरकार भी सख्ते में है। चूंकि भारतीय किसान आंदोलन की तर्ज पर यूरोप के कई देशों में किसान आंदोलन उफान पर है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक स्तरपर अन्नदाता किसानों की समस्याओं पर मंथन करचार्टर बनाना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम यूरोप के कुछ देशों में किसान आंदोलन की करें तो, किसानों का कहना है कि सरकार अपने सरकारी खजाने को भरने के लिए किसानों के करों में बेतहाशा बढ़ोतरी कर रही है।ब्रूसेल्स में हुए सम्मलेन के बाद अंतहीन मुक्त व्यापार सौदों के माध्यम से सस्ते विदेशी आयात को प्रतिस्थापित कर रहे है।जिन देशों के साथ मुक्त व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा,वहां के किसानों को समान नियामक आदेशों के तहत काम नहीं करना होता जबकि हमें जलवायु परिवर्तन नीतियों के साथ काम करना पड़ता है।किसानों के इस आंदोलन के साथ आम लोगों की भी सहानुभूति देखी जा रही है। आम लोग भी देश में गैस और बिजली के बढ़ते दामों से परेशान है, उनकी क्रय शक्ति खत्म होती जा रही

है। लोगों में गुस्सा तब और बढ़ गया जब उनकी अपनी सरकार यूक्रेन को समर्थन देने को अपनी नैतिक जिम्मेदारी बताती है। जबकि ये युद्ध खुले तौर पर देश के पूंजीपति घरानों और सैन्य औद्योगिक परिसर के लिए व्यापार बढ़ाने का एक अद्भुत मौका रहा है।आम जनता की शिकायत है कि इन सब नीतियों पर सरकारी नुमाइंदे अपने विचार प्रकट कर देते है, लेकिन जब फ्रांसीसी नेशनल असेंबली में बढ़ते महंगाई को नियंत्रित करने के लिए भत्ते के रूप में प्रति माह की वृद्धि को मंजूरी दी जाती है तब सरकार इसको अनसुना कर देती है। किसानों का कहना है कि वे कम उपभोक्ता कीमतों से परेशान है और सरकार ने कीमतें बढ़ाने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि महंगाई को कम करने के लिए सरकार ने खाद्य कंपनियों पर कीमतें कम करने का दबाव बनाया था।कीमतें कम करने की वजह से किसानों की आय प्रभावित हुए,जिससे किसानों का गुस्सा भड़क उठा.यूरोपीय संघ के सबसे बड़े कृषि उत्पादक फ्रांस में कई किसानों का कहना है कि उन्हें खुदराविक्रेताओं से अपनी कीमतें कम करने के लिए बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है और इससे उनकी आजीविका को खतरा है।फार्म यूनियनों ने ट्रैक्टर ईंधन पर सरकारी टैक्स, विदेशी अनाज के सस्ते आयात, पानी तक पहुंच, अत्यधिक बीआईपी कल्चर और पर्यावरण नियमों का भी हवाला दिया है। फ्रांस में ग्रामीण क्षेत्रों में दो सप्ताह तक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। जर्मनी और पोलैंड और अन्य यूरोपीय देशों के किसान सरकारी नीतियों से परेशान हैं और बीते कुछ दिनों में विरोध-प्रदर्शन भी किया है।

साथियों बात अगर हम फ्रांस में किसान आंदोलन उफान पर होने की करें तो, फ्रांस में चल रहे किसानों के आंदोलन के बाद फ्रांसीसी सरकार देश के प्रमुख राजमार्गों से बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों को हटाने के लिए संघर्ष कर रही हैकिसान आंदोलन के प्रभाव को लेकर ओडोक्सा द्वारा किये गए सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 89 प्रतिशत फ्रांसीसी नागरिक प्रदर्शनकारी किसानों का समर्थन कर रहे हैं। अब फ्रांस के भी किसान इस आंदोलन में शामिल हो गए हैं, जिसमें अब यूरोपीय संघ का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।इस एक खास ब्लॉक के 27 देशों में से पांच में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर सड़कों को अवरुद्ध कर रखा है। पोलैंड, रोमानिया, जर्मनी और नीदरलैंड के किसानों के इस आंदोलन को फ्रांस के किसानों का समर्थन मिलने के बाद इस आंदोलन में एक तीव्र गति देखी जा रही है। फ्रांसीसी किसानों की शिकायतें भी पूरे यूरोपीय संघ के किसानों की शिकायतों से मिलती-जुलती हैं। वे अपनी ही सरकारों से नाराज़ हैं। किसानों को इस बात से शिकायत है कि ब्रूसेल्स में हुए मीटिंग के बाद उनकी अपनी निर्वाचित सरकारें टेक्नोक्रैट के दबाव में अपनी नीतियों को किसानों के खिलाफ बदल रहे हैं। इन पांचों ही देशों में किसानों को अपनी सरकार के इन्हीं नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरना पड़ा, इसलिए उनकी मांगें भी समान हैं। किसान ऊर्जा के लिए उचित मूल्य चाहते हैं जबकि यूरोपीय संघ ने न केवल महंगी जलवायु नीतियां लागू की हैं जो जीवाश्म ईंधन को प्लेग की तरह मानती हैं। बल्कि रूसयूक्रेन में यूक्रेन का समर्थन करने के लिए यूरोप की अर्थव्यवस्था को चलाने वाली सस्ती रूसी गैस की अपनी आपूर्ति को नष्ट करने का भी फैसला किया है।साथ ही उन्होंने यूक्रेन से वस्तुओं और सेवाओं पर आयात शुल्क हटाने का फैसला किया, जिससे यूरोपीय संघ में ट्रक ड्राइवरों की बाढ़ आ गई जो स्थानीय प्रदाताओं को कम कीमत पर अपना सामान बेचते हैं और जो सभी तरह कृषि उत्पादों को भी कम कर देते हैं जो यूरोपीय किसानों के यूरोपीय संघ के मानकों को भी पूरा नहीं करते हैं।इन सब नीतियों की वजह से सरकारें अपनी आय को कम करने के उपाय ढूंढ रही हैं और ऐसे में किसानों पर बोझ डाला जा रहा है। फ्रांस के किसानों का विरोध प्रदर्शन पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। सैकड़ों किसान सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतर आए हैं।

बीमारी और आर्थिक तंगी से जूझता परिवार

गुलाम मुहम्मद कहते हैं कि मैंने पत्नी के इलाज में कोई कमी नहीं छोड़ी। अपनी हैसियत से बढ़कर अच्छे डॉक्टर और बड़े अस्पताल में इलाज कराया। जिसमें अब तक बारह लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन कोई फायदा नहीं मिल सका। इलाज के लिए उन्हें सरकार या प्रशासन से कोई मदद नहीं मिली है। वह कहते हैं, मैं इस बात से हैरान हूं कि इतना पैसा खर्च करने के बाद भी मुझे अपनी पत्नी की सेहत में कोई सुधार क्यों नहीं दिख रहा है? लेकिन मैंने अभी भी हार नहीं मानी है। मैं अभी भी उसे वापस पाने की कोशिश कर रहा हूं। इस संबंध में गुलाम मुहम्मद के पड़ोस में रहने वाली 35 वर्षीय परवीन बीबी कहती हैं कि पहले गुलाम मुहम्मद की पत्नी पूरी तरह से स्वस्थ और मानसिक रूप से ठीक थी।

मुमताज अब तीन साल की है, यास्मीन चार साल की और इम्तियाज़ तथा नियाज़ पांच और सात साल के हैं। मैं अपने बच्चों से बहुत प्यार करता हूं। इसलिए एक मां की तरह उनका ख्याल रखता हूं। हालांकि उनकी मां अभी जीवित है, लेकिन वह बच्चों की परवरिश करने की स्थिति में नहीं है। दिन भर बच्चे अपनी मां के सामने मिट्टी में खेलते रहते हैं। लेकिन वह एक मां का कर्तव्य पूरा करने में असमर्थ है। इसलिए मैं ही इन बच्चों का पिता हूं और मैं ही मां भी हूं। गुलाम मुहम्मद तीन साल की मुमताज को गोद में लेकर एक बार फिर बच्चों की देखभाल करते हुए

तसनीम कौसर

कहते हैं, मैं घर का काम करने के बाद सुबह-सुबह काम पर निकल जाता हूं। बच्चे दिन भर असहाय रहते हैं। काम के दौरान भी मुझे इनकी चिंता रहती है। लेकिन अगर मैं काम पर नहीं जाऊंगा, तो बच्चों को कैसे खिलाऊंगा?

जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिला पुंछ के दर्रा दलियां गांव के निवासी 40 वर्षीय गुलाम मुहम्मद दैनिक मजदूर हैं। वह मिट्टी के एक कच्चे घर में अपनी पत्नी परवीन अख्तर और चार बच्चों के साथ रहते हैं। उनकी शादी लगभग सोलह साल पहले परवीन के साथ हुई थी। शादी के बाद काफी समय तक उनकी कोई संतान नहीं हुई। फिर जब उनके घर बेटी का जन्म हुआ तो उनके जीवन में खुशियां लौट आई। लेकिन ये खुशी ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाई। गुलाम मुहम्मद कहते हैं कि कुछ समय बाद उनकी बेटी की अचानक मौत हो गई। जिसका सदमा उनकी पत्नी परवीन बर्दाश्त नहीं कर पाई और अपना मानसिक संतुलन खो बैठी। हालांकि उसके बाद उनके चार बच्चे भी पैदा हुए, लेकिन परवीन अख्तर आज तक इस सदमे से उबर नहीं पाई है। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह अपने बच्चों की उचित रूप से देखभाल करने में असमर्थ है।

गुलाम मुहम्मद कहते हैं कि मैंने पत्नी के इलाज में कोई कमी नहीं छोड़ी। अपनी हैसियत से बढ़कर अच्छे डॉक्टर और बड़े अस्पताल में इलाज कराया। जिसमें अब तक बारह लाख रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन कोई फायदा नहीं मिल सका। इलाज के लिए उन्हें सरकार या प्रशासन से कोई मदद नहीं मिली है। वह कहते हैं, मैं इस बात से हैरान हूं कि इतना पैसा खर्च करने के बाद भी मुझे अपनी पत्नी की सेहत में कोई सुधार क्यों नहीं दिख रहा है? लेकिन मैंने अभी भी हार नहीं मानी है। मैं अभी भी उसे वापस पाने की कोशिश कर रहा हूं। इस संबंध में गुलाम मुहम्मद के पड़ोस में रहने वाली 35 वर्षीय परवीन बीबी कहती हैं कि पहले गुलाम

मुहम्मद की पत्नी पूरी तरह से स्वस्थ और मानसिक रूप से ठीक थी। वह घर को बहुत अच्छे से संभालती थी। दोनों पति-पत्नी सुखी जीवन जी रहे थे। लेकिन बेटी की अचानक मृत्यु के बाद उनका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। जिसके कारण उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रह सका। मैं अक्सर उनके घर के कामों में मदद कर देती हूं। परवीन का कहना है कि गुलाम मुहम्मद अपनी पत्नी की खराब सेहत के कारण उन्हें कोई काम करने नहीं देते हैं और खुद बच्चों की देखभाल करते हैं।

अफसाना और फरजाना दोनों बहनें भी गुलाम मुहम्मद के पड़ोस में रहती हैं। वे दोनों अक्सर उनकी अनुपस्थिति में उनके बच्चों को अपने घर बुला लेती हैं और उन्हें खाने पीने की चीजें देती रहती हैं। वह इन बच्चों के मनोरंजन के लिए घर में कुछ मिठाइयां रखती हैं। दोनों बहनें इन चारों असहाय बच्चों की देखभाल करती हैं। वह बताती हैं कि जब गुलाम मुहम्मद स्वयं घर पर होते हैं तो खुद से अपने बच्चों की देखभाल करते हैं। वह उनके लिए भोजन पकाते हैं और अन्य जरूरतों का ख्याल रखते हैं। एक अन्य पड़ोसी 65 वर्षीय सादिक हुसैन शाह बताते हैं कि गुलाम मुहम्मद अपनी पत्नी और बच्चों की बहुत अच्छी देखभाल करते हैं। उनकी पत्नी कई सालों से बीमार हैं। उन्होंने अपनी पत्नी के इलाज में कोई कमी नहीं छोड़ी है। जहां भी किसी ने उसे किसी अच्छे डॉक्टर का पता बताया, वह इलाज के लिए ले गया, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ है। सादिक हुसैन बताते हैं कि वह अपनी पत्नी के इलाज के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। पिछले कई सालों से उन्होंने एक दिन की भी मजदूरी नहीं छोड़ी है। जरूरत पड़ने पर सभी पड़ोसी मिलकर उनकी आर्थिक मदद करते हैं। यदि प्रशासन से उन्हें किसी योजना के अंतर्गत लाभ मिल जाता तो उनकी आर्थिक समस्या दूर हो सकती है।

वह बताते हैं कि गुलाम मुहम्मद अपने बीमार जीवनसाथी के प्रति बहुत दयालु हैं। वह अपने बच्चों की अच्छी देखभाल करते हैं, उनके लिए खुद से खाना बनाते हैं, नहलाते हैं और उनके जीवन के हर पहलू का ख्याल रखते हैं। उनकी पत्नी परवीन अख्तर बीमारी के कारण बच्चों की देखभाल नहीं कर पा रही है। लेकिन दोनों पति-पत्नी हर हाल में जीने की कोशिश कर रहे हैं। पड़ोसी भी उनकी जिंदगी की मिसाल देते हैं। गुलाम मुहम्मद ने अपनी पत्नी के इलाज पर लाखों रुपये खर्च किए लेकिन नतीजा अब तक शून्य है। इसके बावजूद उन्हें उम्मीद है कि एक दिन उनकी पत्नी अवश्य ठीक हो जाएंगी और अपने बच्चों की देखभाल खुद कर सकेगी।

वास्तव में, एक गरीब मजदूर गुलाम मुहम्मद का अपने जीवनसाथी के प्रति यह भावना समाज के लिए एक बड़ी मिसाल है। एक तरफ जहां एक महिला को अक्सर दर्द या बीमारी के कारण अकेले ही तमाम तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी तरफ उसी समाज में गुलाम मुहम्मद जैसे लोग भी हैं, जो अपने बीमार जीवनसाथी की देखभाल और उस बच्चों का पालन-पोषण करते हुए किसी भी स्थिति में जीने का साहस रखते हैं। हालांकि सरकार की ओर से गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन गुलाम मुहम्मद जैसे लोग इसका लाभ उठाने से वंचित हैं! ऐसे में अगर प्रशासनिक स्तर पर उन्हें मदद मिले तो निश्चित रूप से उनके दिल का वह सपना जिसमें वह अपने जीवनसाथी के स्वस्थ्य होने की उम्मीद कर रहे हैं, एक दिन पूरा हो सकता है। (चरखा फीचर)

पश्चिमी यूपी में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

ठंड से छूटी लोगों की कंपकंपी, अगले चार दिनों बदला रहेगा मौसम

लखनऊ। पश्चिमी यूपी में बुधवार से ही मौसम बदला हुआ है। बिजनौर जिले में बृहस्पतिवार को शीतलहर चलने के साथ ही ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश हुई। बारिश होने से तापमान में भी गिरावट हुई है। वहीं, मौसम विभाग अगले चार दिन तक बारिश होने की संभावना जता रहा है। जिले में बृहस्पतिवार को 17 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

जिले में बुधवार शाम से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। देर रात तेज बारिश हुई। बृहस्पतिवार को पूरे दिन 17 से 22 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलती रही।

वहीं, बारिश के साथ तेज हवा चलने से लोगों की कंपकंपी छूटी रही। सुबह बारिश के बाद धूप निकल आई लेकिन, इसके बाद आसमान में काले बादल छा गए। धीरे-धीरे बादल झमाझम बरसे। बताया गया कि

नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, भागूवाला, नांगलसोती सहित अन्य क्षेत्रों में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। बारिश और ओलावृष्टि होने से सर्दी अधिक बढ़ गई है। तेज हवा ने भी मौसम का रूख बदल दिया।

उधर, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन

■ बारिश और ओलावृष्टि होने से सर्दी अधिक बढ़ गई, तेज हवा ने भी मौसम का रूख बदल दिया

प्राधिकरण ने भी जिले में तेज गरज, ओलावृष्टि के साथ बारिश की चेतावनी जारी की। बारिश होने से बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

इससे पहले जबकि बुधवार को अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकतम तापमान में 4.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई।

नगीना स्थित कृषि वेधशाला के प्रेषक सतीश कुमार का कहना है कि अगले चार दिनों में बारिश होने की संभावना है। जिससे सर्दी बढ़ेगी।

बजट 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को आगे ले जाएगा : अनुप्रिया पटेल

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री श् अनुप्रिया पटेल ने वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को देश के गरीबों, किसानों, महिलाओं का बजट बताते हुए कहा कि इस बजट के जरिए 2047 तक भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि वित्त मंत्री जी ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सपनों को साकार करने वाला बजट पेश किया है।

केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती

निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट को वंचितों, पिछड़ों, गरीबों व किसानों के प्रति समर्पित बताया है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार हर परिवार को मकान व 300 यूनिट बिजली देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास यायेजना के तहत तीन करोड़ मकान के निर्माण का लक्ष्य पूरा होने

■ यह बजट गरीबों को छत, फ्री बिजली दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, 5 करोड़ घर व 300 यूनिट फ्री बिजली देने का सरकार का लक्ष्य

वाला है और अगले पांच सालों में दो करोड़ मकानों का और निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा सूर्योदय योजना के तहत छतों पर सोलर पैनल लगाने से हर महीने करोड़ों परिवारों को 300 यूनिट तक फ्री बिजली का लाभ मिलेगा। इस योजना से एक करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि टैक्स स्लैब में कोई बदलाव न कर सरकार ने मध्यम वर्गीय लोगों को बड़ी राहत दी है। आयकर में सात लाख तक की आय की छूट का लाभ मध्यम वर्गीय लोगों को मिलेगा।

कैडेट वैष्णवी को मिला डीजी कमेंडेशन कार्ड अवॉर्ड

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की तृतीय वर्ष की कैडेट वैष्णवी मिश्रा को गणतंत्र दिवस शिविर दिल्ली 2024 में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीजी कमेंडेशन कार्ड अवार्ड से नवाज़ा गया। साथ ही वैष्णवी को गणतंत्र दिवस के सांस्कृतिक समारोह के संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार भी प्राप्त हुआ किया।

डीजी एनसीसी कमेंडेशन कार्ड पुरस्कार, साहसिक खेलों, प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों या एनसीसी कैडेटों द्वारा सामाजिक या सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर एन.बी सिंह एवं ए.एन.ओ डॉ ले. बुशरा अलवेरा ने कैडेट को शुभकामनाएं दी।

यूपी के नए डीजीपी बोले, कानून व्यवस्था नहीं बिगड़ने देंगे

लखनऊ। यूपी के नए कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था में बहुत सुधार हुआ है। मुझे जो भी जिम्मेदारियां दी गई हैं उन सभी दायित्वों को पूरा करूंगा। प्रदेश की कानून व्यवस्था नहीं बिगड़ने दी जाएगी। सरकार की अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। यूपी डीजीपी कार्यभार संभालने के बाद बृहस्पतिवार को पहली बार मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सुचारू रुप से संपन्न हुआ है। अब 2025 के महाकुंभ की तैयारी की जा रही है। पुलिस विभाग में पारदर्शी तरीके से भर्तियां की जा रही हैं। ये पहली बार है जब भर्तियों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगे हैं। यूपी डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में साइबर क्राइम पर रोक लगाने के लिए पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। प्रदेश में पहले 57 और अब 18 साइबर थानों का सृजन किया गया है।

एएमसी की पहली महिला कमांडेंट बनीं ले. जनरल कविता सहाय, कार्यभार संभाला

लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)। लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय को लखनऊ छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) का कमांडेंट बनाया गया है। वह एएमसी की पहली महिला कमांडेंट हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को पदभार संभाल लिया है। इससे पहले एएमसी सेंटर एंड कॉलेज ऑफिसर इन चार्ज लेफ्टिनेंट जनरल वी साबिद सैय्यद थे। 37 वर्षों की सेवा के बाद बुधवार को वह सेवानिवृत्त हो गए। अब इस पद की जिम्मेदारी कविता सहाय को सौंपी गई है। कविता उधमपुर कमांड अस्पताल की डिप्टी कमांडेंट रह चुकी हैं। उन्होंने कोविड काल में शानदार कार्य किया था।

अंतरिम बजट पूरी तरह जनता के साथ धोखा : प्रमोद तिवारी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा, तथा श्रीमती आराधना मिश्रा मोना, नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल, उत्तर प्रदेश ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा है कि 'मोदी सरकार' द्वारा पेश अंतरिम बजट पूरी तरह जनता के साथ धोखा और छलावा है एवं जन विरोधी बजट है।

नेता द्वय ने कहा है कि मोदी सरकार ने 10 साल पूरे कर लिये किन्तु किसानों के हित में दिये गये स्वामी नाथन रिपोर्ट के सुझावों को लागू करने का बजट में जिक्र तक नहीं किया गया है, न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का कोई जिक्र नहीं है, जिससे किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके, महंगाई कैसे कम होगी इसका भी कोई जिक्र अंतरिम बजट में नहीं किया गय। यह बजट बेरोजगारी बढ़ाने

वाला है। इस बजट में महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के लिये कोई प्राविधान नहीं है। इनकम टैक्स स्लैब में कोई छूट नहीं दी गयी है, और न ही इनकम टैक्स छूट की सीमा ही बढ़ायी गयी है। मोदी सरकार ने मात्र अपनी कोरी और झूॅठी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटा है और जनता को राहत देने का कोई भी प्रावधान इसमें नहीं किया गया है। इस बजट में किसी भी महत्वपूर्ण योजना का ऐलान नहीं किया गया है। देष के किसी भी वर्ग को कोई भी राहत नहीं दी गयी है। यह पूरी तरह से असफल और जनता के साथ धोखा देने वाला बजट है।

सीएमएस छात्रों ने निकाला 'धार्मिक सद्भावना मार्च'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस के मेधावी छात्रों ने आज 'धार्मिक सद्भावना मार्च' निकालकर धार्मिक एकता, सामुदायिक एकता एवं सामाजिक सौहार्द की पुरजोर अपील की। इस विशाल मार्च में हिन्दू धर्म से श्री मधु स्मिता दास, इस्लाम धर्म से मौलाना एजाज अतहर एवं मौलाना सूफ़ियान निजामी, सिख

धर्म से श्री हरपाल सिंह जग्गी, ईसाई धर्म से फादर डेनिस नरेश लोबो, जैन धर्म से श्री शैलेन्द्र जैन, बौध धर्म से भंते ग्यान लोक एवं बहाई धर्म से श्रीमती मोहाजेर ने सी.एम.एस. छात्रों की अगुवाई की एवं अशर्फाबाद क्षेत्र के विभिन्न गली-मोहल्लों में घूमकर समाज में शान्ति, सद्भाव व सौहार्द का अभूतपूर्व उल्लास जगाया। इससे पहले सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन के साथ विभिन्न धर्मावलम्बियों

व गणमान्य हस्तियों ने 'एकता व सद्भाव' का दीप प्रज्वलित कर मार्च का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि सामाजिक प्रगति व उत्थान के लिए धार्मिक एकता तथा विश्व एकता आज की अनिवार्य आवश्यकता है, जिसकी शिक्षा बच्चों को बाल्यावस्था से ही देनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सी.एम.एस. छात्र शैक्षिक क्षेत्र में नये-नये कीर्तिमान स्थापित करने के साथ ही विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भी जोरदार भागीदारी कर समाज के पुनरुत्थान को संकल्पित हैं। सी.एम.एस. छात्रों का 'धार्मिक सद्भावना मार्च' विद्यालय परिसर से प्रारम्भ हुआ, जिसने अशर्फाबाद की सड़कों व गलियों में अत्यन्त ही मनोहारी दृश्य उपस्थित किया। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि विभिन्न धर्मों की वेशभूषा में सुसज्जित सी.एम.एस. छात्र अपने हाथों में सभी धर्मों के अवतारों तथा महापुरूषों के सद्वाक्यों की तख्तियाँ लेकर सभी को सामाजिक सद्भाव एवं सामाजिक एकता का अभूतपूर्व संदेश दिया।

अंतरिम बजट में देश के ऊर्जा क्षेत्र को भारी निराशा

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी की तरफ से वर्ष 2024 का अंतिरम बजट पेश किया गया जिसमें यह ऐलान किया गया कि एक करोड परिवारों को प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत रूफटॉप सोलर पैनल उनके घरों में लगाकर उन्हें 300 यूनिट मुक्त बिजली मिलेगी वास्तव में पूरे देश में लगभग 32 करोड विद्युत उपभोक्ता है इसके पहले भी केंद्र द्वारा पीएम कुसुम योजना का ऐलान किसानों के लिए किया गया था और कहा गया था कि इससे किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध होगी लेकिन सही मामले में पीएम कुसुम योजना किसानों की सफल नहीं हो पाई आने वाले समय में इस योजना की सफलता भी केंद्र सरकार की सब्सिडी पर निर्भर करेगा इसलिए पुरानी योजनाओं को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि इससे यह सिद्ध है कि इसे कोई बहुत बडा क्रांतिकारी निर्णय नहीं कहा जा सकता।

पूरे देश में सौभाग्या योजना के तहत करोडो विद्युत उपभोक्ता देश के इस इंतजार में थे कि इस अंतिम बजट में सरकार कोई बडा ऐलान करेगी जिससे उनके लिए बिजली सस्ती हो जाएगी लेकिन उन्हें निराशा मिली। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश वर्मा ने कहा इसके पहले जब किसानों के लिए पीएम कुसुम योजना लाई गई थी तो केंद्र की तरफ से जो निधियां जारी की गई थी वह बहुत कम थी जहां पूरे देश में वर्ष 2020-21 के लिए लगभग 156 करोड वहीं वर्ष 2021-22 के लिए लगभग 406 करोड।

छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर एन.बी.सिंह के मार्गदर्शन में ब्रेकथ्रू द्वारा आयोजित जी.बी.वी (जेंडर बेस्ड वायलेंस) के अंतर्गत चल रहे कैंपेन दखल दो ! के चरण दो थिएटर परफॉर्मेंस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सीनियर को -ऑर्डिनेटर, ब्रेक थ्रू से शुभम एवं सुनील तथा विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डा. नीरज शुक्ला, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से विभाग की विभागाध्यक्ष डा. रूचिता सुजय चौधरी और वाणिज्य विभाग से प्रोफेसर एहतिशाम अहमद, डा .मनीष, डा. जयपुर निशा, डा. आफरीन तथा मारिया बिन सिराज, शिवम चतुर्वेदी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय में ब्रेक थ्रू के अंतर्गत पत्रकारिता एवं जनसंचार तथा वाणिज्य विभाग के परफॉर्मेंस क्लब के द्वारा जी. बी.वी विषय पर छात्र- छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए डेड सौ से ज्यादा लोग की उपस्थित रही।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम में उपस्थित कुलानुशासक डा. नीरज शुक्ला ने अपने उद्बोधन कहा कि इसी तरह हमें लोगों को जागरूक करते रहना है जब तक लोग सच में जागरूक न हो जाए। इसी कड़ी में कार्यक्रम को समापन की ओर ले जाते हुए वाणिज्य विभाग के हेड प्रोफेसर एहतिशाम अहमद ने कार्यक्रम में उपस्थित ब्रेक थ्रू से आए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की और ढेर सारी बधाई दी। इस कार्यक्रम की समन्वयक डा. दुआ नकवी और डॉ जबन निशा रहीं एवं कार्यक्रम का आयोजन ब्रेक थ्रू के फेलोज श्वेता चौरसिया, दीपांशु गुप्ता, फिज़ जमरुद्दीन तथा मोहम्मद फिरोज़ द्वारा किया गया।

18 फीसदी जनसंख्या प्री डायबिटीज से ग्रसित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। 2 फ़रवरी से 4 फ़रवरी तक अटल बिहारी बाजपेई साइंटिफ़िक कन्वेंशन सेंटर लखनऊ में रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफडाइबिटीज इन इंडिया उत्तर प्रदेश शाखा के तत्वधान में यूपीसीओएन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश विदेश व उत्तर प्रदेश से 110 डायबिटीज के क्षेत्र में अग्रणी वक्ता डायबिटीज से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे।

कार्यक्रम में शुक्रवार के दिन 150 शोधार्थी अपनाशोधपत्र पढेंगे। कार्यक्रम में शुक्रवार 2 बजे से चार बजे के मध्य एक रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डाइबिटीज इन इंडिया उत्तर प्रदेश शाखा की और डायबिटीज रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया जाएगा दिनांक 3 फ़रवरी दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे में कॉन्फ्रेंस का आधिकारिक शुभारंभ उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ मंत्री ब्रिजेश पाठक के कर कमलों से होगा। कार्यक्रम के



विशिष्ट अतिथि अश्विनी त्यागी सदस्य विधान परिषद, व डा अमोद सचान, चेयरमैन हिंद इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, अटरिया व सफेदाबाद होंगे। संस्था के चेयरमैन प्रो अनुज माहेश्वरी ने बताया की उत्तर प्रदेश में 18 फीसदी जनसंख्या प्री डायबिटीज से ग्रसित है, जो की राष्ट्रीय एवरेज से कही ज्यादा है। डायबिटीज के क्षेत्र में शोध और चिकित्सकों के लिए सतत शिक्षा कार्यक्रम की महती आवश्यकता है प्रो नरसिंह वर्मा, कन्वीनर ने ग्रामीण क्षेत्रों में डायबिटीज के प्रचार प्रसार रोकने व विलेज अडॉप्शन प्रोग्राम की आवश्यकता पर जोर दिया। संस्था के सचिव डा अजय तिवारी ने बताया कॉन्फ्रेंस को मेडिकल कॉन्सिल ऑफ इंडिया द्वारा 9 ब्डम् क्रेडिट्स दिए गए हैं।

व्यासजी के तहखाने में आम लोगों ने की पूजा

सुबह व्यासजी के तहखाने का गेट आलाधिकारियों की देखरेख में कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया

लखनऊ। ज्ञानवापी परिसर में व्यासजी के तहखाने में गुरुवार तड़के पूजन और आरती के बाद 12 बजे भी पूजा की गई। इसके बाद शाम चार बजे पूजा के लिए व्यासजी के तहखाने का गेट आलाधिकारियों की देखरेख में कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया। इस दौरान संत समाज के लोगों के साथ ही हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं व आम लोगों ने भी दर्शन- पूजन किया। कड़े प्रशासनिक सुरक्षा घेरे में बाहर से दर्शन कर लोग काफी खुश दिखे। व्यासजी के तहखाने में दर्शन के लिए जाते हुए हिंदू पक्ष के वकील सुधीर त्रिपाठी कहते ने कहा हम दर्शन के लिए जा रहे हैं। बहुत अच्छा एहसास है। पूजा का वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई हैं।

व्यासजी के तहखाने में 30 साल एक महीने के बाद बुधवार की मध्यरात्रि से ही पूजा आरंभ हो गई। व्यास परिवार के साथ ही मंदिर के सेवादारों ने तहखाने की दीवारों और खंभों को सबसे पहले गंगाजल से धोया। इसके बाद 45 मिनट

तक विधि-विधान से पूजा आरंभ हुई। तहखाने में भगवान गणेश, विष्णु, शिवलिंग और हनुमान जी के विग्रह के साथ रामशिला का नियमित पूजन होगा।

गुरुवार को भोर में बाबा विश्वनाथ की मंगला आरती के साथ ही व्यासजी के तहखाने में भी मंगला आरती हुई। इसके साथ ही अब रोजाना तहखाने में पांच आरती की जाएगी। व्यास परिवार के पं. जितेंद्रनाथ व्यास ने बताया कि बुधवार की रात वह तहखाने में सबसे पहले प्रवेश किए। पूजा से पहले तहखाने की दीवारों, खंभों और दीवारों पर बनी आकृतियों को गंगाजल से धोकर शुद्ध किया गया। इसके बाद अक्षत और फूल छोड़कर पूजन का संकल्प हुआ। तहखाने में क्षतिग्रस्त मूर्तियों के साथ ही दीवारों पर बनी आकृतियों का पूजन हुआ। सबसे पहली पूजा भगवान गणेश की हुई। इसके बाद भगवान शिव, भगवान विष्णु, हनुमान जी के साथ ही रामशिला का पूजन हुआ।

मूर्तियों को नैवेद्य और शिवलिंग को दूध अर्पित किया गया। पूजा होने के बाद प्रसाद वितरण हुआ। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश मिश्रा ने पूजन को संपन्न कराया। 12:30 बजे से आरंभ हुई पूजा 1:25 बजे तक पूर्ण हुई।

भोर में तहखाने में 3:30 बजे पहली मंगला आरती पुजारी ओमप्रकाश मिश्र ने उतारी। इसके बाद विग्रहों की आरती दोपहर 12 बजे, अपराह्न शाम चार बजे, शाम को सात बजे और रात्रि में 10:30 बजे शयन आरती होगी। जितेंद्रनाथ व्यास ने कहा कि हम लोग कोर्ट के निर्णय से बेहद प्रसन्न हैं। हम लोगों को पूजा करने का अधिकार मिल गया है।

बिजली विभाग का बड़ा फैसला, अब बिना रीडिंग के नहीं बनेगा बिल

लखनऊ। बिना रीडिंग बिजली का बिल आने व गलत रीडिंग कर बिल भेजना बंद होगा। अब जोन में बिलिंग बाई मंथ की व्यवस्था शुरू की गई है। इसके तहत बिना रीडिंग के बिजली का बिल नहीं बन सकेगा। साथ ही रीडिंग की वीडियो या फोटो भी रीडर को लेना होगा। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

बिना रीडिंग व गलत रीडिंग के बिल की शहर में तो समस्या है ही, ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अधिक उपभोक्ता इसी से परेशान हैं। प्रतिदिन संबंधित उपकेंद्रों पर वह शिकायत दर्ज कराने पहुंचते रहते हैं। उनकी यही शिकायत रहती है कि रीडर घर नहीं आते और अपने मन से रीडिंग दर्ज कर बिजली का बिल बना देते हैं। इसे विभाग ने गंभीरता से लिया।

उपभोक्ताओं को बिजली का बिल थोड़ा विलंब से जरूर मिलेगा, लेकिन सही रहेगा। मुख्य अभियंता, जोन द्वितीय विश्वदीप अंबरदार का कहना

■ जोन में लागू होगी बिलिंग मंथ की व्यवस्था

है कि पहले से ही रीडर के मुताबिक बिजली का बिल बनाने का आदेश रीडरों को दिया गया है, लेकिन कुछ लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में अब जहां पर अधिक बिलिंग की गड़बड़ी की समस्या है, उन क्षेत्रों में अब एक माह के बजाय दो माह में बिल मुहैया कराने का आदेश मिला है। बिलिंग बाई मंथ की व्यवस्था भी चालू कर दी गई है।

2047 के विकसित भारत की नींव को मज़बूत करने वाला बजटः संजीव

वहाज अली निहाल

इटावा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अंतरिम बजट पेश किया। यह बजट मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है। वित्तमंत्री ने इस बार छठा बजट सदन में पेश किया। मोरारजी देसाई के बाद सीतारमण ही दूसरी वित्त मंत्री हैं, जिन्हें छह बार बजट पेश करने का मौका मिला। उक्त बात भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कही। उन्होंने कहा कि गुरुवार को पेश हुआ बजट 2047 के विकसित भारत जी नींव को मजबूत करने वाला बजट है। ये बजट युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों को सशक्त करने वाला बजट है । बजट में घोषणा की गई है अगले पांच साल में ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण)के तहत 2 करोड़ घर और बनाए जाएंगे। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को भी कवर किया जाएगा। लखपति दीदी योजना को बढ़ावा दिया जाएगा। दो करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का निर्णय लिया गया है। हमारी सरकार में 1.4 करोड़ युवाओं को स्किल इंडिया मिशन का लाभ मिला है। 7 आईआईटीएस, 16 IIITs, 15 AIIMS और 7 IIMs खोले गए हैं। श्री राजपूत ने कहा कि जब पीएम नरेंद्र मोदी ने 2014 में काम शुरू किया तब देश भारी चुनौतियों का सामना कर रहा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जनता के हित में काम शुरू किया, जनता को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर दिए हैं। जबसे पीएम नरेंद्र मोदी बने है तबसे देश में नई उम्मीद जागी है। पीएम मोदी ने विकास की बात की है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के मंत्र से आगे बढ़ रही है।

आम बजट पर बोले व्यापारी नेता

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे व्यापारी विरोधी बताया है, 1.72 लाख करोड़ का रिकार्ड तोड़ जीएसटी संग्रह के बाबजूद व्यापारियों को जीएसटी मे कोई छूट नहीं दी गयी है, व्यापारियों ने नगद लेन देन की सीमा बड़ानें, मंडी शुल्क समाप्त करनें, व्यापारी पेंशन, बाजारों को बचाने के लिए आनलाइन व्यापार पर दस प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स, आटा, कपड़ा आदि को जीएसटी मुक्त करने आदि मांगों को सिरे से नकार दिया गया है, बजट से व्यापारी जगत मे घोर निराशा है। व्यापार मंडल के जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी ने कहा कि व्यापारियों की मांग थी कि आयकर दाता व्यापारी की किसी भी प्रकार से मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए का बीमा दिया जाए परंतु ये मांग नहीं मानी गई यह निराशाजनक है।

प्रगतिशील व सर्वसमावेशी बजटः डॉ.ज्योति वर्मा

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। डॉ.ज्योति वर्मा(प्रवक्ता संस्कृत)ने केन्द्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विकसित भारत के चार स्तंभ हैं किसान, युवा, गरीब व महिलाएं। यह बजट उन सभी को समर्पित है पिछले 10 सालों में सीढ़ी दर सीढ़ी विकास करते हुए आगे बढ़ते हुए सरकार ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। यह बजट प्रगतिशील व सर्वसमावेशी बजट है। स्वयं सहायता समूह की दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था। अब यह लक्ष्य बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में पिछले 10 सालों में गांव व शहर मिलाकर लगभग चार करोड़ आवास बने। अगले 5 वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना में 2 करोड़ आवास और बनाने का लक्ष्य रखा गया है । कॉरपोरेट टैक्स घटकर 22 प्रतिशत कर दिया गया है आयुष्मान भारत का फायदा अब सभी आशा वर्कर्स को मिलेगा। यह बजट सबके लिए है। निश्चित रूप से समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए हितकारी सिद्ध होगा । वर्ष 2047 तक भारत अवश्य ही एक विकसित राष्ट्र बन जायेगा सर्वसमावेशी होने के कारण यह बजट प्रशंसनीय है।

चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। बीते 29 जनवरी को शराब ठेका में हुई चोरी के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पकड़े गए आरोपियों के पास से नाजायज तमंचा कारतूस, फोर व्हीलर गाड़ी में चोरी करने के लिए ताला तोड़ने के लिए रिंच पाने और चोरी के लगभग पच्चासी हजार रुपये बरामद किए गए हैं। बीते 29 जनवरी को बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम महेरा में एक शराब ठेका में लाखों रुपये की चोरी हुई थी जिसका मुकदमा बिंवार थाने में दर्ज किया गया था और पुलिस ने चोरी की घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया था।

घटना के तीन दिन बाद बिंवार पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि राठ हमीरपुर रोड पर मुख्य सड़क से अंदर महेरा जाने वाली सड़क पर पुलिया के निकट एक फोर व्हीलर गाड़ी में कुछ संदिग्ध लोग हैं और फोर व्हीलर गाड़ी में नम्बर प्लेट भी नहीं है।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चारों ओर से घेराबंदी कर गाड़ी में बैठे चिकासी थाना क्षेत्र के आकाश राजपूत पुत्र हरीसिंह,राठ कस्बे निवासी शानू खान पुत्र इसरार खान और बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम महेरा निवासी अवधेश राजपूत पुत्र हरीसिंह को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियों में शानू के पास से एक नाजायज तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है जबकि गाड़ी में रिंच पाना जिनका प्रयोग से आरोपी ताला तोड़ने में किया करते थे और साथ ही चोरी के लगभग पच्चासी हजार रुपये भी बरामद किए हैं।

समाज में वैज्ञानिकों की भूमिका पर एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस आयोजित

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। भारत सरकार की एसईआरबी योजना के तहत बीएसए कॉलेज और जीएलए विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से समाज के लिए विज्ञान पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विज्ञान के दर्शन, वैज्ञानिक स्वभाव पर विचार, विज्ञान में नैतिक अभ्यास , विज्ञान शिक्षा में सुधार और ÷समाज में वैज्ञानिकों की भूमिका÷ पर ही सभी वक्ताओं द्वारा अपने विचार रखे गए। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि जीएलए विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ अनूप गुप्ता , विशिष्ट अतिथि बीएसए कॉलेज के प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा, विशिष्ट अतिथि जीएलए विश्वविद्यालय फिजिक्स के विभागाध्यक्ष डॉ अनुज विजय, कन्वेनर डॉ धर्मवीर सिंह ,कोऑर्डिनेटर डॉ यू के त्रिपाठी व डॉ बी के गोस्वामी,ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ रवीश शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन व मल्यार्पण कर किया। जीएलए विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ आराध्य शुक्ला ने सभी अथितियों का स्वागत किया और डॉ शोभित सचान ने दिल्ली विश्वविद्यालय से आए प्रोफेसर डॉ मनीष कुमार शर्मा, डॉ रामलाल अवस्थी साथ ही जीएलए विश्वविद्यालय के डॉ मनोज कुमार विजय, डॉ आशुतोष सिंह व डॉ राय सहित अन्य सभी वक्ताओं का स्वागत किया। को-कन्वेनर डॉ विजय कुमार मिश्रा ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि डॉ अनूप गुप्ता ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि विज्ञान आंदोलन समाज में वैज्ञानिक स्वभाव के निर्माण की दिशा में एक सामयिक कदम है। विशिष्ट अतिथि प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा ने कहा कि वैज्ञानिक तर्क पर आधारित शिक्षा देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने में मदद कर सकती है।विशिष्ट अतिथि डॉ अनुज विजय ने बताया पिछली एक सदी में विज्ञान ने समाज को कई लाभ पहुंचाए हैं, लेकिन विज्ञान केवल लाभ के बारे में ही नहीं है, बल्कि यह सोचने का एक तरीका भी प्रदान करता है। इसके बाद सभी वक्ताओं ने अपने तर्क रखे। सम्मेलन का समापन एक खुले सत्र (जनता के लिए) के साथ हुआ, जिनका समाधान कन्वेनर डॉ धर्मवीर सिंह व ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ रवीश शर्मा ने किया। सम्मेलन में बीएसए (पी.जी.) कॉलेज के प्रोफेसर डॉ बबीता अग्रवाल ,डॉ के के कनोडिया, डॉ खुशवंत सिंह, डॉ शिवराज भारद्वाज डॉ सत्येन्द्र त्रिपाठी, डॉ अमित झा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी लेखाकार जी के यादव, सुबोध अग्रवाल, अजय कुमारआदि उपस्थित रहे।

प्रवेश हेतु निःशुल्क आवेदन 29 फरवरी तक करें

हरदोई। प्रधानाचार्य राजकीय पालीटेक्निक, हरदोई कविता त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनउ से सम्बद्ध विभिन्न राजकीय, अनुदानित, निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरनेकी सुविधा संयुक्त प्रदेश परीक्षा परिषद की वेबसाइट jeecup-admissions-nic-in पर 08 जनवरी से प्रारम्भ हो चुकी है और आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 29 फरवरी 2024 निर्धारित है। उन्होने बताया है कि प्रवेश हेतु परीक्षा 16 फरवरी से 22 फरवरी 2024 के मध्य जनपदों में ऑनलाइन आयोजित की जायेगी तथा प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने की सुविधा राजकीय पालीटेक्निक, हरदोई में निःशुल्क सहायता पटल स्थापित किया गया है और परीक्षा देने के इच्छुक अभ्यर्थी संस्था के कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे के मध्य उपस्थित होकर आवेदन भरवा सकते हैं।

जनपद में आयोजित हुआ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) आयोजित हुआ। जिसके तहत एक से 19 साल के बच्चों, किशोर और किशोरियों को पेट में कीड़े की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई। इस दिवस का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने प्राथमिक विद्यालय जलाखर पुरवा पुलिस लाइन में स्वयं एल्बेंडाजोल खाकर किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित बच्चों को भी दवा खाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि बच्चों में आदत होती है चीजों को मुंह में रखने की। इसकी वजह से कीड़े शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा नंगे पैर घूमने और बिना धुले फल और सब्जियों के सेवन से भी कीड़े शरीर में पहुंचते हैं और वह आंत में पहुंचकर पोषक तत्वों को खा जाते हैं जिससे बच्चे कुपोषित हो जाते हैं और उनमें खून की कमी हो जाती है और बच्चे बार-बार बीमार पड़ते हैं। पेट में कीड़े होने पर बच्चे थकान महसूस करते हैं। उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। वह ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते हैं। इन सभी समस्याओं का समाधान है कि हर छह माह में कीड़े निकालने की दवा का सेवन किया जाये। इसलिए सरकार द्वारा साल में दो बार फरवरी और अगस्त में एल्बेन्डाजोल खिलायी जाती है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान के माध्यम से भी एल्बेंडाजोल दवा खिलाई जाती है।

एनडीडी के नोडल अधिकारी डॉ0 जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक से 19 वर्ष के 22.34 लाख बच्चों, किशोरों और किशोरियों को दवा खिलाने का लक्ष्य है, जो बच्चे किशोर और किशोरी किन्हीं कारणों से इस दिन दवा खाने से रह गए हैं उन्हें पाँच फरवरी को मॉप अप राउंड के चलाकर खिलाई जाएगी।

जनपद के कुल 5525 सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं 3930 आंगनबाड़ी केंद्रों पर यह दवा खिलाई गई। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य समन्वयक मो0 एहसान ने बताया कि कृमि मुक्ति दवा के सेवन से स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है, प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि और एनीमिया नियंत्रित होता है। इसके साथ ही सीखने की क्षमता में सुधार होता है। मो0 एहसान ने कृमि संक्रमण के लक्षणों के बारे में बताया कि पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना कृमि संक्रमण के लक्षण हो सकते हैं। बच्चे के पेट में कीड़े की मात्रा जितनी अधिक होगी उसमें लक्षण उतने ही अधिक होंगे। हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते हैं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत कुमार सिंह, किशोर स्वास्थ्य काउंसलर मो0 शफी, साधना सिंह, विद्यालय के शिक्षक और छात्र - छात्राएं मौजूद रहे।

23 वर्ष पूर्व हुए जातीय संघर्ष के 15 दोषियों को आजीवन कारावास

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र के अंतर्गत 23 वर्ष पूर्व पंचायती भूखंड पर कब्जे को लेकर सवर्ण जाति के लोगों और अनुसूचित जाति के लोगों के मध्य हुए संघर्ष के मामले में विशेष अदालत ने 15 लोगों को दोषी सिद्ध मानते हुए आजीवन कारावास के साथ अर्थ दंड की सजा सुनाई गई है। जानकारी के अनुसार थाना हाईवे क्षेत्र के गांव दतिया में 23 जनवरी 2001 को पंचायती भूखंड पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे सवर्ण जाति के लोगों का अनुसूचित जाति (जाटवों) नए विरोध किया तो इस बात पर आक्रोशित दबंग लोगों ने अवैध असला और लाठी डंडों से दलित बस्ती पर हमला बोल दिया जो भी मिला उसको मारा पीटा फायरिंग कर दहशत फैलाई घरों में आग लगा दी इस घटना में राजेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल हो गया 6 माह की मासूम बालिका आगजनी में जलकर मृत्यु हो गई थी। इस घटना की रिपोर्ट होरी लाल ने 16 लोगों के विरुद्ध कराई गई थी। इस घटना की विवेचना क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारी के द्वारा की गई इसके बाद सीबीसीआईडी आगरा से विवेचना संपन्न होकर आरोप पत्र न्यायालय में वर्ष 2005 और वर्ष 2006 में दाखिल किया गया। दौरान विवेचना आठ लोगों के नाम और प्रकाश में आए 24 लोगों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हुआ था इन में से 9 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में आरोपी पक्ष के द्वारा हाई कोर्ट से सुनवाई पर स्टेट प्राप्त कर लिया था।

विद्यार्थियों का डाटा 05 फरवरी तक प्रत्येक दशा में पोर्टल पर अपलोड करायेंः जिलाधिकारी

- 27, 28 एवं 29 फरवरी के बीच हरहाल में स्मार्ट फोन का वितरण करा देंः मंगला

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में स्मार्ट फोन वितरण के संबंध में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रबंधकों/प्रधानाचार्यों की बैठक जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी महाविद्यालयों के जिम्मेदार अपने विद्यार्थियों का डाटा 05 फरवरी 2024 तक प्रत्येक दशा में पोर्टल पर अपलोड कराने के साथ ही 14 से 17 फ़रवरी 2024 तक डाटा को वैरीफाई कर दें। उन्होने निर्देश दिये कि स्मार्ट फोन का वितरण जल्द कराये और वितरण के उपरान्त 24 घण्टे के अंदर पोर्टल पर मार्किंग का कार्य कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से लाखों गरीब विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल होगा और वह भी तकनीकी ज्ञान की ओर तेजी से बढ़ सकेगें, इसलिए सरकार की मंशा के दृष्टिगत निर्धारित तिथि 27, 28 एवं 29 फरवरी 2024 के बीच हरहाल में स्मार्ट फोन विद्यार्थियों में वितरित करायें और इसकी सूचना पूर्व में ही छात्राओं को उपलब्ध करा दें ताकि वह समय पर आकर स्मार्ट फोन प्राप्त कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रधानाचार्य स्मार्ट फोन वितरण के लिए मा0 जनप्रतिनिधियों को पहले से आमंत्रित कर लें और निर्धारित तिथि में वितरण करायें। उन्होने कहा कि समय पर वितरण न होने एवं मार्किंग न होने की स्थिति में संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य के विरूद्ध जावबदेही तय करते हुए एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना से पात्र छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करें ताकि बच्चे तकनीकी ज्ञान से खुद को जोड़ कर आगे बढ़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आंगनवाड़ियों को शिक्षा सामग्री व गरीबों को कंबल किया वितरित

अवधनामा संवाददाता

गाजियाबाद। शिक्षा से ही समाज को विकसित किया जा सकता है।ये कहना तो बहुत लोगो का है। लेकिन उस पर कार्य सभी नही करते। समाज सेविका रीता देओल हमेशा से शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देती रहती है। वो हमेशा सरकार के प्रयासों में अपना सहयोग देती रही है। उन्होंने अब तक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले या फिर आर्थिक रूप से कमजोर लगभग 450 बच्चो को शिक्षा सामग्री वितरित की है। और 12 आंगनवाड़ी को भी सामग्री दे चुकी है। इस बार उन्होंने बम्हेता में स्थित 20 आगनवाड़ी के बच्चो और आंगनवाड़ी में प्रयोग की जाने वाली सामग्री जैसे पेंसिल, कॉपी, किताब, कलर बॉक्स, कलर ब कलर की किताब, व्हाइट बोर्ड, चार्ट पेपर एवम खेल सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अनिल अग्रवाल जी, नगर अपर आयुक्त गाजियाबाद, पार्षद वार्ड 42 सीडीपीओ, भाजपा नेत्री उदिता त्यागी एवम अन्य लोग उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम आदित्य वर्ल्ड सिटी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में संपन्न हुआ। रीता देओल संकल्प वेलफेयर सोसायटी की प्रेसिडेंट है। और उनके कार्य में सहयोग के लिए उन्होंने आगनवाड़ी अधिकारी शशि वार्ष्णेय, समस्त नगर निगम अधिकारियों एवं अपनी टीम रजनी तोमर, भर्ती अग्रवाल, मधु ,अर्चना शर्मा, सीमा गौतम ,किरण झा, गौरव अरोड़ा का धन्यवाद व्यक्त किया। सोसाइटी में सुंदरकांड कराया फिर भंडारा जिसमे लोगो को पुरानी संस्कृति के अनुसार बिठा कर खिलाया। 300 लेबर ,सफाई कर्मचारी,सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी पेंटर, माली में कंबल वितरित किए

कर्मचारियों ने शॉल उड़ाकर, प्रतीक चिन्ह देकर दी विदाई

अवधनामा संवाददाता

एटा। जिला सूचना कार्यालय में क्लीनर के पद पर कार्यरत श्री महेश चन्द्र 31 जनवरी 2024 को अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के फलस्वरूप सेवानिवृत्त हो गये। महेश चन्द्र को सेवानिवृत्त होने पर सूचना कार्यालय जिला पंचायत परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महेश चन्द्र को अपर जिला सूचना अधिकारी कमलदीप यादव सहित कार्यालय के कर्मचारियों ने शॉल उड़ाकर, मालाएं पहनाकर, प्रतीक चिन्ह देकर भावभीनी विदाई दी। महेश चन्द्र जनपद एटा के साथ-साथ लखनऊ, आगरा, इलाहाबाद में भी सेवाएं दे चुके हैं।

अपर जिला सूचना अधिकारी ने क्लीनर महेश चन्द्र के उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन के लिये शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी के लिए सकुशल सेवा पूर्ण करना सेवा का ध्योतक है। जो व्यक्ति सेवा में आया है उसको एक दिन सेवानिवृत्त अवश्य होना है। कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद देवराज सिंह, राकेश कुमार, दिलीप कुमार सिंह अखिलेश कुलश्रेष्ठ से.नि. आदि

द्वारा महेश चन्द्र के अच्छे कार्यकाल पर चर्चा की गई। महेश चन्द्र ने विदाई समारोह में अपने सेवाकाल के दौरान अधिकारियों एवं सहयोगी साथियों द्वारा दिये गये सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया और भावुक होकर कहा कि लगभग 37 वर्ष से अधिक समय के कार्यकाल की स्मृतियॉ उनके जीवन की अमूल्य धरोहर हैं।

इस अवसर पर देवराज सिंह, राकेश कुमार, दिलीप कुमार सिंह, अर्जुन सिंह, अखिलेश कुलश्रेष्ठ से.नि. एवं परिवारीजन मौजूद रहे।

बेटियों के लिए स्कूल नहीं तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता

- ग्राम मडौरा लोगों ने किया निर्णय ग्राम में राजनैतिक दल के नेता को नहीं घुसने देंगे
- भाकियू चढूनी के कार्यकर्ता एबीएसए कार्यालय पर देंगे धरना

बल्देव (मथुरा)। ब्लाक की ग्राम पंचायत मडौरा में आजादी के 76 सालों बाद भी बेटियों को एक सरकारी जूनियर हाईस्कूल तक नहीं खुल सका है। इसलिए ग्राम प्रधान भूरी देवी सहित गांव की महिलाओं व बेटियों ने पंचायत घर पर बैठक कर घोषणा की है कि वह किसी भी राजनीतिक दल के नेता को गांव में घुसने नहीं देंगी। उन्होंने गांव में चुनाव के समय पोलिंग बूथ भी न बनने देने का एलान किया है। ग्राम प्रधान ने कहा है कि कन्याओं को गांव से 5 किमी दूर खेतों की पगडंडियों से भूड़ा गांव में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है। ग्राम प्रधान श्रीमती भूरी देवी द्वारा गांव में सरकारी माध्यमिक विद्यालय नहीं होने के कारण गांव की ग्राम सभा सदस्य श्रीमती रिंकेश देवी व लक्ष्मी देवी सीमा देवी आदि दर्जनों महिलाओं के साथ घर-घर जाकर सर्वे किया जिसमें 135 ऐसी बेटियां हैं जो कक्षा 5 वी के बाद गांव में सरकारी विद्यालय नहीं होने के कारण विद्यालय नहीं जा सकी हैं। करीब 60 बच्ची ऐसी पायीं गई जो आज तक विद्यालय गई ही नहीं। ग्राम प्रधान द्वारा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल भी दर्ज कराई गई हैं। उसके बाद अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। अब ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए लिखा है कि आज कल बेटियां जहां घर में सुरक्षित नहीं हैं, दूसरी ओर गांव की बेटियों को शिक्षा के लिए खड़ी फसलों से होकर गांव से 5 किमी दूर स्थित गांव भूड़ा पढ़ने जाना पड़ता है । जिससे भविष्य में कभी बेटियों के साथ कोई भी हादसा हो सकता है। एक तरफ सरकार विकसित भारत की बात कर रही है वहीं एक छोटे से गांव में करीब 200 बच्चे अशिक्षित रह जाएं तो क्या विकसित भारत का सपना पूरा होगा। प्रधान ने कहा कि गांव सरकारी नौकरी औसत 1त्न भी नहीं है। गांव के लोग अधिकतर मजदूर हैं। गांव के लोग जब अपनी बेटियों के लिए रिश्ता देखने जाते हैं तो जब उनसे पूछा जाता है कि आपकी बेटी कितनी पढ़ी है तो बेटी के पिता की नजर नीचे झुक जाती है। आजाद भारत में कक्षा 8 तक निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करना हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। जब नजदीक विद्यालय ही नहीं है। तो मौलिक अधिकार कहा रह जाते हैं । गांव की महिलाओं व बेटियों ने पंचायत घर पर बैठक कर निर्णय लिया कि आगामी चुनाव में जब तक विद्यालय का निर्माण नहीं होगा तब तक गांव में किसी भी राजनीतक दल के किसी भी प्रत्याशी को गांव घुसने नहीं दिया जाएगा। भाकियू चढूनी के मंडल अध्यक्ष आगरा मंडल रामवीर सिंह तोमर, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष डा. सतीश चन्द्र, अमर सिंह छौंकर , प्रेम सिंह सिकरवार ने बल्देव में लड़कियों के लिए मढ़ौरा में जूनियर हाईस्कूल खोलने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा तभी साकार होगा जब सरकार बेटियों के लिए गांव में शिक्षा का मंदिर उपलब्ध कराए।

युवाओं को गुमराह कर नफ़रत फैला रही है भाजपा

मथुरा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर मथुरा वृन्दावन महानगर इकाई गांव-गांव पहुंचकर पीडीए जन-पंचायत का आयोजन आज सातवें दिन छात्र सभा के अध्यक्ष कुंवर रानू यादव के नेतृत्व में व महानगर अध्यक्ष रितु गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पीडीए जन पंचायत में क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष रितु गोयल, महानगर महासचिव अभिषेक यादव एड.,विधानसभा प्रभारी देवकीनंदन कश्यप विधानसभा अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद लोधी पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष रमेश सैनी सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेश यादव, महानगर उपाध्यक्ष भगवती चतुर्वेदी, आर के अगिनहोत्री, गोवर्धन विधानसभा अध्यक्ष ओमवीर सिंह आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि डबल इंजन सरकार महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों , दलितों, व अल्पसंख्यको के साथ खिलवाड़ किया जा रहा।

जिला मजिस्ट्रेट ने केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ की बैठक

- शासन की मंशानुसार नकलविहीन परीक्षाएं सम्पन्न कराएं, लापरवाही पर होगी एनएसए के तहत सख्त कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

एटा। जिला पंचायत स्थित जनेश्वर मिश्र सभागार में शासन की मंशानुसार यूपी बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अतिआवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिला मजिस्ट्रेट प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने बैठक में प्रतिभाग कर केन्द्र व्यवस्थापकों को शासन के निर्देशों से अवगत कराया। डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद में 22 फरवरी से 92 केन्द्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन दो पालियों में किया जाना है। सभी केन्द्र व्यवस्थापक अपने-अपने केन्द्र पर शासन द्वारा निर्धारित मानकों को पूर्ण कर एक बार स्वयं भी अध्ययन कर लें, जिससे कि परीक्षा के दौरान कोई अव्यवस्था न हो। जनपद में हाईस्कूल के 31129, इण्टरमीडिएट के 26221 सहित कुल 57350 परीक्षार्थी यूपी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। डीएम ने कहा कि जनपद में प्रत्येक दशा में नकलविहीन परीक्षाएं सम्पन्न कराना हम सभी का दायित्व है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर शासन की मंशानुसार अवस्थापना सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष की यूपी बोर्ड परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे वायस रिकार्डर सहित की निगरानी में सम्पन्न कराई जाएंगी। प्रत्येक केन्द्र पर अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट को भी लगाया जाना हैं। इसके साथ ही केन्द्र पर संचालित सीसी टीवी कैमरे की जनपद स्तर पर संचालित केन्द्रीय कन्ट्रोलरूम के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि की मॉनीटरिंग होगी। एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा प्रत्येक केन्द्र पर शासन की मंशानुसार पर्याप्त पुलिस बल को लगाया जाएगा, जिससे कि परीक्षाएं सकुशल सम्पन्न हो। बैठक को एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, डीआईओएस चन्द्रकेश सिंह ने भी संबोधित करते हुए जानकारी दी।

इंग्लैंड के 'बैजबॉल' के खिलाफ भारत को करना होगा रणनीति में बदलाव

शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड की बेखौफ 'बैजबॉल' शैली का सामना करने के लिये बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी।

पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड की बेखौफ 'बैजबॉल' शैली का सामना करने के लिये बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। उसके बाद रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है।

तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दोचार होना पड़ा था जब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था लेकिन वापसी करके भारत ने श्रृंखला जीती थी। जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम हालांकि अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिये इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिये हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी 'बैजबॉल' शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता। ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी आक्रमण को बखूबी झेला जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।

दूसरे टेस्ट में भारत के पास जडेजा नहीं होंगे और 500 टेस्ट विकेट से चार विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसके साथ ही अक्षर पटेल

को भी विकेट लेने तथा रनों पर रोक लगाने के नये तरीके तलाशने होंगे। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पहले मैच मे मिली हार के बाद कहा था यह जरूरी है कि हम सही रणनीति के साथ उतरे और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो।

उन्होंने कहा मुझे लगता है कि हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। ओली पोप ने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन उम्मीद है कि अगले मैच में हम रणनीति पर बेहतर अमल करेंगे और वह कोई गलती करेगा। जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं और यह देखना होगा कि भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बायें हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है। भारतीय बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नये स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया।

गिल को रक्षात्मक खेल का खामियाजा उठाना पड़ा। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगा जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे। दूसरी ओर इंग्लैंड के पास 2.0 से बढत बनाने का सुनहरा मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश करते हुए अपने संसाधनों का बखूबी इस्तेमाल किया। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिये चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं।

मैकुलम ने सेन रेडियो से कहा कि, पहले टेस्ट की तरह की पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं। पहले मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभावित नहीं कर सके लिहाजा गुस एटकिंसन, जेम्स एंडरसन या ओली रॉबिनसन को उतारा जा सकता है।

टीमें

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर,केएस भरत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार

इंग्लैंड : बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गुस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, डान लॉरेंस, जाक क्राली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिनसन, जो रूट, मार्क वुड।

इंग्लैंड टीम को बड़ा झटका, ये धाकड़ खिलाड़ी हुआ दूसरे टेस्ट से बाहर

दरअसल, इंग्लैंड के खिलाड़ी जैक लीच चोटिल होने के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वहीं बेन स्टोक्स ने कन्फर्म किया है कि जैक लीच दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। लीच के पैर में हेमाटोमा हो गया है। हमारी मेडिकल टीम इसकी जांच कर रही है और आशा है कि समस्या गंभीर ना हो।

भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट 2 फरवरी से विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले इंग्लैंड खेमे से बुरी खबर आई है। दरअसल, इंग्लैंड के खिलाड़ी जैक लीच चोटिल होने के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इससे पहले भारत के दो खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल भी चोटिल होने के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने जीत दर्ज की थी, खराब शुरुआत के बाद शानदार जीत ने इंग्लैंड के हौसले बढ़ाए हैं। टीम के लिए पहला मैच खेल रहे टॉम हार्ले ने दूसरी पारी में 7 विकेट अपने नाम किए। ओली पॉप ने इससे पहले दूसरी पारी में 196 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली थी। स्पिनर्स का रोल भारत में अहम होता है, इसलिए इंग्लैंड के कोच ब्रेंडम मैकुलम ने दूसरे टेस्ट से पहले कहा था कि वह 4 स्पिनर्स के साथ उतर सकते हैं। लेकिन अब टीम के मुख्य स्पिनर गेंदबाज चोटिल होकर दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इंग्लिश टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कन्फर्म किया है कि जैक लीच दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। लीच के पैर में हेमाटोमा हो गया है। हमारी मेडिकल टीम इसकी जांच कर रही है और आशा है कि समस्या गंभीर ना हो।

वहीं लीच के बाहर होने के बाद शोएब बशीर के डेब्यू की उम्मीदें बढ़ गई हैं। देरी से वीजा मिलने के कारण वे टीम से जुड़ नहीं पाए जिस कारण वह पहले टेस्ट से बाहर थे।

एफआईएच प्रो लीग 2024 के लिए भारत के स्क्वॉड का ऐलान, हरमनप्रीत को मिली कमान

ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान होंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिये गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। 10 से 25 फरवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों के लिए भारतीय 24 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान हो गया है। वहीं हरमनप्रीत सिंह को भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कमान सौंपी गई है। जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। बता दें कि, भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा।

भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो दो बार खेलेंगी। पहला मैच 10

फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे।

गोलकीपिंग का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे।

फॉरवर्ड पंक्ति में अनुभवी ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे। वहीं मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि, हमने सोच समझकर काफी संतुलित टीम चुनी है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं। हमारा लक्ष्य एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना है। यह शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को आंकने का सुनहरा मौका है।

इंग्लैंड ने प्लेइंग 11 में किए दो बदलाव, शोएब बशीर करेंगे टेस्ट डेब्यू

2 फरवरी से विशाखापट्टनम में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। बेन स्टोक्स की टीम में 2 बदलाव हुए हैं। हैदराबाद टेस्ट की तरह टीम ने एक बार फिर से 3 स्पिनर्स और 1 तेज गेंदबाज के साथ उतरने का फैसला किया है। चोटिल जैक लीच की जगह शोएब बशीर को टेस्ट डेब्यू का मौका मिलेगा। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। शुक्रवार यानी 2 फरवरी से विशाखापट्टनम में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। बेन स्टोक्स की टीम में 2 बदलाव हुए हैं। हैदराबाद टेस्ट की तरह टीम ने एक बार फिर से 3 स्पिनर्स और 1 तेज गेंदबाज के साथ उतरने का फैसला किया है। चोटिल जैक लीच की जगह शोएब बशीर को टेस्ट डेब्यू का मौका मिलेगा। इसके अलावा तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह जेम्स एंडरसन लेंगे। इंग्लैंड की टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे है। हैदराबाद टेस्ट में शुरुआत में पिछड़ने के बाद इंग्लिश टीम ने शानदार शुरुआत की थी।

आखिरी सुपर सिक्स मैच में भारत का सामना नेपाल से

भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाये हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की।

ब्लोमफोंटेन। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में उतरेगी तो नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने का लक्ष्य होगा। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान (प्लस 1 . 06) और भारत (प्लस 3.32) दोनों के छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली भारतीय टीम अभी तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है।

भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाये हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। बायें हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे ने अभी तक 12 विकेट ले लिये हैं। इन दोनों के अलावा

कप्तान सहारन, विकेटकीपर बल्लेबाज अरावल्ली अवनीश, आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढा होगा। बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है।

नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाये जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने पांच विकेट लिये थे।

टीमें

भारत : अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी नेपाल देव खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद।

कार्तिक आर्यन ने कबीर खान के साथ शूटिंग पूरी की, एक साल बाद चखा चीनी का स्वाद चखा

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने आखिरकार अपनी आगामी फिल्म चंदू चैंपियन की शूटिंग पूरी कर ली है। कार्तिक के प्रशंसक उन्हें इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में देखने के लिए उत्सुक हैं और इस फिल्म की शूटिंग खत्म करना उनके लिए एक अच्छी खबर है।

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने आखिरकार अपनी आगामी फिल्म चंदू चैंपियन की शूटिंग पूरी कर ली है। कार्तिक के प्रशंसक उन्हें इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में देखने के लिए उत्सुक हैं और इस फिल्म की शूटिंग खत्म करना उनके लिए एक अच्छी खबर है। अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफ़ाइल पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें निर्देशक कबीर खान को चंदू चैंपियन के लिए अपना आखिरी शॉट देने के बाद कार्तिक को रसमलाई खिलाते देखा जा सकता है।

आर्यन ने यह भी उल्लेख किया कि उन्होंने एक साल बाद चीनी का स्वाद चखा क्योंकि वह चंदू चैंपियन में अपने किरदार के लिए परफेक्ट बॉडी टाइप पाने के लिए सख्त आहार पर थे। उन्होंने लिखा ÷इस रसमलाई का स्वाद जीत की तरह है! आखिरकार एक साल के बाद चीनी खा रहा हूँ ! एक साल से अधिक की गहन तैयारी और दुनिया भर में 8 महीने की दिन-रात की शूटिंग के बाद, आज हमने चंदू चैंपियन की शूटिंग यात्रा पूरी की। कार्तिक ने कैप्शन में आगे लिखा, यह मेरी पसंदीदा रसमलाई से ज्यादा मीठी नहीं है-उस आदमी से जिसने मेरे लिए यह चुनौतीपूर्ण रास्ता बनाया आप एक गहरी प्रेरणा रहे हैं कबीर खान सर। चंदू चैंपियन फिल्म के बारे में वह सब कुछ जो आपको जानना आवश्यक है

कार्तिक की फिल्म चंदू चैंपियन को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। कथित तौर पर, श्रद्धा फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, लेकिन निर्माताओं ने इसे गुप्त रखा है। इस फिल्म की कहानी मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित होगी। अनजान लोगों के लिए, पेटकर एक स्वर्ण पदक विजेता हैं जिन्होंने 1970 के राष्ट्रमंडल खेलों और फिर 1972 में जर्मनी में आयोजित पैरालिंपिक में देश को गौरवान्वित किया। चंदू चैंपियन इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी सटीक रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है।

कार्तिक के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। इस फिल्म में उनके अपोजिट कियारा आडवाणी नजर आई थीं। चंदू चैंपियन के अलावा वह आशिकी 3 में तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे।

मन्नारा चोपड़ा ने खुलासा, बिग बॉस 17 फिनाले के बाद प्रियंका चोपड़ा-निक जोनस ने उनसे क्या कहा था?

बिग बॉस 17 में फर्स्ट रनर-अप रहीं मन्नारा चोपड़ा ने हाल ही में अपनी चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने खुलासा किया कि कैसे ने उन्हें बिग बॉस के घर में उनके कार्यकाल के लिए बधाई दी थी। बिग बॉस 17 में फर्स्ट रनर-अप रहीं मन्नारा चोपड़ा ने हाल ही में अपनी चचेरी बहन प्रियंका चोपड़ा के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने खुलासा किया कि कैसे ने उन्हें बिग बॉस के घर में उनके कार्यकाल के लिए बधाई दी थी। टेली मसाला के साथ बातचीत में उन्होंने खुलासा किया कि फिनाले के बाद उन्होंने प्रियंका और निक से घंटों बात की और कहा, वह मुझे बता रही थीं कि कैसे उन्हें मेरे बारे में हर तरफ से संदेश मिल रहे हैं।अमेरिका में प्रसारित न होने के बावजूद बिग बॉस 17 का हर एपिसोड उनके पास है। इसके बाद उन्होंने मजाक में मुझसे अपने गले का ख्याल रखने को कहा। शो में उन्होंने मुझे पसंद किया और कहा कि मुझे तुम पर बहुत गर्व है कि तुमने गेम खेलने के लिए अपने परिवार के नाम का इस्तेमाल नहीं किया। इसके अलावा, उन्हें हाल ही में मुंबई में एक भोजनालय के बाहर देखा गया, जहां उन्होंने प्रियंका के साथ अपनी बातचीत के बारे में बातचीत

की और कहा, अब तेरेको गिफ्ट क्या चाहिए? हम तेरेको कैश भेज रहे हैं। मैंने कहा नहीं, मुझे ड्रेस चाहिए, कपड़े। इतने सारे साक्षात्कार, इतनी सारी घटनाएँ। फिर उन्होंने कहा, वादा करो, हम कपड़े भेजेंगे। अब मैं इंतजार कर रही हूं कि कपड़े आएंगे और मैं धमाल मचाऊंगी।

इससे पहले न्यूज 18 के साथ एक इंटरव्यू में मन्नारा से पूछा गया था कि क्या उन्होंने बिग बॉस 17 के घर में प्रवेश करने से पहले प्रियांक से बात की थी। उन्होंने आगे कहा नहीं, हमने वास्तव में एक-दूसरे से बात नहीं की। मैं एक शूटिंग के लिए अमेरिका में था और भारत लौटने के बाद तुरंत बिग बॉस के घर में पहुंच गयी। कार में बैठते ही मैं उसे मैसेज करूंगी और अगर वह स्वतंत्र है, तो मैं उससे बात करूंगी, और उसे धन्यवाद दूंगी।

बिग बॉस 17 का ग्रैंड फिनाले 28 जनवरी, 2024 को हुआ, जहां स्टैंड-अप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी विजेता बने।

साउथ फिल्मों के जॉनी लिवर हैं ब्रह्मानंदम, 1100 से अधिक फिल्मों में कर चुके हैं काम

साउथ इंडस्ट्री के फेमस एक्टर ब्रह्मानंदम किसी पहचान के मोहताज नहीं है। आज यानी की 1 फरवरी को ब्रह्मानंदम अपना 68वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनको साउथ का जॉनी लिवर कहा जाता है। वह अपनी कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं।

साउथ इंडस्ट्री के फेमस एक्टर ब्रह्मानंदम किसी पहचान के मोहताज नहीं है। आज यानी की 1 फरवरी को ब्रह्मानंदम अपना 68वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनको साउथ का जॉनी लिवर कहा जाता है। वह अपनी कॉमेडी के लिए जाने जाते हैं। वहीं उनके बिना साउथ की फिल्में अधूरी मानी जाती है। आपको जानकर हैरानी होगी कि ब्रह्मानंदम एक हजार से भी ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं।

हांलाकि बचपन में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति काफी ज्यादा खराब थी। लेकिन अपनी मेहनत और प्रतिभा के चलते उन्होंने अपनी करोड़ों की संपत्ति बना ली है। आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर ब्रह्मानंदम के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और परिवार

आन्ध्रप्रदेश के साटेनापल्ली जिले के मुपल्ला गांव में 1 फरवरी 1956 को ब्रह्मानंदम का जन्म हुआ था। उनका बचपन काफी तंगहाली में बीता था। बताया जाता है कि परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी थी कि उनको दो समय का खाना भी नसीब नहीं होता था। लेकिन वर्तमान समय में वह लग्जरी लाइफ जीते है। बता दें कि एक्टर की नेट वर्थ करीब 450 करोड़ रुपये है। वह एक फिल्म के लिए 1-2 करोड़ रुपए चार्ज करते हैं।

कॉलेज में करते थे मिमिक्री

कॉलेज में ब्रह्मानंदम में अक्सर मिमिक्री कर स्टूडेंट को हंसाया करता था। एक गरीब लड़के से लेकर हाईएस्ट पेड कॉमेडियन तक का उनका सफर काफी शानदार और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने अपने

करियर में कई अवॉर्ड हासिल किया है। बता दें कि ब्रह्मानंदम ने एक बार इंटर कॉलेज नाटक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ सहायक कलाकार का पुरस्कार जीता था। जिसके बाद उनकी रुचि नाटक में बढ़ती चली गई। इसी दौरान फेमस तेलुगु फिल्मों के निर्देशक जंधायाला ने ब्रह्मानंदम को पहली बार मोद्दाबाई नामक नाटक में अभिनय करते देखा।

1000 फिल्मों में कर चुके हैं काम

हैदराबाद के जुब्ली हिल्स में अभिनेता का एक लग्जरी बंगला है। जिसकी कीमत करोड़ों में है। ब्रह्मानंदम अपने 36 साल के फिल्मी करियर में करीब 1100 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं। वह फिल्मों में कॉमेडियन का रोल निभाते हैं। ब्रह्मानंदम की कॉमेडी उनके फैंस को बहुत ज्यादा पसंद है। बता दें कि साल 2007 में 700 से ज्यादा फिल्में करने पर अभिनेता का नाम गिनीज वर्ल्ड में दर्ज किया गया था। इसके अलावा साल 2009 में ब्रह्मानंदम को पद्मश्री अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

खत्म हुआ इंतजार! संजय लीला भंसाली की अगली पेशकश हीरामंडी का रिलीज हुआ टीजर, प्रेम, शक्ति और स्वतंत्रता का प्रतीक

संजय लीला भंसाली ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी बहुप्रतीक्षित नेटफ्लिक्स सीरीज़ हीरामंडी द डायमंड बाज़ार का पहला लुक साझा किया। आगामी सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, संजीदा शेख और ऋचा चड्ढा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सीरीज फिल्म निर्माता की ओटीटी पर शुरुआत का भी प्रतीक है। हीरामंडी का पहला लुक स्वतंत्रता-पूर्व भारत की एक सम्मोहक तस्वीर पेश करता है, जिसमें सुंदर कैनवास और जीवन से बड़े सेट के साथ कलाकारों की टोली को एक साथ लाया गया है। यह अपने मुख्य कलाकारों के दिलचस्प प्रदर्शन के साथ-साथ प्रमुख भंसाली प्रोडक्शन डिजाइन को प्रदर्शित करता है।

हीरामंडी की आधिकारिक स्ट्रीमिंग तारीख की घोषणा अभी बाकी है। वेब सीरीज का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए संजय लीला भंसाली और नेटफ्लिक्स ने संयुक्त रूप से लिखा,

यहां देखिए महान भारतीय निर्माता संजय लीला भंसाली की पहली सीरीज एवर~ हीरामंडी~ द डायमंड बाजार! यह सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से एक चमकदार जिले हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता की पड़ताल करती है।

इससे पहले, नेटफ्लिक्स के सह-सीईओ टेड सारंडोस से बात करते हुए, संजय ने उल्लेख किया था कि कैसे मजबूत महिला पात्र उनकी कहानियों का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा, चाहे खामोशी में मनीषा का किरदार हो, जो अपने विकलांग माता-पिता की देखभाल करती है, हम दिल दे चुके सनम में नंदिनी, जो अपने प्यार को आगे बढ़ाने और फिर चुनाव करने का साहस रखती है, बाजीराव मस्तानी में मस्तानी का किरदार हो या रानी इन ब्लैक के मामले में, मेरे लिए एक मजबूत महिला किरदार के साथ कहानी का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

उन्होंने आगे कहा, ÷एक मजबूत महिला किरदार मेरे लिए किसी भी प्रोजेक्ट का आधार है। अगर मस्तानी नहीं होगी तो मैं बाजीराव मस्तानी नहीं बनाऊंगा।

असदुद्दीन ओवैसी ने ज्ञानवापी फैसले को बताया पूरी तरह से गलत

आदेश

ओवैसी ने कोर्ट के इस फैसले को गलत बताया है। बता दें कि कोर्ट ने अपने आदेश में केवल 7 दिनों के अदंर ग्रिल खोलने का आदेश दिया है।

नई दिल्ली। वाराणसी अदालत द्वारा हिंदू भक्तों को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के अंदर व्यास के तहखाने क्षेत्र में प्रार्थना करने की अनुमति दे दी गई है। कोर्ट के इस फैसले पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने नाराजगी जताई है। ओवैसी ने कहा कि यह पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन है। समाचार एजेंसी ANI से बात करते हुए ओवैसी ने कहा, जिस जज ने फैसला सुनाया, रिटायरमेंट से पहले उनका आखिरी दिन था। जज ने 17 जनवरी को जिलाधिकारी को रिसीवर नियुक्त किया और आखिरकार उन्होंने सीधे फैसला सुना दिया है। उन्होंने खुद कहा कि 1993 के बाद से कोई नमाज नहीं पढ़ी गई। 30 साल हो गए। उन्हें कैसे पता चला कि अंदर मूर्ति है? यह पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन है। ओवैसी ने कोर्ट के इस फैसले को गलत बताया है। बता दें कि कोर्ट ने अपने आदेश में केवल 7 दिनों के अदंर ग्रिल खोलने का आदेश दिया है। ओवैसी ने कहा, अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया जाना चाहिए था। ये गलत फैसला है। जब तक मोदी सरकार यह नहीं कहती कि वे पूजा स्थल अधिनियम के साथ खड़े हैं, तब तक यह चलता रहेगा। बाबरी मस्जिद स्वामित्व मुकदमे के फैसले के दौरान, मैंने यह आशंका व्यक्त की थी। पूजा स्थल अधिनियम को सुप्रीम कोर्ट के फैसले की मूल संरचना का हिस्सा बनाया गया था, फिर निचली अदालतें आदेश का पालन क्यों नहीं कर रही हैं? उन्होंने आगे कहा कि इंतेजामिया मस्जिद कमेटी इस फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपील करेगी।

बुधवार को वाराणसी अदालत ने हिंदू भक्तों को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के अंदर व्यास के तहखाने क्षेत्र में प्रार्थना करने की अनुमति दी। कोर्ट ने जिला प्रशासन को अगले सात दिनों में जरूरी इंतजाम करने को कहा है। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने एएनआई को बताया कि सात दिनों के अंदर पूजा शुरू हो जायेगी। सभी को पूजा करने का अधिकार होगा।

प्राइवेट आर्मी, बोइंग, जेट और 300 लग्जरी कार कौन हैं मलेशिया के नए राजा सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर

नई दिल्ली। सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर को मलेशिया का नया राजा चुना गया। इब्राहिम इस्कंदर मलेशिया के जोहोर राज्य के सुल्तान हैं। इस देश में नौ जातीय मलय राज्य शासक हैं, जिन्हें बारी-बारी से पांच साल के लिए राजा के रूप में कार्यभार संभालने की जिम्मेदारी दी जाती है।

उन्होंने जोहोर राज्य के 17वें राजा के तौर पर शपथ लिया है। मलेशिया के संघीय राजधानी कुआलालंपुर में मौजूद राष्ट्रीय महल में उन्होंने राजा के पद की शपथ ली। सुल्ताह इब्राहिम इस्कंदर की संपत्ति को लेकर काफी चर्चा हो रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजा के पास 5.7 बिलियन डॉलर की संपत्ति है। सुल्तान इब्राहिम की संपत्ति में रियल एस्टेट, खनन से लेकर दूरसंचार और पाम तेल तक के कई उद्योग शामिल हैं। उनके पास 300 से अधिक लग्जरी कार हैं, जिसमें एडोल्फ हिटलर द्वारा कथित तौर पर उपहार में दी गई एक कार भी शामिल है। वहीं, उनके पास नीले रंग की बोइंग 737 सहित प्राइवेट जेट भी है। इसके अलावा इस शाही परिवार के पास एक प्राइवेट आर्मी भी है। जोहोर में मल्टी मिलियन-डॉलर फॉरेस्ट सिटी विकास परियोजना में उनकी बड़ी हिस्सेदारी भी है। वह सिंगापुर के साथ एक हाई-स्पीड रेल लिंक परियोजना में उनकी भागीदारी है। इसके अलावा, यू मोबाइल में 24 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उनके पास सिंगापुर में 4 अरब डॉलर की जमीन भी है, उनकी पत्नी की नाम जरीथ सोफिया है। वो भी शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वो क ऑक्सफोर्ड स्नातक हैं और वो एक लेखिका हैं। राजा मुस्लिम-बहुल देश में इस्लाम के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। संघीय संविधान में कुछ अपवादों को छोड़कर राजा को प्रधानमंत्री और कैबिनेट की सलाह पर कार्य करने की आवश्यकता होती है।

हिमपात ने पर्वतीय राज्यों को दी राहत, पहाड़ों ने ओढ़ी सफेद चादर

नई दिल्ली। शीतकाल में लंबे सूखे के बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई बर्फबारी ने पर्वतीय राज्यों को बड़ी राहत दी है। उत्तराखंड में मंगलवार रात से चोटियों पर शुरू हुई बर्फबारी बुधवार को भी जारी रही। हिमाचल प्रदेश के मनाली, डलहौजी व कुफरी में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी के कारण अटल टनल को पर्यटकों के लिए बंद करना पड़ा। जम्मू-कश्मीर में ऊंचाई वाली जगहों पर बर्फबारी तो मैदानी इलाकों में बारिश हुई। हरियाणा, पंजाब व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सुबह हवा चली तो दोपहर बाद बारिश ने कंपकंपी बढ़ा दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आने वाले दिनों में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ का असर हरियाणा, दिल्ली एनसीआर और उत्तर प्रदेश जैसे मैदानी इलाकों में भी देखने को मिलेगा, जहां हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी ने आगामी 4 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में वर्षा व बर्फबारी होने की संभावना जताई है। उत्तराखंड में नवंबर की शुरुआत में हुई हल्की वर्षा के बाद पूरे शीतकाल में सूखे की स्थिति रही। ताजा पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मंगलवार देर रात चोटियों पर हल्का हिमपात शुरू हुआ, जो बुधवार को जारी रहा। गंगोत्री-यमुनोत्री सहित हर्षिल घाटी, खरसाली, हरकीदून में बर्फबारी हुई। बदरीनाथ धाम के साथ ही हेमकुंड साहिब, गोरसो, औली की चोटियों पर बर्फबारी हुई।

पिथौरागढ़ के मुनस्यारी की ऊंची चोटियों पर भी जोरदार हिमपात हुआ। देहरादून के चकराता में सीजन की पहली बर्फबारी हुई, जिसका पर्यटकों ने खूब आनंद उठाया। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया है।

मणिपुर के चंदेल से 28 मई को लापता हुआ था युवक, अब पुलिस को मिले कंकाल के अवशेष

इंफाल। मणिपुर में दो समुदायों के बीच बीते साल से हिंसक झड़प लगातार जारी है। इस दौरान कई लोगों की मौत के मामले भी सामने आए हैं और सरकार मणिपुर की स्थिति पर नजर बनाए हुई हैं। बीते साल से हो रही झड़प में अब तक कई लोग लापता भी हो चुके हैं। वहीं, गुरूवार नेवी पिछले साल 28 मई से लापता थे और उन्हें मृत मान लिया गया है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार को नगनगोम की तलाश फिर से शुरू हुई, जिसमें संदिग्ध आतंकवादियों को उसका सिर काटते हुए देखा गया था। मणिपुर पुलिस ने उस स्थान की

को पुलिस को एक लापता व्यक्ति का शव बरामद हुआ। पुलिस ने कहा कि विघटित अवशेष 19 वर्षीय युवक के होने का संदेह है, जो पिछले साल मई से लापता था और मणिपुर के चंदेल जिले के सोकोम गांव में पाया गया है। काकचिंग जिले के सुगनू के नगांगोम पहचान की जहां वीडियो शूट किया गया था और नए सिरे से खोज की गई, जिसके दौरान बुधवार को विघटित कंकाल के अवशेष पाए गए। पुलिस ने कहा कि वीडियो में दिख रहे कपड़े बरामद किए गए कपड़ों से मेल खाते प्रतीत होते हैं।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत सोरेन, हाईकोर्ट से वापस लेंगे अपनी याचिका

दलील

सिब्बल ने अपना वचन दोहराया कि हाईकोर्ट में याचिका वापस ले ली जाएगी। सिब्बल ने दलील दी कि याचिका उल्लंघन के गंभीर मुद्दे उठाती है।

नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कथित भूमि घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी के साथ मिलकर तत्काल सुनवाई के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष सोरेन के मामले का उल्लेख किया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ इस मामले पर शुक्रवार (2 फरवरी) को सुनवाई के लिए सहमत हुए हैं। भारत केसॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि सोरेन ने इन्हीं प्रार्थनाओं के साथ झारखंड हाईकोर्ट में एक समान याचिका दायर की है, जिस पर हाईकोर्ट आज सुनवाई कर रहा है, तब सिब्बल ने कहा कि उक्त याचिका हाईकोर्ट से वापस ले ली जाएगी। सिब्बल ने कहा, इस अदालत को धारा 19 पीएमएलए की रूपरेखा तय करनी है...किसी व्यक्ति को इस तरह कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है...यह देश की राजनीति को प्रभावित करता है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा, यह हाईकोर्ट के साथ अन्याय होगा क्योंकि, उनके अनुरोध पर मामले को पहले आज बोर्ड पर रखा गया और अब कल के लिए पोस्ट किया गया। सिब्बल ने अपना वचन दोहराया कि हाईकोर्ट में याचिका वापस ले ली जाएगी। सिब्बल ने दलील दी कि याचिका उल्लंघन के गंभीर मुद्दे उठाती है। जवाब में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि सोरेन पर लगे आरोप भी बेहद गंभीर हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद धनशोधन के एक मामले में बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, राज्य के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन का नाम मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तावित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन के आरोपों को लेकर सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद बुधवार को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया।

वित्त मंत्री का बड़ा एलान, हर महीने मुफ्त मिलेगी 300 यूनिट बिजली

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अंतरिम बजट 2024 पेश किया। इस दौरान उन्होंने बड़ा एलान किया है। वित्त मंत्री ने मुफ्त बिजली को लेकर अहम घोषणा की है। उन्होंने बताया कि हर महीने लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

वित्त मंत्री ने बताया कि मुफ्त बिजली का लाभ एक करोड़ परिवारों को मिलेगा। ये वो परिवार होंगे, जो अपने घर की छत पर सोलर ऊर्जा की व्यवस्था करते हैं। बता दें कि पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का एलान किया था। योजना के तहत एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाया जाएगा। निर्मला ने कहा कि कोविड के चुनौती के बावजूद केंद्र सरकार ने गरीबों को घर मुहैया कराया।

अब 9 से 14 साल की लड़कियों को लगेगी फ्री वैक्सीन

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने हेल्थ सेक्शन में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण लाएगी। इस अभियान की शुरुआत मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत किया जाएगा।निर्मला सीतारमण ने संसद में कहा, हमारी सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष की लड़कियों के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। लोकसभा में अंतरिम बजट 2024 पेश करते हुए कहा सीतारमण ने कहा कि कई युवा डॉक्टर बनने के लिए महत्वाकांक्षी हैं।

सीतारमण ने कहा मातृ शिशु देखभाल के लिए विभिन्न योजनाओं को एक व्यापक कार्यक्रम के तहत लाया जाएगा। बेहतर पोषण वितरण, प्रारंभिक बचपन देखभाल और विकास के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों के उन्नयन में तेजी लाई जाएगी।

आम चुनाव से पहले पाकिस्तानी जनता की जेब में लगी आग, सरकार ने 13.55 रुपए प्रति लीटर महंगा किया पेट्रोल

इस्लामाबाद (पाकिस्तान)। डॉन न्यूज ने गुरुवार को बताया कि कार्यवाहक सरकार ने बुधवार को अगले पखवाड़े के लिए पेट्रोल की कीमत में पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) 13.55 प्रति लीटर की

बढ़ोतरी की है। वित्त प्रभाग की एक अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल की नई कीमत अब पीकेआर 259.34 की पिछली कीमत से पीकेआर 272.89 प्रति लीटर है।

हाई-स्पीड डीजल (।।स्ष्ठ) की कीमत पीकेआर 2.75 बढ़ाकर पीकेआर 278.96 प्रति लीटर कर दी गई। अधिसूचना में लाइट-डीजल तेल (एलडीओ) और केरोसिन तेल की कीमतों में किसी बदलाव का जिक्र नहीं किया गया है।

पेट्रोल की कीमत में बढ़ोतरी पहले की अपेक्षा से अधिक है। उच्च अंतरराष्ट्रीय कीमतों और आयात प्रीमियम के कारण अगले पखवाड़े में पेट्रोल और एचएसडी की कीमतें 5-9 पीकेआर प्रति लीटर तक बढ़ने का अनुमान लगाया गया था, जिससे मामूली विनिमय दर लाभ का प्रभाव समाप्त हो गया।

डॉन न्यूज ने जानकार सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि पिछले एक पखवाड़े में अंतरराष्ट्रीय बाजार में दोनों प्रमुख पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ी हैं और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में बढ़त के बावजूद पाकिस्तान स्टेट ऑयल (पीएसओ) को भी अधिक आयात प्रीमियम का भुगतान करना पड़ा है।

परिणामस्वरूप, अंतिम विनिमय दर गणना के आधार पर, एचएसडी की कीमत पीकेआर 4-6 प्रति लीटर और पेट्रोल की कीमत पीकेआर 6.5 से 9 प्रति लीटर तक बढ़ने की उम्मीद थी। हालांकि, केरोसीन और एलडीओ की कीमतें अपरिवर्तित रहने की उम्मीद थी।

अधिकारियों ने कहा था कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमत 3 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक घटकर 83 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से 86.5 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है, जबकि एचएसडी लगभग 2 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल महंगा होकर लगभग 95.6 अमेरिकी डॉलर से 97.5 अमेरिकी डॉलर हो गया है।

इडाहो के बोइस शहर में ढह गई निर्माणाधीन इमारत, तीन लोगों की मौत; एक दर्जन लोग घायल

बोइस। अमेरिकी राज्य इडाहो के बोइस शहर में एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दर्जनों लोग घायल हो गए। बोइस अग्निशमन विभाग के संचालन प्रमुख ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए बताया,÷ इमारत का ढांचा बड़े पैमाने पर ढह गया था। मुझे नहीं पता कि इसका कारण क्या था, लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि यह एक बहुत बड़ी क्षति है। यह इमारत बोइस हवाईअड्डे नजदीक थी। हालांकि, इमारत ढहने से हवाईअड्डे का संचालन प्रभावित नहीं हुआ।

अधिकारी ने पीड़ित या उनकी स्थिति के बारे में अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया और कहा कि परिवारों से अभी भी संपर्क किया जा रहा है। इमारत ढहने के कारणों की भी जांच कर रहे हैं। बोइस इडाहो की राजधानी है।

पाकिस्तान पुलिस ने इमरान खान के खिलाफ की कार्रवाई, केंद्रीय सचिवायल में मारा छापा

खिलाफ

अधिकारी ने कहा, (जैसा कि) इमरान खान और बुशरा बीबी के खिलाफ फैसला सुनाया गया था, ऐसी संभावना थी कि वहां विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई में, सादे कपड़ों में पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने कथित तौर पर यहां केंद्रीय सचिवालय पर छापा मारा और उसे अपने नियंत्रण में ले लिया और सदस्यों को परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। गुरुवार को एक मीडिया रिपोर्ट में ये बात कही गई है।

अज्ञात पार्टी सूत्रों के हवाले से डॉन न्यूज ने बताया कि यह छापेमारी खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14-14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद हुई। यह बुधवार को इस्लामाबाद के सेक्टर जी-8 में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की आम सभा से ठीक पहले आया। हालाँकि, पीटीआई की आम सभा एक आभासी बैठक आयोजित करने में कामयाब रही जिसमें उसने एक पखवाड़े के भीतर संगठनात्मक चुनाव कराने का फैसला किया।

खान की पार्टी को 8 फरवरी के आम चुनावों से पहले कई परेशानियों का सामना करना पड़ा, जिसमें उसके चुनाव चिह्न, क्रिकेट बैट को अस्वीकार करने से लेकर खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी और कई अन्य पार्टी नेताओं के नामांकन पत्रों की अस्वीकृति शामिल थी।

राजधानी पुलिस के एक अधिकारी ने आरोप से इनकार करते हुए बताया कि मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना छापेमारी नहीं की जा सकती और बुधवार को ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया था। अधिकारी ने कहा, (जैसा कि) इमरान खान और बुशरा बीबी के खिलाफ फैसला सुनाया गया था, ऐसी संभावना थी कि वहां विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पुलिस सचिवालय के अंदर नहीं घुसी और बाहर ही रुकी रही। पीटीआई के एक प्रतिनिधि ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा कि आम सभा की बैठक इस्लामाबाद, सभी प्रांतीय राजधानियों और गिलगित बाल्टिस्तान में आयोजित करने की योजना थी, जिसके लिए सभी स्टेशनों को इंटरनेट के माध्यम से जोड़ने की व्यवस्था की गई थी। हालांकि, इस्लामाबाद में, सिविल ड्रेस में लोगों के साथ पुलिस केंद्रीय सचिवालय पहुंची, गार्डों को हटा दिया और सचिवालय पर नियंत्रण कर लिया। कर्मचारियों को बाहर जाने के लिए कहा गया।

अबू धाबी के हिंदू मंदिर की सुंदरता के कायल हुए 42 देशों के 60 प्रतिनिधि

अबू धाबी। पीएम मोदी 14 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी के दौरे से पहले बीएपीएस हिंदू मंदिर में दुनियाभर के राजनयिकों की मेजबानी की गई। यूएई में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर के विशेष दौरे के लिए दुनिया भर के राजनयिकों की मेजबानी की। इस दौरान राजनयिकों ने मंदिर की वास्तुकला की तारीफ भी की। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ फोटो भी साझा किए। उन्होंने लिखा- बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन में कुछ समय बाकी है। उससे पहले राजदूत संजय सुधीर ने राजनयिकों को मंदिरा का विशेष दौरा कराया।

रूसी सेनाओं के कब्जे से आजाद हुए यूक्रेनी कपल कीव में हुई इतने सालों बाद मुलाकात

नागरिक

यूक्रेनी अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 8,000 यूक्रेनियन, नागरिक और सैन्य दोनों, रूस द्वारा बंदी बनाए जा रहे हैं।

कीव। रूस ने लगभग दो साल पहले यूक्रेन पर आक्रमण किया। रूसी सेना ने मारियुपोल को घेर लिया, शहर का अधिकांश भाग नष्ट कर दिया और इसे संघर्ष के सबसे घातक युद्धक्षेत्र में तब्दील कर दिया। इस बीच दक्षिणी यूक्रेन के मारियुपोल शहर में 29 वर्षीय सीमा रक्षक इलिया मुजिका को रूसी सेना ने गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, कुछ सप्ताह बाद उसके मंगेतर अलीना पनीना को भी उसी शहर में युद्ध बंदी के रूप में घेर लिया गया। दोनों 2019 से एक साथ थे। इलिया मुजिका को लगा कि वह अब अपनी मंगेतर से कभी भी नहीं मिल पाएगा, लेकिन समय बड़ा बलवान होता है। दोनों अब पश्चिमी यूक्रेन में अपने जीवन को दोबारा से शुरू करने की कोशिश कर रहे है। पनीना ने कहा कि उसके साथ रूसियों ने कठोर व्यवहार। वह उस मंजर को याद करते हुए बताते है कि उनसे झूठ बोला जाता था और कहा जाता था कि पराजित यूक्रेन को मॉस्को और यूरोप के बीच बांट दिया गया है। पनीना को अक्टूबर, 2022 में जापोरीजिया के दक्षिणी क्षेत्र में रिहा कर दिया गया था। इस दौरान उन्हें नहीं पता था कि उनकी मंगेतर के साथ क्या हुआ। एक साल से अधिक समय बाद 3 जनवरी को उन्हें रिहा कर दिया गया। वहीं, मुजिका ने अपने मंजर को याद करते हुए बताया कि उसे एक रूसी शिविर में रखा गया था। इस दौरान उसका वजन कम हो गया क्योंकि उसे ठीक से खाना नहीं दिया जाता था। यूक्रेनी अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 8,000 यूक्रेनियन, नागरिक और सैन्य दोनों, रूस द्वारा बंदी बनाए जा रहे हैं।

इसमें अधिकांश सशस्त्र बलों की संख्या थी। बता दें कि मॉस्को यूक्रेन द्वारा बंधक बनाए गए रूसियों की संख्या पर समग्र आंकड़े प्रदान नहीं करता है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों की मुलाकात कीव में दोबारा से हुई। बता दें कि दोनों मार्च 2022 में शादी करने की योजना बना रहे थे,लेकिन मुजिका और पनीना ने अपनी शादी कैंसिल करने का फैसला किया है। दोनों को ही रूसी संघर्ष से ठीक होने के लिए समय चाहिए।

पाकिस्तान के लिए सिरदर्द बना तालिबान, आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए टीटीपी की कर रहा मदद

इस्लामाबाद। आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को लेकर संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट सामने आई है। ह की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को तालिबान का समर्थन हासिल है। रिपोर्ट में बताया गया कि पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए टीटीपी को अलकायदा और अन्य आतंकवादी गुटों से भी महत्वपूर्ण समर्थन मिल रहा है।

डॉन न्यूज ने बताया कि इस जानकारी का खुलासा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी गई 33वीं रिपोर्ट में किया गया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि टीटीपी को सहयोग के रूप में हथियार और दूसरे जरूरी उपकरण मुहैया कराए जाते हैं। जिनका इस्तेमाल पाकिस्तान में होने वाले हमलों में होता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान के रुख के बावजूद टीटीपी के लड़ाके पाकिस्तान में हो रहे हमलों को अंजाम देने में लगे हुए हैं। इसके अलावा तालिबान के कुछ सदस्य उनकी गतिविधियों से प्रेरित होकर टीटीपी में शामिल हो गए हैं।

बता दें कि पाकिस्तान सरकार देश में हो रहे आतंकी हमलों को लेकर तालिबान के सामने अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुका है। टीटीपी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में तालिबान की विफलता के कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। टीटीपी को पाकिस्तान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है।

इविवि: तेज होता जा रहा छात्रों का प्रदर्शन

चीफ प्रॉक्टर, कुलानुशासक को बर्खास्त करने की मांग पर अड़े छात्र

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर और एसएसएल हॉस्टल के सहायक अधीक्षक पर छात्र को पीटने के आरोप में सोमवार को शुरू हुआ हंगामा बृहस्पतिवार को और तेज हो गया। लाइब्रेरी गेट पर आक्रोशित छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि जब तक प्रॉक्टर राकेश सिंह, एसएसएल हॉस्टल के सहायक अधीक्षक डॉ.अतुल नारायण सिंह, कुलानुशासक डॉ. विवेक द्विवेदी और सहायक कुलानुशासक मृत्युंजय राव परमार को बर्खास्त नहीं किया जाता है तब तक उनका आंदोलन और धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर बड़ी संख्या में फोर्स के साथ ही पुलिस अधिकारी मौजूद हैं। छात्र ने आरोप लगाया था कि निष्कासन का नोटिस लेने के लिए उसे चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में बुलाया गया और वहां चौकी इंचार्ज के सामने चीफ प्रॉक्टर एवं हॉस्टल के सहायक अधीक्षक ने उससे मारपीट की और उससे अभद्र व्यवहार किया। मामला सामने आने के बाद सोमवार को सैकड़ों छात्र सड़क पर उतार आए थे और देर रात तक लाइब्रेरी के सामने वाली सड़क को जाम कर रखा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार जौनपुर के सोनहिता, मछलीशहर निवासी अभिषेक गुप्ता एसएसएल हॉस्टल का अंतत्वासी है। उसका आरोप है कि सोमवार शाम चार बजे के करीब उसे कुलानुशासक कार्यालय में बुलाया गया। वहां पहुंचने पर पीछे के केबिन में ले जाकर चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह व असिस्टेंट प्रॉक्टर अतुल नारायण सिंह ने जमकर पीटा। साथ ही कपड़े उतरवाकर अश्लील हरकत की। यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी 11 जनवरी को उसे मारा पीटा गया था। हॉस्टल के छात्र से मारपीट और दुर्व्यवहार की शिकायत पर सोमवार को करीब 200 की संख्या में छात्र जुट गए और नारेबाजी शुरू कर दी। छात्र लाइब्रेरी गेट के सामने स्थित जवाहर लाल नेहरू रोड पर पहुंचे और वहीं धरने पर बैठते हुए सड़क जाम कर दिया था। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। सूचना पर कर्नलगंज एसीपी विवेक कुमार यादव आसपास के थानों की फोर्स लेकर पहुंच गए। उन्होंने छात्रों को समझाया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हुए। कई घंटे बातचीत चलने और अफसरों के समझाने के बाद छात्र शांत हुए और फिर रात मे प्रदर्शन खत्म कराकर यातायात बहाल कराया गया था। इस मामले में असिस्टेंट प्रॉक्टर व एसएसएल हॉस्टल के सहायक अधीक्षक डॉ. अतुल नारायण सिंह की ओर से अंतत्वासी अभिषेक गुप्ता पर खुद की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाकर तहरीर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विगत दिनों इविवि एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से एसएसएल हॉस्टल में अवैध कब्जा हटवाया गया था। इसे लेकर अभिषेक एसएसएल फैमिली नाम के व्हाटसएप ग्रुप में लगातार उनके विरुद्ध साजिश एवं जान से मारने की योजना तैयार कर रहा है। सोमवार को एक मारपीट की घटना के क्रम में उसका निलंबन एवं छात्रावास से निष्कासन आदेश जारी किया गया। इसे प्राप्त करने के क्रम में वह कुलानुशासक कार्यालय आया और चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह एवं उप कुलानुशासक डॉ. विवेक कुमार द्विवेदी व सहायक कुलानुशासक डॉ. मृत्युंजय राव परमार के सामने ही उनसे अभद्र भाषा में बात करते हुए भयंकर परिणाम भुगतने की धमकी देने लगा। फोन से सूचना देने पर पहुंचे चौकी प्रभारी विनय सिंह ने उसे प्रॉक्टर कार्यालय से बाहर भेजा। इससे पूर्व अमन सिंह एवं सौरभ मिश्रा की ओर से फोन पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

अंतरिम बजट निराशाजनक: किशोर वार्ष्णेय

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण द्वारा मौजूदा मोदी सरकार के पेश आखिरी बजट में गरीब, किसान , मध्यम वर्ग, महिला और युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है। बजट आकड़ों की कलाबाजी के अलावा कुछ भी नहीं है। इसमें बुनियादी सुविधाओं के लिए कोई योजना नहीं है। कहा सरकार कर्जा लेकर खर्चा चला रही। वित्त मंत्री के गरीबों को घर देने के वायदे पर व्यंग करते उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भी 2022 तक सभी को घर देने का वायदा किया था। उज्ज्वला योजना का लाभ से आज भी गरीब वंचित है। 2014 में दो करोड़ युवाओं को प्रति वर्ष नौकरी देने की बात करने वाले प्रधानमंत्री ने बीते दस वर्षों में रोजगार सृजन हेतु ने कोई कदम नहीं उठाये। शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा जैसी सुविधाओं का जिक्र भी नहीं है। वार्ष्णेय ने कहा कि बजट में वित्त मंत्री ने यह नहीं बताया कि अनुमानित घाटा कहा से पूरा करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

महिला सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम है बजट: पल्लवी अरोरा

प्रयागराज। जिला महिला व्यापार मंडल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण की ओर एक मजबूत कदम उठाया है। जहां पहले एक करोड़ रुपए महिलाए लखपति दीदी बन चुकी है, वही इस वर्ष 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्ति करण की ओर यह बहुत ही ठोस कदम है स्किल इंडिया आत्मनिर्भर अभियान बच्चों और महिलाओं का टीकाकरण सर्वाइकल वैक्सीनेशन की तरफ सरकार की तरफ से खास प्रयास यह सभी महिला हितों में सरकार की बेहतरीन पहल है। ब्लू इकोनामी 2.2 के तहत व्यापारी एक लाख करोड़ व्यापारियों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया गया था। भविष्य में भी स्किल इंडिया एवं 39 आईटीआई कॉलेजेस का निर्माण होना है। इससे वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर भारतीयों की वृद्धि होगी।

अंतरिम बजट से कर्मचारी समुदाय दुखी: रविशंकर

प्रयागराज। कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्रा ने कहा है कि आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमान ने अपने अंतरिम बजट से कर्मचारियों को दुखी किया है। टैक्स स्लैब मे कोई परिवर्तन न कर टैक्स पेयी कर्मचारियों को कोई राहत नहीं मिला, तो वहीं पर कर्मचारियों की बहु प्रतिक्षित पुरानी पेंशन की मांग न पूरी कर कर्मचारियों के साथ अन्याय किया है द्य यह चुनावी बजट था कर्मचारियों को भरोसा था कि कर्मचारियों को मंहगाई से लड़ने के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषड़ा हो सकती है, और मूल वेतन अठ्ठारह हजार से छबिस हजार सरकार करके कर्मचारियों को महंगाई से राहत पहुंचाएगी लेकिन इस बजट से कर्मचारियों की आशाओं पर पानी फिर गया।

संतलाल वर्मा बने सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दारागंज निवासी संतलाल वर्मा को सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नामित किया है। संतलाल वर्मा इलाहाबाद विश्व विद्यालय की छात्र राजनीति से ही समाजवादी विचारधारा से जुड़े रहकर विभिन्न संघर्षो एवं आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाते आ रहे हैं।इसके पहले भी विभिन्न संगठनों में पदाधिकारी रहे हैं। इनके मनोनयन पर सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, श्यामलाल पाल, रामानंद भारती, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, कृष्ण मूर्ति सिंह यादव, सुरेश यादव, दिनेश यादव,आर. एन. यादव, दान बहादुर मधुर, विनय सिंह पटेल, बंटी सिंह, युवराज सिंह, जय सिंह यादव आदि ने बधाई दी है।

सिद्धार्थ और उबैद दौलत हुसैन को जिताया

सिद्धार्थ वर्मा उबैदुल्लाह खान

प्रयागराज। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने किशोरी लाल क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराकर मनीष देब-स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में विजेता टीम के सिद्धार्थ वर्मा (3.4-0-08-4) एवं उबैदुल्लाह खान (7-0-30-4) की गेंदबाजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में किशोरी लाल क्लब ने 18.4 ओवर में 69 रन (शौर्य सिंह 35, कुणाल मिश्र 10, सिद्धार्थ वर्मा 4/08, उबैदुल्लाह खान 4/30, यासिर गाजी 2/16) बनाए। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 14.3 ओवर में चार विकेट पर 71 रन (फैजान अहमद 31 नाबाद, अब्दुल्ला हसन 23, कुणाल मिश्र 2/28) बना लिए। मैच में अजय कुमार व नितिन मिश्रा ने अंपायरिंग एवं खुर्शीद अहमद राईन ने स्कोरिंग की।

सड़क दुर्घटना में घायल महिला ने दम तोड़ा

जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली के गांव बामी की महिला आशा देवी (48) पत्नी रामकुमार सरोज का निधन बी एच यू के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की भोर में करीब चार बजे हो गया। उनका पिछले एक सप्ताह से इलाज चल रहा था। परिजनों ने बताया कि 24 जनवरी को वह मड़ियाहूं दवा लेने हेतु अपने पुत्र रोहित के साथ बाइक से गई थी और वापस आते बेलवा बाजार के पास उनकी शाल हवा में उड़ते हुए बगल से गुजर रहे साइकिल सवार के साइकिल में फंस गई जिस कारण वह बाइक से नीचे गिर गई जिससे उनके सिर में चोट लग गई और वह बेहोश हो गई। स्वजन उन्हें इलाज के लिए जौनपुर एक निजी अस्पताल में ले गये जहां से उन्हें बी एच यू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।जहां उनके सिर का आपरेशन हुआ लेकिन उन्हें होश नहीं आया। बृहस्पतिवार की सुबह उनका शव घर आते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम छा गया। आशा देवी के पति रामकुमार मुम्बई में रहकर ड्राइवर का कार्य करते हैं। उनके दो पुत्र और चार पुत्रियां हैं।

जिलाधिकारी ने किया इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल का निरीक्षण

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के दृष्टिगत आज प्राथमिक विद्यालय चक्रपानपुर जहानागंज, इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल कम्हरिया मेंहनगर आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में पहुंचकर बच्चों से उनके ड्रेस के बारे में पूछा। जिस पर टीचर द्वारा बताया गया कि ड्रेस के पैसे उनके खाते में भेज दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अभिभावक से बात करके बच्चों को ड्रेस में विद्यालय भेजने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होने खरिहानी कम्हरिहा में मनरेगा के अंतर्गत अमृत सरोवर पर कराये जा रहे मिट्टी खुदाई के कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि मिट्टी खुदाई का कार्य मनरेगा में पंजीकृत मजदूरों से ही करायें। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने कार्य कर रहे मजदूरों के उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने खरिहानी में सेरी गौशाला का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया।

पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरी

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के बलईपुर बैरगिया गांव के पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोर ने इनवर्टर, दो बैटरी, कैमरा, डीवीआर, कंप्यूटर व जरूरी कागजात सहित लाखों का सामान चोर उठा ले गए। गुरुवार की सुबह जब पंचायत सहायक पंचायत भवन पहुंचा तो गेट का ताला टूटा देख परेशान हो गया। उसमें रखा सामान गायब मिला और अलमारी में रखे कागजात फको मिला। पंचायत सहायक ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान जितेंद्र पाल और पंचायत सहायक के द्वारा चोरी की घटना के संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई।

गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने को आयोजित होगी गौ संसद

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का माघ मेले में आगमन आज

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। गाय भारतीय संस्कृति की आत्मा है। महाभारत (अनुशासन पर्व - अ.145) के अनुसार सृष्टि की रचना के इच्छुक ब्रह्माजी ने सबसे पहले गौमाता का निर्माण किया था, ताकि उनकी सृष्टि का पोषण हो सके। पोषण के अपने इसी गुण से गाय विश्व-माता कहलायी। इसे वेदों और पुराणों में अघ्न्या, अवध्या' कहा गया, पर दुर्भाग्य से इस समय विश्व में सबका पालन-पोषण करने वाली गौमाता को काटने और खाने का चलन हो गया है, जो कि भारतीय कृतज्ञ संस्कृति पर कलंक ही है। उक्त बातें जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने आज कहीं। उन्होंने कहा कि पूर्व काल में राजा परीक्षित के सामने कलियुग ने डण्डे से गौ को मारना चाहा था, तब वे उसे मृत्युदण्ड दे रहे थे और आज उसी देश के राजा गाय को कटते और करुण पुकार करते हुए देखकर भी कैसे चुप रह सकते हैं? गौ-माता की इसी करुण पुकार को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने, गौ-व्यथा को दूर कर उन्हें अभयदान दिलाने और उनको राष्ट्रमाता की प्रतिष्ठा प्रदान करने के लिए राष्ट्रव्यापी गौ-प्रतिष्ठा आन्दोलन आरम्भ हुआ है, जिसको देश के चारों पीठों के वर्तमान पूज्य शंकराचार्यों सहित देश के समस्त धर्माचार्यों का समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त है। इस स्वतःस्फूर्त गौ माता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आन्दोलन को देश के सभी गौ-भक्त सन्तों के द्वारा सञ्चालित किया जा रहा है। इसी क्रम में माघ पर्व महोत्सव के इस शुभ अवसर प्रयागराज की इस पावन धरती पर कार्यक्रम आयोजित है। जगतगुरु स्वामी शंकराचार्य का आगमन कल 2 फरवरी को माघ मेला क्षेत्र में होगा।

गौमाता के लिए समर्पित रहेगा माघ पर्व महोत्सव

प्रयागराज। शंकराचार्य जी महाराज ने इस माघ पर्व को गौमाता के लिए समर्पित किया है और वे आगामी आने वाले नव संवत्सर को भी गौ संवत्सर के रूप में घोषित कर रहे हैं। 2 फरवरी को गौमाता मंडल प्रवेश आयोजित है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत परमाराध्य परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती 1008 का प्रयाग के माघ मेला क्षेत्र में प्रवेश होगा। इस प्रवेश में पूज्य गौमाता का रथ सबसे आगे होगा जिसका अनुकरण करते हुए परमाराध्य शङ्कराचार्य जी महाराज मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। 3 फरवरी को गौ गंगा पूजा का आयोजन होगा। परमाराध्य शङ्कराचार्य जी महाराज गौमाता एवं गंगा माता की पूजा विधि-विधान से सम्पन्न करेंगे। पत्रकार वार्ता में शंकराचार्य शिविर के प्रभारी ब्रह्मचारी महंत सहजानंद, ब्रह्म विद्यानंद, श्री भगवान,गोवर गोपाल,बाबा जगदीशानंद, शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार उपस्थित रहे।

जमुना क्लब और फोर्ड स्कूल को मिली जीत

प्रयागराज। मोहम्मद अली की उम्दा गेंदबाजी (4-0-15-4) से जमुना क्लब ने नंद किशोर विद्या भवन को 68 रन और शिवांश मिश्र के हरफनमौला खेल (70 नाबाद, 46 गेंद, 12 चौके एवं दो विकेट) से फोर्ड पब्लिक स्कूल क्लब ने भानु प्रताप सिंह क्लब को पांच विकेट से हराकर द्वितीय अमृत लाल भारतीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर गुरुवार को पहले मैच में जमुना क्लब ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 197 रन (रवि यादव 46, राहुल यादव 44, मोहम्मद तंजील खान 33, अरक़ानुर्रहमान 21 नाबाद, मनरूप सिंह 3/29) बनाकर नंद किशोर विद्या भवन को 23.3 ओवर में 126 रन (अर्पित सिंह 63, मोहम्मद अली 4/15, मोहम्मद महफूज 2/05) पर समेट दिया।

सीवर के काम की सुस्त गति पर 48 लाख का जुर्माना

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। शहर में बिछाई जा रही सीवर पाइप लाइन के कार्य गति नौ दिन चले अढ़ाई कोस की है। कार्यदाई संस्था टेक्नोक्राफ्ट कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने साढ़े चार साल में महज 60 प्रतिषत ही काम पूरा किया। ऐसे में जल निगम ने कार्यदाई संस्था के खिलाफ 48 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। काम में सुधार न होने पर फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की भी तैयारी है। नगर पालिका परिषद में अमृत योजना के तहत 208 करोड़ की लागत से सीवर लाइन बिछाने का काम चार अक्तूबर 2019 से शुरू हुआ। इसके तहत शहर के 179 किमी क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाई जा रही है। दिसंबर 2023 तक 125 किमी ही पाइपलाइन बिछाई जा सकी। इसके अलावा खानपुर अकबरपुर में 4.3 एमएलडी पंपिंग स्टेशन का काम 71 फीसदी हो सका है। दो जनवरी 2024 को शासन स्तर पर प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग की तरफ से बैठक में कार्यो की समीक्षा करते हुए नाराजगी जताई गई थी। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्यदाई संस्था जल निगम ने टेक्नोक्राफ्ट के खिलाफ कार्रवाई करने को पत्र लिखा। इसमें विभाग की ओर से संस्था पर 48 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। चेतावनी भी दी गई है कि यदि अवशेष कार्यो को समय से पूरा नहीं किया गया तो ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है। वर्तमान में पॉलीटेक्निक, रसूलाबाद, मातापुर, पान दरीबा, मैहर देवी मंदिर मार्ग पर सीवर लाइन का कार्य चल रहा है।

देश के भविष्य के निर्माण का है बजट

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने केंद्रीय सरकार द्वारा पेश अंतरिम बजट पर कहा कि इस बजट में निरंतरता का विश्वास है ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभों युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा और यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। मैं वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। पीएम आवास योजना के तहत 2 करोड़ और मकान स्वीकृत करना, श्लखपति दीदीश् स्वयं सहायता समूहों के लिए 3 करोड़ की संख्या तय करना, ऐसी कई योजनाएं बताती हैं कि एक तरफ जहां कल्याणकारी योजनाएं हैं, वहीं दूसरी तरफ बुनियादी ढांचे के विकास जैसी व्यय योजनाएं भी हैं। यह अंतरिम बजट आत्मविश्वास से लबरेज, मजबूत और आत्मनिर्भर विकसित भारत की दृष्टि को रेखांकित करता है।

चुनावी वर्ष में निराश करने वाला बजट: कैट

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। चुनावी वर्ष होने के कारण व्यापारियों को उम्मीद थी कि सरकार बजट में कुछ ऐसे उपाए करेगी जिससे लोगों के हाथ में पैसे होंगे और वो बाजार में खर्च करेंगे जिससे बाजार में रौनक बढ़ेगी। इसको लेकर उम्मीद थी कि आय कर में नई व्यवस्था में छूट को 7 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करेगी जिससे बाजार में तरलता आये। यह बातें कैट के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि कारोपोरेट सेक्टर में 30 प्रतिशत से 22 प्रतिशत कर पिछले बजट की घोषणा है, यह नई घोषणा नहीं है। व्यापारियों में बढ़ती ईमानदारी से टैक्स देने कि भावना के कारण जीएसटी में लगातार राजस्व में बढ़ोत्तरी हो रही है जिस कारण व्यापारियों को उम्मीद थी कि सरकार एमनेस्टी स्कीम कि घोषणा करेगी। 2017- 18 और 2018- 19 की नोटिसों की वापसी को लेकर कोई बड़ी घोषणा करेगी साथ ही रिटर्न को संशोधित करने और 18 प्रतिशत में शामिल कुछ वस्तुओं को 12 प्रतिशत में लाने की घोषणा करेगी। श्री गोयल ने कहा कि फिसिकल डेफिसिट का जीडीपी का 5.8 प्रतिशत होना चिंता का विषय है। इससे महंगाई और बढ़ेगी। वित्तमंत्री द्वारा विनिवेश पर कोई बात नहीं की नाही यह बताया कि पिछली बजट घोषणा के लक्ष्य का कितना प्रतिशत पूरा हुआ है। लॉजिस्टिक कॉरिडोर बनाने तथा रेलवे की माल ढुलाई की अधिक सक्षम बनाने से माल की आवाजाही और अधिक सरलता से होगी लेकिन पूर्व में चल रही फ्रेट कॉरिडोर परियोजना की प्रगति बहुत धीमी है।

कोषागार का एकाउण्टेट रिश्वत लेते पकड़ा गया

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। कलेक्ट्रेट के कोषागार कार्यालय में एन्टी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ एकाउंटेंट को धरदबोचा है। आरोप है कि एकाउंटेंट ने पीड़ित से 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। टीम द्वारा एकाउंटेंट दयादम गुप्ता को हिरासत में लेकर लाइन बाजार थाने पर पूछताछ की गयी। बताया गया कि आरोपी दयाराम गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। गुरुवार की दोपहर एंटी करप्शन टीम ने कोषागार कार्यालय के एकाउंटेंट दयाराम गुप्ता को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वतखोर बाबू को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। पीड़ित संजय गुप्ता ने एंटी करप्शन ब्यूरो को बताया था कि साइन करवाने की एवज में अकाउंटेंट द्वारा परांच रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी मां स्व. पराना देवी के पेंशन के एरियर के भुगतान को खाते में ट्रांसफर करने के बदले में पांच हजार रुपए के रिश्वत की मांग की गई थी। खाते में लगभग 30 हजार रुपए ट्रांसफर करने थे। इसके बाद उन्होंने अपनी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो को दर्ज कराई। एंटी करप्शन टीम ने शिकायत को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की। जैसे ही पीड़ित द्वारा पैसे अकाउंटेंट को दिए गए वैसे ही एंटी करप्शन की टीम ने अकाउंटेंट को पकड़ लिया। अकाउंटेंट को हिरासत में लेकर लाइन बाजार थाने पर पूछताछ की जा रही है। ये कार्रवाई वाराणसी मंडल की एंटी करप्शन टीम ने की है।

ग्रामीण न्यायालय के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

आजमगढ़। ग्रामीण न्यायालय के गठन के विरोध में दीवानी कचहरी के अधिवक्ता गुरुवार को पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। नाराज अधिवक्ताओं ने आधे घंटे तक गिरजाघर चौराहे पर चक्काजाम भी किया। इस संबंध में दीवानी न्यायालय अभिभाषक संघ की साधारण सभा की आपात बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय ने तथा संचालन संघ के मंत्री आनंद श्रीवास्तव ने किया। बैठक में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा ग्रामीण न्यायालय के गठन की अधिसूचना जारी किये जाने का घोर विरोध किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि हमारा संगठन एक दशक से अधिक समय से इस संबंध में आंदोलनरत है उसके बावजूद हमारी बात को अनसुनी करके ग्रामीण न्यायालय का गठन कर दिया गया है। इस संबंध में आंदोलन को और धार देने के लिए एक संघर्ष समिति का भी गठन किया गया।

उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में ईट भट्ठा उद्योग पर जगह-जगह हुई छापेमारी

अवधनामा संवाददाता

सगड़ी,आजमगढ। सगड़ी तहसील क्षेत्र के ईट भट्ठा उद्योग पर उप जिला अधिकारी की नेतृत्व में जगह-जगह हुई छापेमारी त्वरित रूप से विनिमय शुल्क जमा करने के लिए दी चेतावनी 57 ईटभट्ठा उद्योग के द्वारा 60 लाख से अधिक दिन में शुल्क हुआ जमा। जानकारी के अनुसार सगड़ी तहसील क्षेत्र के ईट भट्ठा उद्योग संचालकों को विनिमय शुल्क जमा न करने पर ईट भट्ठा उद्योग को उप जिलाधिकारी सगड़ी अतुल गुप्ता के द्वारा दो दिन की नोटिस देने के बाद बुधवार को दिन में 12 बजे ईट भट्ठा उद्योग पर जगह-जगह उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाकर छापेमारी की गई इस दौरान नायब तहसीलदार संग्रह सहित राजस्व के कर्मचारी टीम में सम्मिलित रहे वहीं उप जिलाधिकारी सगड़ी ने मालटारी बिलरियागंज,महाराजगंज में भी जगह-जगह ईट भट्ठा पर पहुंच कर छापेमारी की वहीं उप जिलाधिकारी ने पहुंचकर त्वरित रूप से एट भट्ठा उद्योग से विनिमय शुल्क जमा करने के लिए चेतावनी दी और कहा कि शुल्क जमा नहीं किया गया तो ईटभट्ठा उद्योग को अवैध करार कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी इस दौरान उप जिला अधिकारी अतुल गुप्ता ने बताया कि अब तक सगड़ी तहसील क्षेत्र के 57 ईटभट्ठा उद्योग के द्वारा 60 लाख से अधिक रुपए विनिमय शुल्क के रूप में जमा कराया गया है वहीं शेष ईट भट्ठा उद्योग संचालक को विनिमय शुल्क जमा करने के लिए निर्देशित किया गया है नहीं जमा करने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं उप जिला अधिकारी की कार्यवाही से ईट भट्ठा उद्योग संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

टीबी रोग के प्रति जागरूकता में मदद करेंगे धर्मगुरू

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में उनके ही कार्यालय में जनपद के सभी धर्मगुरुओं को टीबी रोग पर संवेदीकृत किया गया। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन अभियान के तहत बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डीटीओ डॉ राकेश कुमार सिंह ने टीबी रोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम तथा शासन की टीबी रोगियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने आए हुए सभी धर्मों के गुरुओं से अपने समाज में आम लोगों के बीच टीबी रोग के प्रति जागरूकता फैलाने तथा उनके उपचार के लिए चल रही योजनाओं के प्रसार-प्रसार की अपील की। धर्म गुरुओं ने भी उन्हें टीबी रोग के बारे में जानकारी देकर समाज में जागरूकता फैलाने का आश्वासन दिया। सीएमओ ने उनसे निक्षय मित्र बनकर मरीजों को उपचार के दौरान पोषण सामाग्री देने का निवेदन किया जिस पर भी उन्होंने अपनी सहमति दी। सीएमओ ने कहा कि 24 मार्च क्षय उन्मूलन के संबंधित कार्यक्रम के दौरान निक्षय मित्र बनकर क्षयरोग उन्मूलन अभियान में सहयोग देने वाले धर्मगुरुओं को भी विभाग सम्मानित करेगा। सीएमओ ने प्रतिभाग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन क्षय उन्मूलन अभियान के जिला कार्यक्रम समन्वयक सलिल कुमार द्वारा किया गया।

कुलदीप की सटीक गेंदबाजी से जय सेल्स को मिले पूर्ण अंक

प्रयागराज। जय सेल्स वारियर ने रतीश गुप्ता (पिकलू) स्मारक टी-20 कलर ड्रेस कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में नंद किशोर विद्या भवन को 33 रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। विजेता टीम के कुलदीप मिश्रा की सटीक गेंदबाजी (4 - 1 - 15 - 4) कर अपनी टीम को जीत दिलाई है। नंद किशोर के राहुल राज पाल की आतिशी शतकीय 112 रन, 46 गेंद, 15 चौके, सात छक्के) पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके।

गुरुवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जय सेल्स वारियर ने 20 ओवर में छह विकेट पर 201 रन (तेजस्व मिश्रा 64 नाबाद, विश्वास सक्सेना 52, सचिन पाल 30, प्रांजल पांडेय 27 रन, राहुल राज पाल 2/34, शास्वत उपाध्याय 2/36, सक्षम अवस्थी 2/45) पर बनाए। जवाब में नंद किशोर विद्या भवन की टीम ने 19 ओवर में 168 रन (राहुल राज पाल 112 सिद्धार्थ मिश्रा 15 रन, कुलदीप मिश्रा 4/15, प्रांजल पांडेय 3/30, राज नायक 1/31, कमल चौहान 1/34) पर सिमट गई। मैच के बाद पूर्व खिलाड़ी नितिन सिब्बल ने कुलदीप मिश्रा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में मो. आरिफ व अभिषेक मिश्रा ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

15000 नगदी सहीत लाखों की चोरी

अवधनामा संवाददाता

अतरौलिया। प्रधान के घर को चोरों ने बनाया निशाना, नकब काट कर लाखों की हुई चोरी। बता दे की थाना क्षेत्र के महंगू पुर ढाहर गांव में बीती रात लगभग 02:00 बजे के करीब अज्ञात चोरों द्वारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकेश तिवारी पुत्र शीतला प्रसाद के घर में नकब काट कर नगदी समेत गहने की चोरी हुई है। पीड़ित परिजनों ने स्थानीय थाने पर इसकी लिखित शिकायत की है। घटनास्थल पर पुलिस और डाग स्क्वायड टीम पहुंचकर चोरी की घटना के जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पीड़ित प्रधान प्रतिनिधि मुकेश तिवारी पुत्र शीतला प्रसाद का आरोप है कि बीती रात लगभग 2:00 बजे के करीब अज्ञात चोरों ने नकब काटकर मेरी भाभी रजनीश तिवारी पत्नी प्रहलाद तिवारी के कमरे में रखें सोने चांदी के कीमती आभूषण तथा 15000 नगदी अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। जिसकी जानकारी पीड़ित परिवार को सुबह में हुई।

फिलहाल पुलिस चोरी की इस घटना के जांच में जुटी हुई है। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार कई चोरियां हुई जिसका अनावरण नहीं हो सका। पुलिस जल्द से जल्द इस चोरी की घटना का अनावरण करें और चोरों को गिरफ्तार करें।

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जनवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर पर, यूएस फेड ने ब्याज दर नहीं बदले

नई दिल्ली। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर में 18 महीने के निचले स्तर 54.9 से बढ़कर जनवरी में 56.5 हो गया। नवीनतम आंकड़े पिछले सितंबर के बाद से क्षेत्र में मजबूत सुधार को रेखांकित करते हैं।

देश में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जनवरी में चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। नए ऑर्डर्स से वृद्धि दर को बढ़ावा मिला। गुरुवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर में 18 महीने के निचले स्तर 54.9 से बढ़कर जनवरी में 56.5 हो गया।

नवीनतम आंकड़े पिछले सितंबर के बाद से क्षेत्र में मजबूत सुधार को रेखांकित करते हैं। पीएमआई की भाषा में 50 से ऊपर का मतलब विस्तार से है। वहीं 50 से कम का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है।एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, ''भारत के विनिर्माण पीएमआई से जनवरी में विनिर्माण गतिविधि में तेजी की बात सामने आई है। उत्पादन मांग मजबूत है। घरेलू ठेके, निर्यात ठेकों की तुलना में तेज से बढ़ रहे हैं।''

सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय सामान उत्पादकों को दिए गए नए ठेके जनवरी में तेज गति से बढ़े, और यह चार महीनों में सबसे मजबूत वृद्धि है। विपणन प्रयासों और मांग में उछाल से वृद्धि को बढ़ावा मिला।अंतरराष्ट्रीय बिक्री भी तेज गति से बढ़ी। सामान उत्पादकों ने अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका में फैले ग्राहकों से मजबूत मांग की जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया, ''कुल मिलाकर अंतरराष्ट्रीय ठेके में विस्तार की दर पिछले अक्टूबर के बाद से सबसे तेज रही।'' एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 विनिर्माताओं की एक समिति को भेजी गई प्रश्नावली से मिले जवाबों से संकलित किया।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने जनवरी की बैठक में प्रमुख ब्याज दर को 5.25-5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने फैसला किया है। अमेरिकी मौद्रिक नीति समिति ने अपने बयान में कहा कि हाल के संकेतकों से पता चलता है कि आर्थिक गतिविधि ठोस गति से बढ़ रही है। पिछले साल की शुरुआत से नौकरियों में कमी आई है लेकिन यह मजबूत बना हुआ है, और बेरोजगारी दर कम बनी हुई है। पिछले एक साल में मुद्रास्फीति कम हुई है लेकिन यह अब भी उच्च स्तर पर है।

रीजेंसी हेल्थकेयर ने गुर्दे के ट्यूमर को सर्जरी के जरिये हटाने में कीर्तिमान स्थापित किया

कानपुर। मेडिकल एक्सपर्टीज का शानदार परिचय देते हुए रीजेंसी हेल्थकेयर ने तीन घंटे से ज्यादा समय तक चली एक जटिल सर्जिकल प्रक्रिया में 25 वर्षीय मरीज के गुर्दे से 6 किलो के दुर्लभ ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालकर कीर्तिमान रच दिया। मरीज को चार दिन की पोस्ट-ऑपरेटिव देखभाल के बाद छुट्टी दे दी गई। नर्सिंग और सपोर्ट टीमों सहित अस्पताल के कर्मचारियों ने उनके ठीक होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरीज शुरू में पेट दर्द और सूजन की शिकायत के साथ रीजेंसी हॉस्पिटल के ओपीडी में आया था। इसके बाद जांच करने पर चला कि उसके बाएं मूत्रवाहिनी में पथरी है और दाएं गुर्दे में बड़ा ट्यूमर है। मरीज की जांच रीजेंसी रीनल साइंसेज सेंटर में डॉ. पीयूष त्रिपाठी ,यूरोलॉजिस्ट कंसल्टेंट द्वारा किया गया । डॉ. पीयूष त्रिपाठी और डॉ. संजीव मेहरोत्रा ,सीनियर कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट की सर्जिकल

टीम ने सामान्य एनेस्थीसिया के तहत सर्जरी प्रक्रिया पूरी की। ट्यूमर के आकार और उसके गुर्दे में होने और लीवर, आंतों और अन्य अंगों को दबाने के बावजूद सर्जिकल टीम ने बिना किसी समस्या के ट्यूमर को पूरी तरह से हटा दिया। ऐसे आकार के ट्यूमर की दुर्लभता और उन्हें पूरी तरह से निकालने से जुड़ी चुनौतियों को देखते हुए इसे सफलतापूर्वक अंजाम देना काफी सराहनीय है।

इसके बारे में बताते हुए डॉ. पीयूष त्रिपाठी ने कहा, 6 किलो के गुर्दे वाले ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालना रीजेंसी हेल्थकेयर की पूरी मेडिकल टीम की काबिलियत और समर्पण का एक प्रमाण है। हम मरीज (सूरज 8 के ठीक होने से खुश हैं, और उनका केस विशेष रूप से जटिल मामलों में असाधारण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

मरीज सूरज के इस केस में कई अतिरिक्त चुनौतियाँ उत्पन्न हुईं क्योंकि उनके पास ज्यादा पैसे भी नहीं थे। अस्पताल ने उनकी आर्थिक स्थिति को समझते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से सहायता प्रदान की ताकि उनके इलाज में कोई देर न हो और वह समुचित इलाज पाएं। इस दौरान उन्हें बाईं मूत्रवाहिनी की पथरी को सफलतापूर्वक हटाने के लिए दवा भी दी गयी।

सोने में 100 रुपये की तेजी, चांदी की कीमत में 600 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में कीमती धातुओं के दामों में बढ़ोतरी के बीच दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमत में इजाफा हुआ। यह कीमत 100 रुपये बढ़कर 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

उधर चांदी की कीमत में 600 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। यह दाम 76,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया।पिछले कारोबार में चांदी 76,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव चार डॉलर की तेजी के साथ 2,038 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, मध्य पूर्व संघर्ष के साथ-साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति पर चिंताओं के बीच गुरुवार को सोने की कीमतों में तेजी आई।

भारत में मेड इन इंडिया गैलेक्सी एस24 सीरीज की बिक्री शुरू

गुरुग्राम। सैमसंग की हाल ही में लॉन्च की गई फ्लैगशिप गैलेक्सी एस24 सीरीज की आज से भारत में बिक्री शुरू हो जाएगी। मेड इन इंडिया गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24+ और गैलेक्सी



एस24 स्मार्टफोन लाइव ट्रांसलेट, इंटरप्रेटर, चैट असिस्ट, नोट असिस्ट और ट्रांसक्रिप्ट असिस्ट जैसी सुविधाओं से लैस है। सैमसंग कीबोर्ड में निर्मित एआई हिंदी सहित 13 भाषाओं में रियल टाइम में मैसेज का अनुवाद करने में सक्षम है। कार में, एंड्रॉएड ऑटो अपने आप आने वाले मैसेज का सारांश सामने रखते हुए प्रासंगिक रिप्लाई और एक्शन का भी सुझाव देगा।

गैलेक्सी एस24 सीरीज का निर्माण भारत में सैमसंग की नोएडा स्थित फैक्ट्री में किया जा रहा है। सैमसंग को अपने इस गैलेक्सी एस24 सीरीज के लिए रिकॉर्ड प्री-बुकिंग मिली हैं, जिससे यह भारत में अब तक की सबसे सफल एस सीरीज बन गई है। गैलेक्सी एस24 सीरीज गूगल के साथ सहज, जेस्चर संचालित सर्कल टू सर्च की शुरुआत करने वाले पहला फोन है, जो सर्च के मामले में अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उपयोगी, उच्च-गुणवत्ता वाले सर्च रिजल्ट देखने के लिए यूजर गैलेक्सी एस24 की स्क्रीन पर सर्कल बना सकते हैं, हाइलाइट कर सकते हैं, लिख सकते हैं या फिर टैप कर सकते हैं। कुछ चुनिंदा सर्च के लिए, जेनेरिक एआई-संचालित ओवरव्यू पूरे वेब से हासिल जानकारी और संदर्भ मुहैया कराता है।

गैलेक्सी स24 सीरीज़ का प्रोविजुअल इंजन एआई-संचालित टूल की एक व्यापक श्रृंखला है, जो इमेज कैप्चरिंग क्षमताओं को नई ऊंचाई पर ले जाते हुए रचनात्मक स्वतंत्रता को ऑप्टिमाइज करता है। गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा पर क्वाड टेली सिस्टम अब एक नए 5× ऑप्टिकल जूम लेंस के साथ आता है जो एडैप्टिव पिक्सल सेंसर की बदौलत 2×, 3×, 5× से 10× तक जूम स्तरों पर ऑप्टिकल-गुणवत्ता प्रदर्शन को सक्षम करने के लिए 50MP सेंसर के साथ काम करता है। इमेजेज बेहतर डिजिटल जूम के साथ 100× पर बिल्कुल स्पष्ट नजर आती हैं।

मोदी 2.0 के पांच वर्षों में बजट के बाद तीसरी बार गिरा शेयर बाजार

नई दिल्ली। संसद में अंतरिम बजट पेश होने के दिन शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के संवेदी सूचकांक-सेंसेक्स में 100 से अधिक अंकों की गिरावट देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 21700 से नीचे आ गया। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बीते 10 साल में शेयर मार्केट ने किस बजट को कैसे देखा। सेंसेक्स-निफ्टी ने कब गोता लगाया। किस बजट के बाद कारोबारियों और निवेशकों के उत्साह से बाजार में तेजी दिखी।इस खबर में जानिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को 45 मिनट के भाषण में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। बजट डॉक्यूमेंट सरकार की आर्थिक नीतियों और विजन का दस्तावेज होता है। इसमें दर्ज आंकड़ों से सेंसेक्स और निफ्टी की दशा-दिशा तय होती है। अंतरिम बजट का बाजार पर कितना असर होता है, इसकी मिसाल उस समय दिखी जब वित्त मंत्री के बजट भाषण से पहले गुरुवार को शेयर बाजार के कारोबार में सुस्ती दिखी। बजट का असर उस समय और साफ हो गया जब दिन का कारोबार खत्म होने के समय बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज सेंसेक्स 106.81 (-0.14%) अंक गिरकर 71,645.30 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 28.25 (-0.13%) अंकों की गिरावट के साथ 21,697.45 के स्तर पर बंद हुआ। वित्त मंत्री सीतारमण के बजट भाषण के दिन बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव दिखने के मौके पर जानना दिलचस्प है कि पीएम मोदी के कार्यकाल में पेश किए गए बजट से बाजार कैसे प्रभावित हुआ है।

फीवर एफएम ने नया लोगो और टैगलाइन हैपेनिंग है जारी

नई दिल्ली। देश में ऑडियो इंटरटेनमेंट के क्षेत्र से जुड़े सबसे बड़े नामों में से एकफीवर एफएम नेटवर्क ने आज अपनी नई ब्रैंड पहचान और नई टैगलाइन हैपेनिंग है को पेश किया जिससे सुनने वालों को खुद के विचारोंको आकार देने और ऑन एयर ऐसा कॉन्टेंट तैयार करने के मौके मिलेंगे जो उनके मुताबिकहों। फीवर सुनने वाले अब से अपनी पसंद के गाने चुन सकेंगे, उन्हें सुनने से इंकार भी करसकेंगे और यहां तक की अपनी ऑन एयर प्लेलिस्ट भी बना सकेंगे। साथ ही, वे अपने पसंद के आरजे भी चुनसकेंगे। इसके अलावा, सुनने वालों को अपनी मर्जी से शो बनाने की भी सुविधा मिलेगी। रमेश मेनन, सीईओ, ऑडियो, एचटी मीडिया ग्रुप ने कहा, हम नई उम्र, डिजिटल दुनिया में ढल चुकी युवा पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए÷नए फीवर÷की शुरुआत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। नए फीवर कोसुनने वाले ही नया आकार देंगे और यह सुनने वालों के लिए ही होगा। इससे रेडियो को लेकरहमारे अब तक के अनुभव बिल्कुल बदल जाएंगे। आपके प्यार ने ही बीते वर्षों में इस ब्रैंडको बनाया है और हमें वे जानकारी दी हैं जिनसे हम आपकी ज़रूरतों को बेहतर ढंग से समझसके हैं। हमें पूराभरोसा है कि नया फीवर पर हमारे साथ जुड़कर आपका समय बहुत ही अच्छी तरह बीतेगा।

डिजिटल दौर मेंढल चुके ग्राहकों के लिए अपने म्यूज़कि मिक्स को पूरी तरह बदलकर और तयशुदा फॉर्मैटसे चिपके न रहते हुए, फीवर वादा करता है कि वह नई पीढ़ी के लोगों की उम्मीदों पर पूरीतरह खरा उतरेगा। फीवर अब से मज़ेदार ट्रैक प्ले करेगा, यह पक्का करेगा कि डिजिटल तरीकेसे संगीत और सुनने वालों का तालमेल, रेडियो पर भी हो। न सिर्फ संगीत के मोर्चे पर हीनहीं, फीवर एफएम अपने सुनने वालों को मज़ेदार आरजे के साथ ट्रेंड में चल रही चीज़ोंपर बातचीत, ट्रेंडिंग सोशल कॉन्टेंट, बेहतरीन ऑडियो ड्रामा, लाइव कॉन्सर्ट और आईपी केमाध्यम से भी मनोरंजन देगा और उन्हें अपने साथ जोड़े रखेगा। 2006 में शुरू हुआ फीवर देश के सबसे लोकप्रिय रेडियो स्टेशनों में से एक है और यह 15 शहरों मेंप्रसारित होता है। इसके सुनने वालों की संख्या लगभग 3.5 करोड़ है। पांच चरणों में बंटायह डिजिटल और सोशल मीडिया अभियान, लगातार बदलती डिजिटल ऑडियो की दुनिया के हिसाब ढलजाने की और खुद को युवा-केंद्रित कॉन्टेंट नेटवर्क के तौर पर पेश करने की फीवर की प्रतिबद्धताका हिस्सा है।

सेगमेंट की सबसे बड़ी 256 जीबी रोम के साथ टेक्नो स्पार्क 20, 2 फरवरी से बिक्री के लिए उपलब्ध है

नई दिल्ली। ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रैंड, टेक्नो, वर्ष 2024 में यूज़र्स को नवाचार की एक रोमांचक यात्रा की सैर कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। बॉलीवुड सुपरस्टार दीपिका पादुकोण को ब्रैंड एंबेसेडर के रूप में शामिल करने और आकर्षक व मनोरंजक पॉप 8 की दमदार लॉन्चिंग के साथ नए वर्ष की शुरुआत करने के बाद टेक्नो बिल्कुल नए स्पार्क 20 के साथ स्मार्टफोन परिदृश्य पुनर्जीवित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह शानदार स्मार्टफोन 2 फरवरी, 2024 से निकटतम रिटेल स्टोर्स और अमेज़न पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।

यह मेड-इन-इंडिया स्मार्टफोन उन लोगों के लिए एक बेहतरीन ऑल-राउंडर है, जो अपनी डिवाइस में बड़े पैमाने पर स्टोरेज, खूबसूरत यादों को कैप्चर करने वाला हाई क्वालिटी का कैमरा और आकर्षक डिज़ाइन चाहते हैं, वह भी अविश्वसनीय रूप से किफायती कीमत पर और एक ही डिवाइस में। स्पार्क 20 आपके निकटतम रिटेल आउटलेट्स पर 9,499 की शुरुआती कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। यह ऑफर सीमित समय के लिए है।

स्पार्क 20 अपने सेगमेंट के पहले आश्चर्यजनक 256 जीबी रोम को शामिल करता है, जो बेशकीमती यादों को सहेजने के लिए शानदार स्पेस देता है। इसके अलावा, इसमें अभूतपूर्व 32 मेगा पिक्सेल का सेल्फी कैमरा भी शामिल है, जो सोशल मीडिया पर आपकी सबसे अलग झलक प्रस्तुत करने का वादा करता है। शक्तिशाली ऑक्टा-कोर प्रोसेसर इसे पॉवरहाउस के रूप में पेश करता है, ताकि यूज़र्स एक प्रोफेशनल की तरह एक ही समय में मल्टीटास्क परफॉर्म कर सकें। इसके अतिरिक्त, स्पार्क 20, 5000 एमएएच बैटरी के साथ आता है, जो यूज़र्स को पूरे दिन बिना किसी समस्या के इसे कुशलतापूर्वक चलाने का भरोसा दिलाती है।

इसके फीचर्स यहीं समाप्त नहीं होते हैं। स्पार्क 20 में आकर्षक डीटीएस डुअल स्टीरियो स्पीकर्स भी शामिल हैं, जो सेगमेंट के अन्य स्मार्टफोन्स की तुलना में 400त्न अधिक तेज ध्वनि उत्पन्न करते हैं। स्पार्क 20 में उन यूज़र्स के लिए भी बहुत कुछ है, जो मनोरंजन के प्रति विशेष रुझान रखते हैं। ?5604 मूल्य के कम्प्लीमेंटरी ओटीटी प्ले प्रीमियम सब्सक्रिप्शन को शामिल करके, स्पार्क 20 एक या दो नहीं, बल्कि 23 मस्ट-वॉच ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की पेशकश करता है, जो इसे सर्वोत्तम मूल्य वाला सबसे किफायती स्मार्टफोन बनाता है।

यहाँ विस्तार से बताया गया है कि स्पार्क 20 एक ऑल-राउंडर चैंपियन क्यों है-

सेगमेंट की सबसे व्यापक स्टोरेज- स्पार्क 20 सेगमेंट की पहली सबसे बड़ी 256 जीबी स्टोरेज को शामिल करता है, जो शानदार 8 जीबी + 8 जीबी रैम कॉम्बो के साथ आती है। यह स्टोरेज बिना किसी रुकावट के सुचारू मल्टीटास्किंग सुनिश्चित करती है। तो अब यूज़र्स को अपने यादगार फोटोज़, वीडियोज़ आदि को सहेजने और कैप्चर करने से पहले स्पेस की चिंता करने की जरुरत नहीं है।

सेगमेंट का पहला 32 मेगा पिक्सेल फ्रंट कैमरा- जीवन में कई पल ऐसे आते हैं, जिन्हें यादों के रूप में सहेजने की व्यापक आवश्यकता होती है। स्पार्क 20 में सेगमेंट का पहला 32 मेगा पिक्सेल का फ्रंट कैमरा और एक विशाल 50 मेगा पिक्सेल का रियर कैमरा शामिल है। यह फीचर यूज़र्स को अल्ट्रा-क्लियर सेल्फीज़ और बेमिसाल एडवेंचर शॉट्स लेने की अनुमति प्रदान करता है। कम रोशनी में भी स्पष्टता प्रदान करने वाला यह स्मार्टफोन भीड़ में अलग पहचान बनाने का वादा करता है।

स्टाइल आइकन- डिज़ाइन टेक्नो के डीएनए में है और स्पार्क 20 इसे अगले स्तर पर ले जाता है। यह स्मार्टफोन टेक्नो की पॉवरहाउस ब्रैंड एंबेसेडर दीपिका पादुकोण की तरह ही स्टाइल और सोफिस्टिकेशन से परिपूर्ण है।

मिआ बाय तनिष्क की बाय मोर, सेव मोर ऑफर में अद्वितीय डील्स का लाभ उठाइए

नई दिल्ली। भारत के सबसे फैशनेबल ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक मिआ बाय तनिष्क में नए साल का स्वागत आकर्षक ऑफर्स के साथ किया जा रहा है। मिआ में शुरू हुआ है बाय मोर, सेव मोर ऑफर जिसमें आप पा सकते हैं सभी मिआ डायमंड उत्पादों की खरीदारी पर 20% तक की भारी छूट ! सबसे बेहतरीन ऑफर्स का लाभ उठाइए और अपनी शान बढ़ाइए। ख़रीदे गए उत्पादों की संख्या के अनुसार, 3% से 20% तक के एक्सक्लूसिव डिस्काउंट्स पाइए। साथ ही साथ, 75,000 रुपयों से ज़्यादा बिल वैल्यू वाले उपभोक्ताओं को दी जाएगी फ्लैट 20% छूट। सभी मिआ बाय तनिष्क रिटेल आउटलेट्स में और ऑनलाइन चैनल्स पर डायमंड प्रोडक्ट्स पर 26 फरवरी 2024 तक इस ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। नया साल यानी ढेर सारा जश्न और प्यार, इन खुशियों को चारचांद लगाने के लिए अनोखे और स्टाइलिश आभूषण खरीदने का यही सुनहरा मौका है। आपके दोस्त का जन्मदिन हो, पत्नी या गर्लफ्रेंड को सरप्राइज़ देना हो या शादी में उपहार, हर प्रसंग में मिआ बाय तनिष्क के गिफ्ट देकर #KahoKuchSpecial किसी भी स्टाइल पर जचने वाले फैंसी मिनिमलिस्टिक डिज़ाइन हो या दिल को छू लेने वाले बोल्ड पीसेस, मिआ में आपकी और आपके प्रियजनों की पसंद ज़रूर पूरी होगी। इस स्पेशल ऑफर का लाभ उठाइए और कई अलग-अलग आभूषणों के मोहक डिज़ाइन का आनंद लीजिए। स्टड्स, फिंगर रिंग्स, ब्रेसलेट्स, इयररिंग्स, इयर कफ्स, नेकलेस और पेंडेंट्स जैसे कई अलग-अलग आभूषण आप मिआ बाय तनिष्क में खरीद सकते हैं। बेहद खूबसूरत सोने के आभूषणों में जड़े हीरों के साथ यह रेन्ज बहुत ही शानदार है। न्यू इयर पार्टियों से लेकर अनिवर्सरी, वैलेंटाइन डे, कॉकटेल इवनिंग, बर्थडे पार्टियों तक हर प्रसंग को मिआ के साथ स्पेशल बनाइए। इस सीज़न में अपने उपहारों के साथ दीजिए मिआ बाय तनिष्क के आभूषणों में लिपटी हुई मुस्कान, दुलार और खूब सारा प्यार। मिआ की बाय मोर, सेव मोर ऑफर के साथ खरीदारी की ख़ुशी को दुगुना कीजिए।

डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने 2024 में एक अर्थपूर्ण और सोचा-समझा पोर्टफ़ोलियो बनाने के लिए अपने दृष्टिकोणों का खुलासा किया

लखनऊ। अपने वार्षिक नोट में, डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने 2024 में एक अर्थपूर्ण और सोचा-समझा पोर्टफ़ोलियो बनाने के लिए अपने दृष्टिकोणों का खुलासा किया है। डीएसपी बाज़ार की कई अलग-अलग परिस्थितियों के दौरान संतुलन बनाए रखने के लिए मार्केट कैप सेगमेंट में आपके पोर्टफ़ोलियो में विविधता लाने की वकालत करता है।

2023 में बाज़ारों ने जो रिटर्न दिया है उसका अनुमान, एक साल पहले, कोई भी नहीं लगा सकता था। वैश्विक अर्थव्यवस्था उम्मीद से ज़्यादा लचीली साबित हुई, मुद्रास्फीति अनुमान से ज़्यादा तेज़ी-से कम हुई और कंपनियों ने कच्चे माल की कम कीमतों के ज़्यादातर लाभ बरकरार रखे, जिसकी वजह से उन्हें उच्चतर मार्जिन प्राप्त हुए । सबसे बड़ी बात ये रही के , भारत के पक्ष में सकारात्मक भावना जारी रही, जिसकी वजह से रिलेटीव मल्टीपल्स में वृद्धि हुई।

2023 में, मिड और स्मॉल कैप ने महत्वपूर्ण रन-अप, अच्छी गुणवत्ता और कम गुणवत्ता दोनों का अनुभव किया। ष्ठस्क्ककी प्राथमिकता क्वालिटी मिडकैप की तरफ़ ज़्यादा है क्योंकि यह कम अस्थिरता और कम ड्रॉडाउन के साथ पैसे कमाने के लिए अधिक प्रभावी नज़रिया देता है। एलिवेटेड मल्टीपल के साथ वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए, जो कि सबसे अच्छी ख़बरों में मूल्यवान मालूम होती है, गुणवत्ता वाली कंपनियों से के साथ बने रेहना औरहर एक क्षेत्र में बिज़नेस साइकल तथा वैल्यूएशन साइकल को समझना अधिकाधिक महत्वपूर्ण होता जाता है।

ऑपरेटिंग परफ़ॉर्मेंस में सुधार की ओर इशारा करने वाले हालिया आंकड़ों ने डीएसपी को PSU कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है। हालाँकि, बुनियादी मापदंडों को पूरा करने वाली कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए चयन मानदंड सख्त बने हुए हैं। इन PSU संस्थाओं को कुशल संचालन बनाए रखना चाहिए, क्योंकि बिज़नेस के बढ़ते अवसरों के कारण आउट-परफ़ॉर्मेंस के निरंतर रुझान की उम्मीद की जाती है। हालाँकि, उनके ऐतिहासिक ट्रैक रिकॉर्ड से निर्देशित, PSU कंपनियों के स्वामित्व के लिए हाई बेंचमार्क बनाए रखते हुए, डीएसपी एक सख़्त नज़रिया बनाए रखता है।

हालाँकि वैश्विक स्तर पर, बुजुर्गों की आबादी को लेकर एक चुनौती बनी हुई है लेकिन भारत उम्र के मामले में वैश्विक स्तर पर सबसे कम औसत जनसंख्या में से एक है और इसकी वजह से वह एक फ़ायदेमंद स्थिति में बना हुआ है। यह जनसांख्यिकीय का हमारी आबादी का एक प्रमुख हिस्सा होने के कारण, हम कामकाजी उम्र की आबादी और बढ़ती आय के स्तर में निरंतर वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।। इससे न सिर्फ़ स्थिरता सुनिश्चित होती है, बल्कि आने वाले बरसों में लगातार विकास की दृश्यता भी बढ़ती है।

डीएसपी के अनुसार, हालाँकि भारत एक असाधारण दीर्घकालिक निवेश अवसर देता है, लेकिन इसके बावजूद इंवेस्टर्स को वैश्विक विकास में गिरावट, बढ़ती वैश्विक ब्याज़ दरों, निकट-अवधि में डॉलर की शक्ति और बढ़ी हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण बदलते परिदृश्य पर विचार करते हुए सतर्क रहना चाहिए। हालाँकि, भारत के अपने मुख्य रूप से घरेलू आधार पर संचालित विकास के साथ, इस बदलते माहौल में ग्लोबल मैक्रो जोख़िमों के लिए अपेक्षाकृत कम संवेदनशील होने की उम्मीद है, लेकिन समृद्ध मूल्यांकन के आधार पर मौजूदा वर्ष के लिए अपेक्षाओं को उचित रूप से निर्धारित करने की ज़रूरत है। विनीत साम्ब्रे, प्रमुख इक्विटीज़,डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड कहते हैं, डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड में, हम मानते हैं कि 'उचित मूल्य पर विकास' की तुलना में 'मूल्य' बेहतर परिणाम देगा। ऐसे भी वर्ष होंगे जब कुछ क्षेत्रीय विषय महत्वपूर्ण अल्फ़ा देंगे। टूर डी फ़्रांस की एक टीम की तरह, अंतिम उद्देश्य हासिल करने के लिए हमारी भूमिका में अलग-अलग प्रतिभाएँ मौजूद हैं- इसका उद्देश्य है हमारे यूनिहोल्डर्स को लगातार, जोख़िम-समायोजित दीर्घकालिक रिटर्न देना। हमारा यह लक्ष्य अब भी कायम है कि हम अपने 35 लाख मौजूदा इंवेस्टर्स के लिए फ़ाइनैंशियल परिणामों में सुधार करें और साथ ही, उन नए इंवेस्टर्स का स्वागत करें जो अपने फ़ाइनैंशियल लक्ष्य हासिल करने के लिए हमारे आसान और अनुशासित नज़रिए से फ़ायदा ले सकते हैं।

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पंचायत सम्मेलन में शामिल हुए सिक्किम के मुख्यमंत्री तामांग

लखनऊ। गंगटोक के मनन केंद्र में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पंचायत सम्मेलन का समापन हुआ। पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों की बैठक के अंतिम दिन मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने अपने संबोधन में तीन दिवसीय पंचायत सम्मेलन के सफल रूप से सम्पन्न होने पर खुशी व्यक्त की, जिसमें सभी जिला पंचायत, ग्राम पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय सभी इस सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पंचायत सम्मेलन के तीन दिवसीय आयोजन से सार्थक विचार-विमर्श, शिकायतों के समाधान, सुचारू संचार की सुविधा और सभी छह जिलों में पंचायतों के बीच बातचीत सुनिश्चित करने और चर्चा किए गए सुझावों और प्रस्तावों को व्यावहारिक कार्रवाई में बदलने के लिए पर्याप्त समय मिला। मुख्यमंत्री तामांग ने राज्य सरकार के कुछ उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित किया, जिनसे स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों को दल-विहीन बनाने के सरकार के साहसिक निर्णय से जमीनी स्तर पर स्पष्ट बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के अलावा, नई प्रणाली युवा और शिक्षित व्यक्तियों को आगे लेकर आई है। उन्होंने बड़े पैमाने पर लोगों के लाभ के लिए सरकारी योजनाओं और पहलों के कार्यान्वयन में पंचायत सदस्यों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला और सिक्किम के विकास से संबंधित कई प्रमुख घोषणाएं की।

ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्टः फैशन, स्टाईल और ग्लैमर का भविष्य

कानपुर। ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर ने फैशन नैक्स्ट पेश किया है। यह एक अग्रणी फैशन प्लेटफॉर्म है, जो फैशन के बिल्कुल नए अनुभव प्रदान करेगा। गुरुग्राम और हैदराबाद के साथ नए शहरों, भुवनेश्वर और पुणे में शुरू हो रहा, फैशन नैक्स्ट फैशन और स्टाईल का नया चेहरा पेश करने वाला है। ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर अपने प्रतिष्ठित ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन टूर के साथ भारत में 16 सालों से स्टाईल के मामले में सबसे आगे रहा है। यह सबसे लोकप्रिय डिज़ाईनर्स और ग्लैमरस सेलिब्रिटीज़ के साथ रैंप पर फैशन लेकर आता रहा है। क्योरेटर-इन-चीफ के रूप में प्रसिद्ध डिज़ाईनर आशीष सोनी और फैशन डिज़ाईन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ अपनी निरंतर साझेदारी के साथ यह ब्रांड अब ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट के साथ फैशन, स्टाईल और ग्लैमर की पुनर्कल्पना कर रहा है। अपने इस नए अवतार में फैशन नैक्स्ट ग्लोबल फैशन और लाईफस्टाईल ट्रेंड्स के प्रभाव पेश करेगा, जो विकसित होते फैशन के शिखर पर स्थित तीन अद्वितीय थीम्स के साथ संकलित किए गए हैं। ये थीम्स हैंः वांडरलक्स, जो होलिडे वियर में लक्ज़री फैशन का प्रभाव प्रदर्शित करती है; ग्लॉस एंड ग्लैम, जो हाई फैशन में ग्लैमर की आधुनिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करती है; और इंटरग्लैमेटिक, जो फ्यूचरिज़्म से प्रेरित फैशन का प्रतिनिधित्व करती है। फैशन नैक्स्ट 2024 का मंच की सितारों की शाम से जगमगाएगा, जो गुरुग्राम में रिमजिम दादू और हैदराबाद में जेजे वाल्या द्वारा क्योरेट की जाएगी। वो फैशन नैक्स्ट 2024 की विशिष्ट थीम्स में अपने अद्वितीय कलेक्शंस का अनावरण करेंगे और स्टाईल ट्रेंड्स के विकास की झलक प्रस्तुत करेंगे। इस शाम को एक इनोवेटिव सेगमेंट, 'फैशन नैक्स्ट स्पॉटलाईट, पॉवर्ड बाय एफडीसीआई का एक्सक्लुसिव प्रिव्यू भी पेश किया जाएगा। इसमें 9 प्रतिष्ठित डिज़ाईनर्स के डिज़ाईंस और लोकप्रिय फैशन इन्फ्लुएंसर्स के स्टाईल्स के साथ विकसित होते हुए ट्रेंड्स का आकर्षक शो होगा, जो 2024 की विभिन्न थीम्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह सफर ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के साथ आगे बढ़ेगा, जो एक ऑन-ग्राउंड फेस्टिवल है और फैशन एवं स्टाईल से प्रेरित विश्व का द्वार खोलेगा। इस फेस्टिवल का आयोजन टिकट के साथ होगा, जिसमें नए शहरों के दर्शकों को फैशन, पकवानों, संगीत और टेक्नोलॉजी के ग्लैमरस अनुभवों और बहुमुखी स्टाईल का अनुभव लेने का मौका मिलेगा। इस आयोजन में भुवनेश्वर में नचिकेत बरवे और पुणे में वरुण बहल के साथ 'फैशन नैक्स्ट स्पॉटलाईट, पॉवर्ड बाय एफडीसीआई' का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा, इन फेस्टिवल्स में स्टाईल 3600 फैशन पॉप-अप्स भी पेश किया जाएगा, जो विभिन्न लाईफस्टाईल ब्रांड्स द्वारा क्योरेटेड एक एक्सपीरियंशल स्पेस होगा, जहाँ आगंतुक स्टाईल और मशहूर म्यूज़िक आर्टिस्ट डीजे रित्वज़ एवं कायन की शानदार परफॉर्मेंस का आनंद ले सकेंगे। अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कार्तिक मोहिंद्रा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पेर्नोद रिकार्ड इंडिया ने कहा, ''हम भारत में फैशन के परिदृश्य को आगे बढ़ा रहे हैं। ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर फैशन नैक्स्ट ऐसा प्लेटफॉर्म बन जाएगा, जहाँ हमारे ग्राहकों की लाईफस्टाईल की आकांक्षाएं ग्लोबल फैशन के विकसित होते परिदृश्य के अनुरूप बन सकेंगी। फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल एक आकर्षक और नया फॉर्मेट पेश करता है, जो हमारे फैशन के अनुभवों को नए शहरों में ले जाएगा, जहाँ उपभोक्ता ग्लोबल फैशन और लाईफस्टाईल ट्रेंड्स से प्रेरित होने के लिए तैयार हैं।

आएगी नौकरियों की बहार, 20 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

अवधनामा संवाददाता

- एमएमएमयूटी में आयोजित होगा मंडलीय रोजगार मेला
- नियुक्ति पत्र वितरित कर युवाओं को प्रेरित करने को मौजूद रहेंगे सीएम

गोरखपुर। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार की पहल पर नियमित तौर पर आयोजित हो रहे रोजगार मेले बड़े कारगर साबित हो रहे हैं। इन आयोजनों से दोहरा लाभ मिल रहा। एक और इनके जरिए जहां कंपनियों को एक जगह योग्य मानव संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं तो दूसरी ओर बेरोजगार युवाओं को बड़े पैमाने पर नौकरी मिल रही है।

इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) परिसर में 4 फरवरी को मंडल स्तरीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देकर प्रेरित करने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद उपस्थित रहेंगे। योगी सरकार के मिशन रोजगार के अंतर्गत रविवार (4 फरवरी) को गोरखपुर में ऑन द स्पॉट जॉब मेगा इवेंट का नजारा देखने को मिलेगा। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में स्थानीय से लेकर बहुराष्ट्रीय स्तर तक की कंपनियां युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेंगी। तकनीकी व गैर तकनीकी क्षेत्र में रोजगार का बहार लाने वाले इस मेले में एक ही स्थान पर एक ही दिन करीब 20 हजार युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

मेले में प्रतिभाग के लिए करीब 150 कंपनियों के आने की उम्मीद है। मेला परिसर में कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। गोरखपुर में सीएम योगी की उपस्थिति में आयोजित हुए पांच वृहद रोजगार मेलों के जरिये अब तक 32923 युवाओं को नौकरी मिल चुकी है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक अन्य अन्य रोजगार मेलों में 7176 युवा सेवायोजित हो चुके हैं।

अन्य रोजगार मेलों की उपलब्धि

वित्तीय वर्ष	चयनित अभ्यर्थियों की संख्या
2021-22	316
2022-23	2503
2023-24	1503
जनवरी 2024	2854
कुल योग	7176

सीएम की मौजूदगी वाले रोजगार मेलों की उपलब्धि

आयोजन तिथि	चयनित अभ्यर्थियों की संख्या
9-10 जून 2018	2358
14 जनवरी 2019	5484
2 सितंबर 2020	3480
3 अगस्त 2022	5153
22 अक्टूबर 2023	16448
कुल योग	32923

संयुक्त जिला चिकित्सालय का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया एवं मरीजों का हाल-चाल जाना तथा चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रातः करीब 08:50 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची डीएम ने सर्वप्रथम ओपीडी पैथोलॉजी कक्ष इमरजेंसी विंग जनरल वार्ड इमरजेंसी वार्ड पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड ऑपरेशन थिएटर डायलिसिस कक्ष ब्लड बैंक केएमसी वार्ड एसएसएनसीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी ली एवं संबंधित चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त डीएम ने मरीजों से आवश्यक दवाओं के साथ ही भोजन आदि मिलने की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विगत दिनों करंट की चपेट में आने से जो बच्चे झुलस गए थे उनका भी हाल-चाल लिया एवं बेहतर इलाज करने के निर्देश सीएमएस को दिए। ब्लड बैंक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक के संचालन के संबंध में जानकारी ली।

दबंग प्रधान पति ने विकलांग पर ढाया कहर, पत्नी समेत लड़के को भी पिटा

अवधनामा संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर जनपद अंतर्गत सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सीहापार में प्रधान पति द्वारा विकलांग ग्रामीण को रास्ता बनवाने की गुहार लगाने पर मारने-पीटने का लगा आरोप विडियो वायरल। बता दे विकासखंड सहजनवां अंतर्गत ग्राम पंचायत सीहापार के टोला टंडवा खुर्द निवासी विकलांग व्यक्ति रामवृक्ष पुत्र स्व.गोविन्द ने सहजनवां थाने पर दिए तहरीर में बताया है कि 28 जनवरी दिन रविवार को प्रधान पति राहुल शुक्ला मेरे घर के पास मिट्टी पटाई का कार्य कर रहे थे। पीड़ित ने अपना रास्ता पटवाने का आग्रह किया। इसी बात को लेकर पूर्व से खुन्नस खाए प्रधान पति राहुल शुक्ला अपने भाई रजनीश शुक्ला व 10-12 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर मेरे घर पर चढ़ आए तथा चुनाव में वोट ना देने की बात को लेकर गाली-गुप्ता देने लगे विरोध करने पर उक्त लोगों ने मेरी पत्नी ज्ञानमती व मेरे लड़के को भी मारने-पीटने लगे तथा राहुल शुक्ला कुल्हाड़ी उठाकर काटने के लिए दौड़ा लिए पीड़ित ने बताया। उपरोक्त लोग काफी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं यह लोग असलहा भी रखे हुए थे। जो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। जिससे पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। घटना से संबंधित वीडियो भी उपलब्ध कराते हुए पीड़ित ने इसकी शिकायत सहजनवां थाना व मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर भी किया है। उक्त संदर्भ में बात करने पर थाना प्रभारी सहजनवां मदन मोहन मिश्रा ने बताया तहरीर मिली है जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

छात्राओं को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। समग्र शिक्षा अभियान द्वारा संचालित केंद्रपुरोनिधानित रिवाइज्ड व्यवसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत योजना की कार्यदायी संस्था आइसेक्ट द्वारा विद्यालय ट्रेड आई टी आईटीएस में नामांकित कक्षा नवीं की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु आई आई सी एस एम कम्प्यूटर सेन्टर अमेठी में कम्प्यूटर शिक्षक श्रीनाथ शुक्ल द्वारा गुरुवार को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के लिये राजकीय बालिका इण्टर कालेज अमेठी की प्रधानाचार्या डा फूलकली गुप्ता अध्यापक ऋचा और रामनाथ मिश्र ने रवाना किया। इण्डस ग्रुप से भी औद्योगिक भ्रमण हेतु रिटेल में कार्यरत शिक्षिका प्रीती द्वारा छात्राओं को वी मार्ट घुमाया गया। विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्राओं का मनोबल और विश्वास दृढ होता है।

87 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

अमेठी अवधनामा संवाददाता। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में संग्रामपुर ब्लाक परिसर में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारती जिला समन्वयक आर के अग्निहोत्री प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह एवं जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपम रानी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन किया गया। अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि शासन की मनसा है कि प्रत्येक बेरोजगारों को रोजगार उनके द्वार पर मिले। इस कड़ी में छः प्लेसमेंट कम्पनी उषा सिलाई मशीन पुखराज हेल्थ केयर ग्रीन कॉल एसआईएस सिक्योरिटी बॉर्डर इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 185 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और 87 अभ्यर्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी शिवपूजन भारती द्वारा प्रतीक स्वरूप 10 रोजगार प्राप्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

दोषी अभियुक्त को तीन साल का सश्रम कारावास

कुशीनगर। करीब नौ साल पहले एक नाबालिग युवती को अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय विशेष न्यायालय पाक्सों कोर्ट नंबर एक सुनील मिश्र की बैंच ने दोषी अभियुक्त को तीन वर्ष की सश्रम कारावास व 5 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा दिलवायी जा रही है जिसके क्रम में थाना तरयासुजान पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट में दोषी अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया, जिसके फलस्वरुप न्यायालय द्वारा गुरुवार को अभियुक्त रामप्रवेश सिंह पुत्र बुनेला सिंह निवासी लतवाजीत थाना तरयासुजान जनपद कुशीनगर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिध्द करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को 03 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा एवं 5,000- रु0 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर डीएम ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

मतदान पार्टियों की रवानगी स्थल, मतगणना स्थल, स्ट्रॉन्ग रूम का भी लिया जायजा

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के मद्देनजर गुरुवार को विभिन्न मतदेय स्थलों, मतदान पार्टियों की रवानगी स्थल, मतगणना स्थल, स्ट्रॉन्ग रूम आदि का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने मतदान पार्टियों के रवानगी के दृष्टिगत जिला स्टेडियम रविंद्रनगर घूस, पुलिस लाईन कुशीनगर, बुद्धा पार्क रविंद्र नगर घूस का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान के पश्चात शील्ड ई0वी0एम0 जमा करने हेतु उदित नारायण डिग्री कालेज, पडरौना एवं उदित नारायण इण्टर कालेज, पडरौना में बनने वाले स्ट्रांग रूम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान एआरओ/एईआरओ व विधानसभा वार मतगणना हेतु लगाए जाने वाले टेबल, वाहन पार्किंग स्थल, मतगणना स्थल, स्ट्रॉन्ग रूम की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी लोक निर्माण विभाग को ईवीएम वीवीपीएटी मशीन आदि पार्टी रवानगी(डिस्पैच) से लेकर प्राप्ति (रिसीविंग) तक विस्तृत ले आउट प्लान बनाने से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर गुंजन द्विवेदी मुख्य विकास अधिकारी, वैभव मिश्रा अपर जिलाधिकारी, मोहम्मद जफर, उप जिलाधिकारी/ सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, महात्मा सिंह, उप जिलाधिकारी (न्यायिक), पडरौना, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड, कुशीनगर, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, डीएसओ दिलीप कुमार, लेखपाल योगेंद्र, मकसूद अहमद, कनिष्ठ सहायक, सैयद कमाल असगर रिजवी, वरिष्ठ सहायक, भीम सिंह, प्रधान सहायक आदि अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

दिव्यांगजन के जीवन में बिखरेंगे खुशियों के इंद्रधनुषी रंग

अवधनामा संवाददाता

- योगी सरकार 3 से 5 फरवरी तक कराएगी दिव्यांगजन रेनबो फेस्टिवल

गोरखपुर। दिव्यांगजन को समाज व विकास की मुख्य धारा में शामिल कराने में जुटी योगी सरकार उनके जीवन मे खुशियों के इंद्रधनुषी रंग बिखेरने की एक नई पहल कर रही है। दिव्यांगजन में निहित प्रतिभा को मंच उपलब्ध कराने के लिए सरकार 3 से 5 फरवरी तक दिव्यांगजन रेनबो फेस्टिवल कराने जा रही है। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन का उद्घाटन 3 फरवरी को अपराह्न 3 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

दिव्यांगजन रेनबो फेस्टिवल की मेजबानी दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के बैनर तले स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज लालडिग्गी द्वारा की जाएगी। इस फेस्टिवल को प्रमुख रूप से छह खंडों में नियोजित किया गया है। इसमें दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। दिव्यांगजन कि सांस्कृतिक प्रतिभा का सम्मान किया जाएगा। स्वावलंबी दिव्यांगजन की तरफ से फूड कोर्ट लगाया जाएगा। दिव्यांगजन के शैक्षिक पुनर्वास के लिए पुस्तक गैलरी बनाई जाएगी और उनका जीवन सुगम बनाने के लिए सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा। रेनबो फेस्टिवल का मकसद दिव्यांगजन की सृजनात्मक क्षमता का विकास और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करना है। इस फेस्टिवल में दिव्यांगजन की सहभागिता से ट्राइसाइकिल रेस, चित्रकारी, संगीत, नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी होंगे, जिससे उनमें समावेशी समाज में रहते हुए आत्मनिर्भरता की भावना का विकास हो सके। साथ ही दिव्यांगजन की कलात्मक प्रतिभाओ और दिव्यांग आइकॉन को सम्मानित किया जाएगा। फेस्टिवल का खास आकर्षण फूड कोर्ट और उत्पादों की प्रदर्शनी का होगा। फूड कोर्ट में दिव्यांगजन द्वारा तैयार व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला रहेगी तो प्रदर्शनी में उनके द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट उत्पाद दिखेंगे।

4 फरवरी से शुरू होगा देवरिया महोत्सव

देवरिया अवधनामा संवाददाता। एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने सायं चीनी मिल ग्राउंड पर आगामी 4 फरवरी से प्रस्तावित देवरिया महोत्सव के तैयारियों के संबन्ध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन ने देवरिया महोत्सव को स्थानीय सांस्कृतिक परिदृश्य के मद्देनजर भव्य तरीके से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि देवरिया महोत्सव आगामी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक आयोजित होगा। 12 फरवरी से 29 फरवरी तक मेला आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, ईओ नगर पालिका रोहित सिंह, डीएसओ संजय पांडेय सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिसंबर माह का खाद्य सामग्रियों का वितरण कल से

अवधनामा ब्यूरो

- वितरण के दौरान पांच केंद्रों का सीडीपीओ व मुख्य सेविकाएं करेंगी निरीक्षण

कुशीनगर। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद के अन्तर्गत संचालित आंगनबाडी केन्द्रों पर लाभार्थियों को वितरण हेतु सामग्री प्राप्त हो चुकी है। यह सामग्री माह दिसंबर 2023 के आपूर्ति आदेश के अनुसार है।

जनपद के पडरौना, फाजिलनगर, दुदही, कसया, नेबुआ नौरंगिया, कप्तानगंज, हाटा, रामकोला, मोतीचक विशुनपुरा, तमकुहीराज, खड्डा के परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रो से निम्नवत सामग्री का विवरण दिनांक 03 व 05 फरवरी 2024 को किया जायेगा। उक्त दिवस को पडरौना, फाजिलनगर, दुदही, कसया, नेबुआ नौरंगिया, कप्तानगंज, हाटा, रामकोला, मोतीचक विशुनपुरा, तमकुहीराज, खड्डा के परिजनों के सी0डी0पी0ओ0 व मुख्य सेविका रहेंगे और कम से कम 05 केंद्रों का भ्रमण करेंगे। उन्होंने बताया कि 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों को 1 कि0ग्रा0 गेहूं दलिया, 1 कि0ग्रा0 फोर्टीफाइड राइस, 1 कि0ग्रा0 चना दाल, 455 मि0ली0 खाद्य तेल प्रति माह ,3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को 500 ग्राम गेहूं दलिया, 500 ग्राम फॉर्टिफाइड राइस, 500 ग्राम चना दाल प्रति माह, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को 1.5 कि0ग्रा0 गेहूं दलिया, 1.5 फोर्टीफाइड राइस, 1.5 कि0ग्रा0चना दाल, 455 मि0ली0 खाद्य तेल प्रति माह तथा अति कुपोषित बच्चों को 1.5 कि0ग्रा0 गेहूं दलिया, 1.5 कि0ग्रा0 फोर्टीफाइड राइस, 1.5 कि0ग्रा0 चना दाल, 455 मि0ली0 खाद्य तेल प्रति माह उपरोक्त सामग्री का वितरण दिनांक 03 व 05 फरवरी 2024 को किया जायेगा।

विशेष सचिव का रिश्तेदार बताने वाले मनबढ़ ईओ का हुआ स्थानांतरण

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। सड़क छाप आचरण को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाले मनबढ़ ईओ अमित सिंह की कारस्तानी को आखिरकार शासन ने संज्ञान ले ही लिया। चेयरमैन व कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले ईओ का तमकुहीराज नगर पंचायत से बोरिया-बिस्तर बध गया। शासन ने उन्हें फाजिलनगर स्थानांतरित कर दिया है। ऐसी चर्चा है कि ईओ खुद को विशेष सचिव का रिश्तेदार बताकर न सिर्फ लोगो पर धौंस जमाते थे बल्कि मारपीट कर अपनी गुंडई का प्रदर्शन भी करते थे, ताकि उनके खिलाफ कोई बोलने की जुर्रत न कर सके।

बता दें कि ईओ अमित सिंह नगर पंचायत तमकुहीराज में अपने सात माह के कार्यकाल में कभी कर्मचारी और ठेकेदार से मारपीट तो कभी सत्ता दल नेताओं व आम जनमानस से दुर्व्यवहार कर विवादो में रहे है। बीते शनिवार को पहले कर्मचारी फिर ठेकेदार को मारने-पीटने के बाद चेयरमैन के साथ मारपीट करने को लेकर नगर पंचायत कार्यालय का तापमान बढ गया था। मीडिया ने ईओ अमित सिंह की गुंडई का प्रदर्शन व उनकी कारस्तानी के किस्से प्रमुखता से उठाया। नतीजतन शासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ईओ अमित सिंह को तमकुहीराज से हटा फाजिलनगर स्थानांतरित कर दिया है। **खुद को विशेष सचिव का बताते है रिश्तेदार:** चर्चा-ए- सरेआम है मनबढ़ ईओ अमित सिंह लोगो से खुद को नगर विकास के विशेष सचिव को अपना रिश्तेदार बताकर न सिर्फ अपना भौकाल टाइट करते है बल्कि मातहतों व चेयरमैन के साथ मारपीट कर अपने गुंडई का प्रदर्शन करते है। कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों का कहना है कि ईओ अमित सिंह दावा करते है कि उनका कोई बाल बाका नही बिगाड़ सकता है। नगर विकास में विशेष सचिव मेरे रिश्तेदार है और जब तक वह विभाग मे रहेगें तब तक मेरा कोई कुछ नही उखाड़ सकता है। लोगो ने कहा कि इसी दम पर वह किसी से मारपीट कर लेते है और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। **ईओ पर अब तक दर्ज नही हुआ मुकदमा:** कहना न होगा कि शनिवार को ईओ अमित सिंह द्वारा पहले कर्मचारी व ठेकेदार को मारने-पीटने के बाद चेयरमैन के साथ मारपीट की गई थी। ऐसा प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है। इस दौरान चेयरमैन के समर्थकों ने इओ की भी पिटाई कर दी थी। नतीजतन मारपीट मे चेयरमैन और ईओ दोनो चोटिल हुए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो पक्षों को किसी तरह से समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद उसी रात ईओ ने थाने को तहरीर देकर चेयरमैन सहित आधा दर्जन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जबकि दुसरे दिन चेयरमैन अपना मेडिकल कराकर ईओ के खिलाफ तहरीर लेकर थाने पहुंचे, लेकिन तमकुहीराज पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नही किया है। मजे की बात यह है कि 28 अक्टूबर को भी ईओ अमित सिंह ने आउटसोर्सिंग कर्मचारी कुन्दन पाण्डेय को मारा-पीटा था। इस संबंध में पीड़ित कुन्दन ने तमकुहीराज पुलिस को तहरीर देकर ईओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। बावजूद इसके तमकुहीराज पुलिस ने उस मामले में भी ईओ के खिलाफ कोई कार्रवाई नही किया है।

स्थानांतरण आदेश

सूबे के नगर विकास के अनु सचिव महावीर प्रसाद द्वारा जारी अनुभाग-1 संख्या-348/8-1-2024 दिनांक 31 जनवरी-24 के आदेश मे कहा गया है कि जनहित व प्रशासकीय हित में उत्तर प्रदेश पालिका (केन्द्रीयित) प्रशासी (अधीनत्थ) सेवक अमित सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत तमकुहीराज, जनपद कुशीनगर को तात्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित करते हुए नगर पंचायत फाजिलनगर, जनपद कुशीनगर में अधिशासी अधिकारी के रिक्त पद पर तैनात किया जाता है। आदेश में यह भी कहा गया है कि उक्त अधिशासी अधिकारी को अपनी नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए स्वतः कार्यमुक्त किया जाता है। संबंधित अधिशासी अधिकारी अपनी नवीन तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने की सूचना शासन/निदेशक, नगर निकाय निदेशालय, उप्र लखनऊ को अविलंब उपलब्ध करावे।

भाजपा मण्डल की एकदिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

सलेमपुर अवधनामा संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी सलेमपुर मण्डल की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सिचाई विभाग के डाकबंगले किया गया। भाजपा नेता संजय तिवारी ने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अलग-अलग बूथों पर 24 घंटे का प्रवास करें। इस दौरान प्रत्येक बूथों में दीवार लेखन तथा पांच जगहों पर कमल का निशान बनाने का काम करें। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं समेत देशहित में किये जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। मण्डल प्रभारी दुर्गेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव कार्यकर्ताओं के दम पर फिर से जीत कर लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करे। मण्डल अध्यक्ष अमरदत्त यादव ने कार्यशाला में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक तिवारी ने किया। उक्त अवसर पर जयनाथ कुशवाहा कन्हैया लाल जायसवाल, अमरेश सिंह बबलू, ओमप्रकाश यादव आदि ने भी कार्यशाला को सम्बोधित किया। उक्त अवसर पर नितेश चौबे, पुनीत यादव, धनन्जय चतुर्वेदी, विनय पाण्डेय, अनूप उपाध्याय, रविशंकर मिश्र, अनूप मिश्रा दीपक श्रीवास्तव, कृष्णकांत तिवारी, अनिल ठाकुर, छोटेलाल गुप्ता, भोला बाबा,राघवेंद्र पासवान,विनय तिवारी, अजय गौतम, विपिन चन्द्रा आदि मौजूद रहे।

यह एक प्रगतिशील बजट है: विजय लक्ष्मी गौतम

अवधनामा संवाददाता

केंद्रीय आम बजट पर जनप्रतिनिधि के विचार

देवरिया। सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि आज पेश बजट विकसित भारत निर्माण का पथ प्रशस्त करने के साथ समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास को समर्पित हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का दस्तावेज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने विगत 10 वर्षों में युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब के उत्थान को समर्पित नीतियों ने उल्लेखनीय परिणाम लाए हैं।सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण व तेज विकास के साथ युगान्तरकारी निर्णयों से राष्ट्रोत्थान की दिशा में हम सभी को निरंतर अग्रसर करने वाला बजट हैं।

सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने कहा बजट किसानों, महिलाओं, सीमांत वर्गों और मध्यम वर्ग को सहायता प्रदान करने की प्राथमिकता के साथ, विकास और कल्याण पर केंद्रित है। यह बजट नये भारत के संकल्प को पूरा करने वाला है। इस जनहितैषी बजट के लिए वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री को बधाई। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है,वह सर्वस्पर्शी बजट है। यह बजट किसानों, नौजवानों, महिलाओं और आमजन के जीवन को बढ़ावा देने वाला बजट है। इस बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये कई अहम चीजे पेश की गयी है। राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और उद्योगों के उत्थान को बढ़ावा देते हुए राजकोष में एक अच्छा संतुलन बनाता है। यह एक प्रगतिशील बजट है, जो सभी कसौटियों पर खरा उतरता है। इससे भारत के डेवलपमेंट मिशन को ताकत मिलेगी। ये बजट सबके लिए एक बजट है। विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस बजट में 2047 तक भारत को निरंतर सशक्त, समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने की ललक और झलक दिखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में क़रीब 25 करोड़ लोग ग़रीबी रेखा पीछे छोड़ आए। चुनावी वर्ष के बावजूद यह बजट लोकलुभावन व चुनावी नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण को समर्पित एक साहसिक बजट है। इस बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय वित्त मंत्री का आभार। यह बजट विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है। बजट में कृषि, उद्योग और सामाजिक क्षेत्रों का विशेष ख्याल रखा गया है।

इस बजट का उद्देश्य है कि देश की अर्थव्यवस्था में तेज़ी से विकास हो और सामाजिक समानता का लक्ष्य भी हासिल किया जा सके-विधायक जयप्रकाश निषाद विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा देश के विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास बेहद जरूरी है,जिसका बजट में पूरा प्रबंध किया गया है। सड़क, रेल, बिजली, स्वास्थ, शिक्षा और खेती से जुड़े महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर पर बजट में किया गया निवेश मील का पत्थर साबित होगा। विधायक दीपक मिश्रा शाका ने कहा विकास, सतत विकास, और समावेशी विकास इन शब्दों के इर्द-गिर्द विकास की यात्रा इस बजट से बतायी गयी है। विकास कैसे किया जाना है, विकास की दिशा क्या होगी? इस पर भी यह बजट स्पष्ट है। विधायक सभाकुअंर कुशवाहा ने कहा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की अवधारणा पर आधारित यह बजट संतुलित, समावेशी और सभी वर्गों तक पहुंचने वाला है। एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह ने कहा बजट में आधारभूत ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है, वहीं कृषि, उद्यान, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और पर्यटन को भी महत्व देने वाला बजट है। जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेन्द्र सिंह ने कहा बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की आकांक्षी समाज, गांव, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग सभी के सपनों को पूरा करेगा। मैं वित्तमंत्री और उनकी टीम को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पेश इस ऐतिहासिक बजट के लिए बधाई देता हूं। नपाध्यक्ष अलका सिंह ने कहा बजट गाँव-गरीब के विकास, महिला सशक्तिकरण, टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन और किसानों की आय में वृद्धि को चरितार्थ करने वाला बजट है। यह गरीबों, महिलाओं, उत्तम स्वास्थ्य, कृषि विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को समर्पित बजट है।

सीएमओ कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद शाहजहांपुर के जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम उन्होंने बायोमैट्रिक इंस्टॉलेशन की गतिमान प्रक्रिया के विषय में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरके गौतम को निर्देश दिए हैं कि खराब इमारत के स्थान पर नई इमारतें बनाने हेतु प्रस्ताव बनाकर भेज दें। उन्होंने अस्पताल में रखी जर्जर अलमारी को भी बदलवाने हेतु निर्देशित किया। टूटे-फूटे तथा बंद पड़े शौचालय एवं पार्किंग की बदहाल व्यवस्था को देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्ति की तथा ए ओ /नाजीर का जवाब तलब करने के निर्देश दिए। बंद पड़े शौचालय को पुनः संचालित करने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने टीबी क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। क्लीनिक में स्थित डॉटस सेंटर जाकर उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिल रहे इलाज के बारे में फीडबैक लिया। मरीजों से मिलने वाला फीडबैक संतोषजनक रहा। जिलाधिकारी ने मरीजों को वितरित की जाने वाली पोषण सामग्री को भी देखा। उन्होंने सामग्री वितरण रजिस्टर का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में स्थित हेल्थ एटीएम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने हेल्थ एटीएम के संचालन की प्रक्रिया के विषय में जानकारी ली। वहां पर उपस्थित मरीजों से अस्पताल में मिल रहे इलाज के विषय में फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने जिला कुष्ठ अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। कार्यालय में व्याप्त गंदगी को देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की तथा साफ सफाई हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कुष्ठ रोगियों को मिलने वाली मदद सामग्री के वितरण के विषय में जानकारी ली तथा वितरण रजिस्टर को भी देखा। इसके उपरांत जिलाधिकारी महोदय जिला वैक्सीन भंडार पहुंचे और वहां पर वैक्सीन्स के रखरखाव का निरीक्षण किया। डीएम ने सभी दस्तावेजों को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय दिलावरपुर भटकर का औचक निरीक्षण किया। शिक्षामित्र शकील खान विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय में वाटर सप्लाई की व्यवस्था संतोष जनक ना मिलने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका श्रद्धा पांडे को जल्द से जल्द इसे सुव्यवस्थित करने हेतु निर्देश दिए। विद्यालय में उपस्थित कुछ बच्चे बिना यूनिफार्म के उपस्थित थे, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि प्रधानाध्यापिका, ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी अभिभावकों के साथ बैठक करके इस समस्या को सुलझाएं। जिलाधिकारी ने विद्यालय में साफ सफाई तथा सौंदरीकरण कराने हेतु प्रधानाध्यापिका को निर्देशित किया।

जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 13 फरवरी को

बहराइच। सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 13 फरवरी 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यों पर चर्चा की जायेगी।

संक्षिप्त समाचार

एसपी सिटी का स्वागत कर पूर्व एसपी सिटी को दी विदाई

शाहजहांपुर। महानगर में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर नवागत एसपी सिटी संजय कुमार का बुके देकर व ज़िला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ ने पटका पहना कर स्वागत किया। इसके साथ ही पूर्व एसपी सिटी सुधीर जायसवाल को शाहजहांपुर से गोरखपुर स्थानांतरण होने पर फूलमालाएं पहनाकर व्यापारियों ने बिदाई दी। इस दौरान व्यापारियों ने पूर्व में एसपी सिटी रहे सुधीर कुमार जायसवाल द्वारा तैनाती के दौरान किए गए सामाजिक कार्यों के लिए बधाई दी। इस दौरान जिला महामंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ,महानगर महामंत्री अमित शर्मा, मदुरेश गुप्ता,अखिल मिश्रा, लकी खान, अशोक गुप्ता सम्मिलित हुए।

11 वी एन.डी.आर.एफ. टीम 10 दिवसी फेमेक्स प्रोग्राम के लिए पहुंची सुल्तानपुर

सुल्तानपुर। 11 वो बटालियन एनडीआरफ वाराणसी के टीम के द्वारा जिला सुल्तानपुर में 10 दिवसी फेमेक्स प्रोग्राम चलाया जा रहा है। जिसके दौरान किसी भी प्रकार की होने वाली आपदाओं का आकलन किया जाएगा एवं साथ ही साथ तहसील एवं ब्लॉक स्तर स्कूल में आपदा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसी सिलसिले में सी एम ओ सुल्तानपुर और साथ हम बैठक भी एनडीआरएफ टीम कमांडर निरीक्षक अनिल कुमार के द्वारा किया गया। एनडीआरएफ टीम द्वारा गोमती नदी के तराई क्षेत्र में बसे शहर एवं गांव को भी भ्रमण किया गया और मानसून के समय में आने वाली बाढ़ का भी आकलन किया गया। रणनीति बनाई गई कि किस तरह से लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। किसी भी प्रकार की घटना हो तो उससे सुचारू रूप से सभी विभागों के द्वारा मिलकर निपटा जा सके।

अंतरिम बजट युवाओं के साथ धोखा: वरुण मिश्र

सुल्तानपुर। कांग्रेस नेता व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य वरुण मिश्र ने इसे युवाओं के साथ धोखा बताया है प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि बजट से युवा निराश हुआ है उसे उम्मीद थी कि सरकार इस चुनावी बजट में युवाओं के लिए कुछ लोक लुभावन संभावनाएं लाएगी और रोजगार से संबंधित बातों पर सरकार गौर करेगी लेकिन जिस तरह से वित्तमंत्री ने सदन के भीतर एक रटा रटाया स्टेटमेंट दे दिया उससे देश के नौजवानों को निराशा हुई है सरकार ने रोजगार की तो सदन में चर्चा ही नहीं की न ही महंगाई को लेकर अपना रुख स्पष्ट किया है आज ही कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़े हैं जिसका असर जरूरी चीजों पर भी पड़ेगा खाने पीने की चीजों के दामों में भी वृद्धि होगी लेकिन सरकार ने बड़ी बेरहमी से जन भावनाओं को ठेस पहुंचाई है बीजेपी को लगता है कि वह धर्म के नाम पर लोगों को भड़काकर उनका वोट ले लेगी और चुनाव जीत जायेगी। फिलहाल इस बजट से देश की जनता निराश है।

यह बजट मजबूत भविष्य की गारंटी है: डॉ. आरए वर्मा

सुल्तानपुर। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश कर दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए कहा यह बजट मजबूत भविष्य की गारंटी देता है। उन्होंने कहा पिछले दस वर्षों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए और सरकार गरीबों को सशक्त बना रही है।बजट में 5 साल में 2 करोड़ लोगों के लिए नए घर बनाने,इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11. 11 लाख करोड़ खर्च करना बताता है कि देश विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी ने अंतरिम बजट को ऐतिहासिक बताया और कहा यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ-युवा, गरीब, महिला, किसान सभी को सशक्त करेगा। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा 2047 तक विकसित भारत बनाने वाला बजट है।इस बजट में 3 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी।3 प्रमुख आर्थिक रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे।रोजगार के लिए 55 लाख नए अवसर मिलेंगे।

विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा में ज्योति कुशवाहा हुई चयनित

ललितपुर। कान्वेंट स्कूलों की तरह परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे एक से बढ़कर एक प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभाग करके विद्यालय, गांव और माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं। बच्चों के अभिभाभक भी जागरूक हो रहे हैं। बताते चलें विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा 2023-24 में परिषदीय विद्यालयों के 12 छात्र व 24 छात्राओं का चयन हुआ, जिसमें ब्लॉक बार अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पठलापुरा की कक्षा 05 में अध्ययनरत छात्रा ज्योति कुशवाहा का चयन विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में होने पर परिवार व गांव में खुशी का माहौल है। विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित करके प्राथमिक विद्यालय पठलापुरा एवं संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय डुलावन के स्टाफ एवं ग्रामीणों ने छात्रा को सम्मानित करके शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रधानाध्यापक नासिर खान, सहायक अध्यापक देवीशंकर कुशवाहा, पुष्पेंद्र जैन, अंशू नामदेव, माधुरी कुशवाहा, शिक्षामित्र अच्छे लाल, सरला कुमारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरपाल कुशवाहा, एसएमसी अध्यक्ष साकूलाल कुशवाहा, पंचायत मित्र मोहन कुशवाहा, नंदकिशोर, श्रीलाल, बारेलाल, मुरलीधर, मुकेश झां, कालीचरण, बृजनंदन, रामकिशोर, परशुराम, मुकेश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, श्रीराम, तुलसी, ममता, भागवती, जयंती, भारती, जशोदा, किरन, पार्वती, रामकुमारी, रामदेवी, राजकुमारी, गीता, मुस्कान, पूजा, लाडकुंवर, बबीता, सीमा, काजल के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे।

एम्बुलेंस में मिली पिपरौला बंजर के युवक की लाश

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद के कांट थाना क्षेत्र में स्थित के आर पेपर मिल में मजदूरी पर गए पिपरौला बंजर के रहने वाले उर्वेश वर्मा की लाश पेपर मिल के बाहर एम्बुलेंस में बरामद हुई है। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दरअसल के आर पेपर मिल में हर वर्ष कोई ना कोई हादसा होता है लेकिन मिलकर्मी उसे या तो दवा देते हैं या छुपा लेते हैं बीती रात भी यही हुआ कांट थाना क्षेत्र के गांव पिपरौला बंजर के रहने वाले शालिग्राम वर्मा का बेटा उर्वेश वर्मा के आर पेपर मिल में चीपर पर लकडी डालने का काम करता था। उर्वेश जब देर शाम तक घर नहीं पहुंचा तो घर परिवार वाले चिंतित हो उठे रात भर परिवार के लोग और उर्वेश का बहनोई उसे ढूंढता रहा पेपर मिल में भी कई बार जाकर जानकारी की लेकिन किसी ने कुछ भी नहीं बताया। परिवार वालों ने जब पेपर मिल से एक प्राइवेट एंबुलेंस निकलते देखी तो उसे रुकवा कर देखा तो उसमें उर्वेश वर्मा की छत विछत लाश पड़ी हुई थी। जिससे जाहिर हो रहा था कि रात भर शव को लकड़ी के ढेर में छुपाया गया। यह सब किसने किया और क्यों किया यह तो पुलिस की जांच में ही पता चलेगा फिलहाल उर्वेश वर्मा की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सम्पन्न हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं एवं साम्रगी हेतु प्रस्तावित दर सूची के अन्तिम रूप प्रदान किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के कक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रस्तावित दर की सूची उपलब्ध कराते हुए अपेक्षा की गयी कि प्रस्तावित दर की सूची के सम्बंध में अपनी आपत्ति एवं सुझावों से जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराये ताकि प्रस्तावित दर सूची को अन्तिम रूप प्रदान किया जा सके। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव प्राप्त हुए कि सभी सामग्रियों हेतु निर्धारित दर पूर्णांक में किया जाय। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, सचिव मण्डी धनन्जय सिंह, एआरटीओ (प्रशासन) राजीव कुमार, (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता लोकनिर्माण अंकित वर्मा, अंकुर मौर्य व अन्य अधिकारी, भाजपा से सुनील श्रीवास्तव, सपा से जफर उल्लाह खां बंटी, बसपा से सत्य नारायण रावत, अपना दल से गिरीश पटेल, कांग्रेस से गोपीनाथ सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

पत्रकारिता की पूरी कार्यशाला थे वरिष्ठ पत्रकार शिव प्रकाश: जितेंद्र

अवधनामा संवाददाता

वरिष्ठ पत्रकार के निधन के बाद आयोजित शोकसभा में पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त, चार दशक तक कलम की धार से समाज और देश को नई दिशा देने वाले सुल्तानपुर किरण समेत कई अखबारों के संपादक व प्रबंध निदेशक रहे शिव प्रकाश गुप्ता के निधन के बाद प्रेस क्लब में पत्रकारों ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। यहाँ वरिष्ठ पत्रकारों ने उनके कार्यकाल की अनेक यादे साझा किए।

वरिष्ठ पत्रकार अनिल द्विवेदी व डा0 अवधेश शुक्ला के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में जिले के पत्रकार संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल हुए। स्वर्गीय शिव प्रकाश जी के सामाजिक योगदान को याद करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सत्यदेव तिवारी ने कहा शिक्षा पूरी करने के बाद 1975 में उनकी शिव प्रकाश जी से मुलाकात हुई। इसके बाद शिव प्रकाश जी के सहयोग से उन्होंने अपने पत्रकार जीवन की शुरुआत की। निर्भीक निडर व बुलंद स्वभाव वाले शिव प्रकाश का साथ ढाई दशक तक चलता रहा। इस दौरान उनके सानिध्य में लगभग चार दर्जन युवाओं ने पत्रकारिता के गुर सीखे और समाज में योगदान के लिए आज बड़ी-बड़ी भूमिका में है। वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा शिव प्रकाश जी अपने आप में पत्रकारिता की पूरी कार्यशाला थे वह अपने साथ पत्रकारिता के गुर सीख रहे पत्रकारों का बड़ा प्रोत्साहन करते थे। उनके द्वारा निकाला गया अखबार सुल्तानपुर किरण जिले का लीडिंग अखबार हुआ करता था। लेखनी की धार ऐसी थी कि अखबार कम पड़ने पर ऐसे अखबारों की फोटो कॉपी खरीदने के लिए लोग खड़े रहते थे। पढ़ाई के बाद उन्हे जब पत्रकारिता का शौक चढ़ा तो सुल्तानपुर किरण अखबार में शिव प्रकाश का ही सानिध्य मिला। आज जो भी पत्रकारिता की उनके पास पूंजी है वह शिव प्रकाश द्वारा दिए गए शिक्षा का परिणाम है। वरिष्ठ पत्रकार अशोक मिश्रा ने कहा स्वर्गीय शिव प्रकाश की जीवन से सीखने की जरूरत है। पत्रकारिता की सुचिता बनाए रखने के लिए नए लोगों को उनकी कार्यशैली से सीखना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार डा0अवधेश शुक्ला ने कहा हम सभी को अपने पत्रकार साथियों के सुख-दुख में खड़े होने की जरूरत है सभी को अच्छी पत्रकारिता करनी चाहिए। वही रोजगार के लिए साथ में एक और कार्य करते ही रहना चाहिए, जिससे एक समय के बाद पत्रकार परिवार को आर्थिक समस्याओं का सामना न करना पड़े।वरिष्ठ पत्रकार हाशिम अब्दुल्ला ने भी अपने अनुभव साझा किए। इम्तियाज रिजवी ने कहा स्वर्गीय शिव प्रकाश का दौर पत्रकारिता का स्वर्णिम काल रहा। उन्होंने समाज को बेहतरीन लेखनी कार दिए हैं। मनोज शर्मा ने कहा पत्रकारों की एकजुट बहुत जरूरी है, यह आर्थिक युग है, इसमें केवल पत्रकारिता से पेट भरने वाला नहीं है। आप समाज के भले के लिए अपनी कलम की धार देते रहे,वही रोटी व रोजगार के लिए अतिरिक्त प्रयास जारी रखें। स्वर्गीय शिव प्रकाश के बताएं रास्ते पर चलकर पत्रकारिता में अपना एक अहम मुकाम बनाया जा सकता है। शोक सभा को भगवान शर्मा, राजेश तिवारी, उमेश तिवारी, राजदेव शुक्ला, समेत दर्जनों पत्रकारों ने संबोधित किया। अंत में पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। यहां प्रमुख रूप से पत्रकार रामानंद मिश्रा उमेश तिवारी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त सीआरओ व सीएमओ को दी गयी विदाई

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि अनुशासन में रहते हुए बेदाग सेवानिवृत्त होना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा जिस भी अधिकारी कर्मचारी को जो अधिकार मिले हैं, वहीं हमारी जिम्मेदारियॉ भी है। हमें पूरे अनुशासन और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए ताकि सेवाकाल के दौरान हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहॅुचा सकें। जिलाधिकारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शेष सुखमय जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए मौजूद दूसरे कर्मचारियों का आहवान्ह किया कि वे सेवानिवृत्त कर्मचारियों से प्रेरणा प्राप्त कर अच्छे से अच्छा कार्य करने का प्रयास करें।

विदाई समारोह को मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा के अजित परेश, महसी राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, मोतीपुर के संजय कुमार, तहसीलदार कैसरगंज अजय कुमार यादव, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के पदाधिकारी बी.डी. सिंह, लेखपाल संघ के जयराज सिंह, एमओआईसी जरवल डॉ. रितेश सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। समारोह के अन्त में जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सेवानिवृत्त अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के अन्त में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

शादी का झांसा देकर तीन माह तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली युवती ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजते हुये महानगर झांसी अंतर्गत थाना बबीना अंतर्गत एक गांव में रहने वाले युवक पर शादी का झांसा देते हुये तीन माह तक लगातार शारीरिक संबंध बनाने और शादी की बात कहने पर स्पष्ट मना कर देने का आरोप लगाया है। युवती ने एसपी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि 8 मई 2022 को उसकी फोन पर युवक से बात हुयी थी। जिसके बाद 21 मई 2023 को उक्त व्यक्ति उसके गांव आया और सफारी गाड़ी से माताटीला ले गया। आरोप है कि युवक ने कार में ही उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाये और वापस कॉलेज छोड़ दिया।

मसूर की फसल तोड़कर भरने पर खूनी संघर्ष

ललितपुर। खेत में लगी मसूर की फसल जबरन तोड़कर ले जा रहे करीब दर्जन भर से अधिक लोगों को रोकने पर हथियारों के बल पर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजते हुये कार्यवाही की गुहार लगायी गयी है। थाना बालाबेहट अंतर्गत कस्बा में रहने वाले खुशीलाल चौबे पुत्र नरेन्द्र चौबे ने एसपी को भेजे पत्र में बताया कि 1 फरवरी को अपराह्न 12 बजे वह घर पर था कि तभी उसके आसपास खेत वालों ने सूचना दी कि गांव के कुछ लोग उसके खेत से मसूर तोड़कर भर रहे हैं। सूचना मिलने पर वह ट्रैक्टर से अपने साथ अरविन्द, रामू, प्रियंका, राधादेवी, माया, सपना को लेकर खेत पर पहुंचा तो वहां उसने देखा कि गांव के दबंग उसके ट्रैक्टर से मसूर की फसल तोड़कर भर रहे हैं। जब उसने उक्त लोगों को ललकारा तो हथियारों से लैस उक्त लोगों ने उस पर और उसके साथ आयीं महिलाओं पर जानलेवा हमला कर दिया। यह भी आरोप है कि जान से मारने की नीयत से एक ने उसके सीने पर बंदूक अड़ा दी। इस हमले में उसे व उसके साथ गयी महिलाओं को गंभीर चोटें आयी हैं। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं, जो कि गांव समेत आसपास के इलाकों में आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।

प्रशांति विद्या मंदिर में हुआ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन

एल्बेंडाजोल दवा खाने का नही कोई साइड इफेक्ट नहीं: सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। शहर के गोविन्दनगर स्थित प्रशांति विद्या मंदिर में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण द्वारा फीता काटकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि एल्बेंडाजोल के सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है यह दवा पूर्णतया सुरक्षित है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। उन्होंने बेहिचक दवा सेवन करने के लिये कहा। प्रभारी सीएमओ डा.वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों, निजी विद्यालयों व आंगनवाड़ी केन्द्रों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीड़े निकालने के लिये दवा एल्बेंड़ाजोल खिलाई जा रही है। एक से तीन साल के बच्चों को टेबलेट का चूरा कर पानी के साथ खिलाया जायेगा। बड़े बच्चों को दवा चबाकर खानी है। उन्होंनें कहा कि बीमार बच्चे को कृमि मुक्ति की दवा नहीं खिलाई जायेगी। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि अगर कीड़े पेट में मौजूद है तो बच्चे के आहार का पूरा पोषण कृमि हजम कर जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगता है। बच्चा धीरे-धीरे खून की कमी (एनीमिया) समेत अनेक बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कृमि से होने वाली बीमारियों से बचाव के लिये यह दवा एक बेहतर उपाय है। आरबीएसके डीईआईसी मैनेजर डा.सुखदेव ने बताया कि एनडीडी कार्यक्रम साल मे दो बार मनाया जाता है। डीपीएम रजिया फिरोज ने बताया कि एक से 19 वर्श तक के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिये जिले में 5.71 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। डा.राजेश भारती ने कहा कि किसी भी अभिभावक को यह टेबलेट रखने या बाद में खिलाने के लिये नहीं देनी है। यह दवा आशा व आंगनबाड़ी के सामने ही बच्चों को खिलानी है। उन्होंने खाने से पहले और शौच के बाद अपने हाथ साबुन से धोने, साफ और स्वच्छ पानी पीने की सलाह बच्चों को दी। इस अवसर पर प्रशांति विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य श्रीमती विनीता श्रीवास्तव, संरक्षक संजय श्रीवास्तव, निदेशक अर्पित श्रीवास्तव, मुशीर खान आदि प्रमुख रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मातृ एवं शिशु परामर्शदाता रविशंकर झा के द्वारा किया गया। अंत में प्रभारी सीएमओ डा.वीरेन्द्र सिंह ने आभार जताया।

जब एसडीएम सदर का वाहन उड़ा रहा ट्रैफिक नियम का मख़ौल तो कौन करेगा ई-चालान

सुल्तानपुर। दूसरों को ट्रैफिक नियम का पाठ पढ़ाने वाले ही जब सरकारी व्यवस्था का मजाक उड़ाएं तो कहना ही क्या है। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना का वाहन दोपहर 3.45 बजे विकास भवन के सामने से गुजर रहा है और एसडीएम सदर का हूटर लगा सरकारी वाहन ट्रैफिक नियम का मजाक उड़ाते हुए रोड पर खड़ा हुआ है। जब जिम्मेदार ही ट्रैफिक नियम का मजाक उड़ाएंगे तो अनुपालन यह जिम्मेदार अधिकारी कैसे करेंगे। विकास भवन के मुख्य गेट पर डीएम की गाड़ी गुजरने के दौरान एसडीएम सदर सीपी पाठक का खड़ा वाहन चर्चा का विषय बना रहा।

पूर्वोत्तर रेलवे

नीलामी/शुद्धिपत्र सूचना सं. 18/2023-24

माह फरवरी-2024 के प्रकाशित ई-नीलामी की अतिरिक्त तिथि

माह फरवरी-2024 के प्रकाशित ई-नीलामी तिथियों के साथ निम्नलिखित अतिरिक्त तिथि शामिल किया जाता है।

अतिरिक्त ई-नीलामी तिथि: 08 फरवरी 2024, अधीनस्थ लॉट: वमंसाप्र / लखनऊ

नीलामी सूचना सं-17/2023-24 के तहत प्रकाशित अन्य ई-नीलामी तिथियाँ एवं शर्तें यथावत रहेगी। यह सूचना पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ner.indianrailways.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर

मुजाधि / एस-127

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

शहर में पैदल गश्त कर एसपी ने जाना सुरक्षा व्यवस्था का हाल

अवधनामा संवाददाता

चेतक मोबाइल टीम को सक्रिय करने की मांग

सरकारी सीसीटीवी सुधरवाये प्रशासन

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव व सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत मय थाना कोतवाली पुलिस फोर्स द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया तथा व्यापारियों/आमजन मानस से संवाद कर त्यौहारों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया। एसपी द्वारा पैदल गश्त के दौरान व्यापारियों/आमजन मानस से संवाद किया गया एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी तथा दुकानों पर स्वेच्छा से सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया कैमरे लगने से दिन व रात में होने वाले अपराध पर नजर रखी जा सकती है। जिससे अपराधियों के मन में भय का माहौल बना रहता है। किसी भी प्रकार की घटना के बारे में जानकारी प्राप्त होने पर डायल 112 व संबंधित थाने को सूचित करें, जिससे अपराधियों के विरूद्ध समय से कार्यवाही की जा सकें। व्यापारियों व आमजन मानस में सुरक्षा का भाव जागृत कर त्यौहारों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने व सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराया गया। यातायात व्यावस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पैदल गस्त के दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान सराफा एसोशियेशन के अध्यक्ष मज्जू सोनी ने पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक से वार्ता करते हुये बताया कि शाम को 7 बजे सराफा बाजार में चेतक मोबाइल टीमों की गश्त होती थी। चूंकि इसी समय मध्य व्यापारी बाजार के आसपास बने अपने घरों तक सामान ले जाते हैं और चेतक मोबाइल टीम के भ्रमण से अराजक तत्वों में भय बना रहता है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र0 सं0	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
1.	51245003	HIGH CAPACITY 500 AMP 750 VOLT INTER VEHICULAR COUPLER (IV COUPLER) FOR LHB AC EOG COACHES RDSO/PE/SPEC/ AC/0177-2013 (REV-0) or latest. Make-RDSO, MCF, ICF, RCF approved source only	10 Sets	06.03.2024

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं: 51245003 दिनांक: 01.02.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

339/24

भाजपा की बैठक विकासखंड कुरारा के मीटिंग हाल में संपन्न

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर कुरारा। विकास खण्ड के मीटिंग हाल में भाजपा की बैठक सम्पन्न हुई। विकास खंड के ब्लॉक हाल में आज भाजपा मंडल कुरारा की गांव चलो अभियान कार्यशाला आयोजित की गई वहीं बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने बताया कि मण्डल के 87 बूथों में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की 24 घण्टे बूथ पर एक दिन प्रवास करना होगा वहीं केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी नीतियों के बारे में लोगों को बताएंगे व गांव के जनप्रतिनिधियों,संभ्रांत नागरिकों से मिलकर विकास कार्यो के लेकर बैठक करना है एवं देवालयों में सफाई अभियान चलाया जायेगा यह कार्यक्रम 4 फरवरी से 11 फरवरी तक चलेगा। वहीं नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा का कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने स्वागत अभिनन्दन किया वहीं आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर तैयारियों में जुट जाने के लिए कहा गया। इस अवसर पर ज्ञानवेंद्र कुशवाहा, हरनारायण सिंह, चेयरमैन आशारानी कबीर, राहुल द्विवेदी, अनुज द्विवेदी ,सुभाष पाण्डेय, हरिओम सविता, अभय यादव,दीपक गौर,कालका प्रसाद, सूरज श्रीवास्तव, आकाशदीप पालीवाल एवं पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

वार्ड नंबर चार में गन्दगी काअंबार

हमीरपुर। सुमेरपुर नगर पंचायत सुमेरपुर के उदासिनता के चलते वार्ड न 4 धर्मेश्वर बाबा मे वार्ड की रास्तो मे गंदगी का लगा अम्बार लोगो का निकलना मुश्किल है एक ओर नगर पंचायत खेतो तरफ जहां बस्ती नही है वहा सड़क नाली नाला बनवा रही है वही दूसरी ओर आबादी वाले इलाके मे नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी ध्यान नही दे रहे है क्यो कि नगर पंचायत अध्यक्ष की खुद की प्रोपार्टी का काम है और उसके गुर्ग दिन रात कस्बा के बाहर कीमती जमीनो को औने पौने दमो मे खरीद कर फिर नगर पंचायत का पैसा लगा कर उस एरिया मे नाली सड़क का विकास करके महंगे दामो मे बेचा जा रहा है वही दूसरी ओर नगर के अन्य वार्ड मे अभी तक विकास की कोई कार्य नहीं कराया जा रहा है।

मतदेय स्थलों पर सुविधाओं की जांच हेतु बैठक

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदेय स्थलों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, आने-जाने वाले मार्गो की जांच किये जाने हेतु जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में दिनांक 01.02.2024 को अपराह्न 12.00 बजे बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अरूण कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ0 नागेन्द्र नाथ यादव, डिप्टी कलेक्टर खालिद अन्जुम, उप जिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक सहित जोन/ सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में नामित अधिकारी रहे। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 228-हमीरपुर के अन्तर्गत 41 व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 229-राठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 42 सेक्टर आफिसर नामित किये गये है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे तत्काल अपने आवंटित क्षेत्र में भ्रमण करते हुए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जांच करना एवं रास्तों की स्थिति के सम्बन्ध में 01 सप्ताह के अन्दरनिर्वाचन कार्यालय को रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अनुपस्थित सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिनांक 02.02.2024 को अपराह्न 12.30 बजे बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश प्रदान किये गये।

सपाईयों ने मौजूदा सरकार पर कसा तंज, योजनाओं में छलावा कर रही सरकार

सुमेरपुर हमीरपुर। पीडीए पखवाड़ा के तहत समाजवादी पार्टी ने कस्बे की कांशीराम कॉलोनी में पीडीए चौपाल का आयोजन करके भाजपा पर जमकर हमला बोला। आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार दलितों पिछड़ों के आरक्षण के साथ युवाओं की नौकरियों में डाका डाल रही है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदकिशोर शिवहरे ने कहा कि भाजपा पिछड़ा विरोधी है। वह पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करने पर अमादा है। नगर अध्यक्ष गोपाल बजाज ने कहा कि केंद्र सरकार योजनाओं के नाम पर गरीबों के साथ छलावा कर रही है। इसका जीता जागता उदाहरण गैस सिलेंडर सब्सिडी है।

ज्ञानवापी फैसले के बाद आयोजित की गई बैठक

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने के अंदर व्यास जी के तहखाना में अदालत के पूजा के आदेश के बाद प्रशासन ने एतिहात बरतते हुए। थाने में पीस कमेटी की बैठक एसडीएम सदर की अध्यक्षता में आयोजित करके साधु-संतों, मौलवियों के साथ बैठक करके किसी भी संप्रदाय के खिलाफ किसी तरह की अनर्गल बयान बाजी ना करने तथा विजयी जुलूस आदि न निकालने की सख्त हिदायत दी है। ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में पूजा की अदालती अनुमति के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है। शुक्रवार को एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक एवं सीओ सदर राजेश कमल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में साधु-संतों, मौलवियों के साथ अन्य लोगों को आगाह किया गया है कि सभी अदालत के फैसले को स्वीकार करते हुए किसी तरह की अनर्गल बयान बाजी नहीं करेंगे। साथ ही किसी तरह का कोई विजय जुलूस आदि नहीं निकाला जाएगा। थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज ने कहा कि अगर किसी ने कानून का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही होगी। बैठक में स्वामी रामपाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, राजेश सहारा, पेश इमाम हाफिज सैफुल्लाह, लल्लू भाईजान, एहसान अली, मौलवी नूर मोहम्मद, हबीब अहमद सहित क्षेत्र के साधु संत आदि मौजूद रहे।

कुरारा पूर्व अध्यक्ष माया वाल्मीकि ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीए पखवाड़ा के अंतर्गत कस्बे के बूथ संख्या 48 में बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को सफल बनाने तथा पार्टी की जन कल्याण कारी नीतियों की जानकारी पूर्व चेयरमैन माया बाल्मिकी ने लोगो को दी। पी डी ए पखवाड़ा के अंतर्गत सपा बूथ अध्यक्ष गोविंद बाल्मीकि के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि ने बताया कि इस बार पिछड़ा ,दलित, अल्प संख्यक की सरकार बनाने की बात कही। वचित समाज के सभी लोगो को समाज में सम्मान व राजनीति में भागीदारी देने के लिए पार्टी संकल्पित है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर व डा राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतो व नेता जी मुलायम सिंह यादव के संघर्ष के रास्ते पर चलते हुए समाजवाद, लोकतंत्र ओर पंथ निरपेक्ष ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता रखती है। समाजवादी पार्टी पीडीए मिलकर जनविरोधी शोषणकारी ओर सांप्रदायिक ताकतों को सत्ता से हटाने में जनता से सहयोग व समर्थन की अपील की। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सपा राज बहादुर पाल, रहीश अहमद, जगदीश सोनकर, सत्यम सोनकर, मोतीलाल बाल्मीकि, शकुंतला, रश्मि, कामता कबीर, गोविंद बाल्मीकि, संपत सोनकर, आरती, उजियारी, निर्मला, शौरभ, रामवतार,आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

गांव चलो अभियान के तहत बैठक आयोजित

सुमेरपुर हमीरपुर। गुरुवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में गांव चलो अभियान की बैठक संपन्न हुई। बैठक मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह की अध्यक्षता में हुई। मंडल प्रभारी रामदेव सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक गांव के सेक्टर प्रभारी एवं प्रवासी एक दिन के लिए गांव में जाकर 24 घंटे प्रवास करेंगे। जहां पर प्रत्येक बूथ में पन्ना प्रमुख से मिलकर नई वोटर लिस्ट को संज्ञान में लिया जाएगा एवं किसी निराश्रित गरीब कमजोर वर्ग के लोगों के यहां भोजन करेंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। इस बैठक में रोहित शिवहरे, सिद्धार्थ सिंह, संतराम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, अरविंद श्रीवास्तव, स्वामी प्रताप सिंह, धीरेंद्र शिवहरे, अशोक सिंह, गीता ओमर, उर्मिला सिंह, दया सिंह, अनिल दीक्षित, सौरभ सिंह, चेतन सिंह, रजत कुटार, शरद चंदेल, राजेश सहारा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया लोकार्पण व शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

चोपन/सोनभद्र। स्थानीय नगर पंचायत की तरफ से हर वार्डो में नगरवासियों को शुद्ध जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाटर कूलर स्थापित करने का कार्य चल रहा है जिसमे से कुछ वाटर कूलर को पूर्व में ही नगरवासियों के इस्तमाल के लिए लोकार्पित किया जा चुका है। इसी क्रम में अवकाश नगर में नवनिर्मित वाटर कूलर का गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने वार्डवासियों की उपस्थिति में लोकार्पण कर उन्हें समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि फिल्टर पानी स्टोरेज 500 लीटर की क्षमता से युक्त यह प्लांट अन्य मौसमों के साथ ही भीषण गर्मी में शीतल पेयजल के रूप में आमजन को राहत देने का काम करेगा। इससे गर्मी के मौसम में नगर के लोगों एवं सड़क पर चलने वाले राहगीरों को शुद्ध ठंडा पेयजल पीने का लाभ मिलेगा तथा आसपास के मजदूरों एवं ऐसे गरीब लोग इसका समुचित लाभ ले पाएंगे जो मिनरल वाटर खरीद कर पीने की क्षमता नहीं रखते हैं। नगर के अन्य वार्डो में भी वाटर प्यूरीफायर सहित वाटर कूलर की स्थापना की जा रही है जो आम जनता के लिए शीघ्र ही लोकार्पित होगा। सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट आदि की चर्चा करते हुए आम नागरिकों से नगर पंचायत का सहयोग करने की भी अपील की। वही वार्डवासियों के समस्याओं को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अवकाश नगर और सफाई कालोनी में आरसीसी नाली का शिलान्यास किया गया।

वालीबॉल प्रतियोगिता उद्घाटन के बाद आज से शुरू होगा घमासान मुकाबला

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। मौदहा क्षेत्र के परछा गांव में तीन दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया जाएगा जिसमें क्षेत्रीय व शहरी क्षेत्रों की दो दर्जन से अधिक टीमें शिरकत करेंगी और उपस्थित खेल प्रेमियों के समक्ष अपनी टीम का वर्चस्व कायम करने के लिए दमखम दिखाएंगी। वहीं इस वालीबॉल प्रतियोगिता में 4 फरवरी को पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी तथा उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री हाजी नसीमुद्दीन सिद्दीकी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। बताते चलें कि पिछले वर्ष की भांति इस बार भी क्षेत्र के ग्राम परछा में तीन दिवसीय अखिल भारतीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आगाज आज दोपहर दो बजे किया जाएगा, जिसका उद्घघाटन नगरपालिका अध्यक्ष रज़ा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ तथा साई हास्टल के पूर्व मुख्य कोंच तथा डिप्टी डायरेक्टर मो रज़ा तथा ग्राम प्रधान के हाथों कराया जाएगा। वहीं आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग दो दर्जन से अधिक टीमें भाग लेंगी और खेल ग्राउंड में उपस्थित दर्शकों के सामने अपनी प्रतिस्पर्धा का लोहा मनवाने का भरसक प्रयास करेंगे। इस टूर्नामेंट को कमेटी ने दो हिस्सों में विभाजित किया है, जो कि पहला हिस्सा क्षेत्रीय टीमों के मध्य खेला जाएगा जो दो दिनों तक चलेगा और दूसरे दिन ही क्षेत्रीय टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 10 हजार रूपये तथा उपविजेता टीम को साढ़े सात हजार रूपये की नकद राशि भी प्रदान की जाएगी। इसी तरह दिनांक 4 फरवरी को पूरा दिन स्पोर्ट्स कालेज तथा शहरी टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें विजेता टीम को 15 हजार रूपये तथा उपविजेता टीम को 10 हजार रूपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट के आयोजक तथा कमेटी अध्यक्ष बाबू खान ने बताया कि दिनांक 4 फरवरी को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी तथा उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री हाजी नसीमुद्दीन सिद्दीकी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता हसन उद्दीन सिद्दीकी मौजूद रहेंगे। मैच की तैयारियों के संबंध में कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियों को आखिरी रूप दिया जा चुका है।

क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक

राठ हमीरपुर। ज्ञानवापी मंदिर को लेकर प्रयागराज जिला न्यायालय द्वारा सुनाये गए फैसले से आपसी सौहार्द न खराब होने को लेकर सीओ व कोतवाली प्रभारी ने पीस कमेटी की बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान हिंदू मुस्लिम समाज के अनेकों लोग मौजूद रहे। पुलिस क्षेत्राधिकार घनश्याम सिंह ने बताया कि ज्ञानवापी मंदिर को लेकर हिंदू मुस्लिम पक्षों द्वारा दिए गए साक्ष्य के आधार पर प्रयागराज जिला न्यायालय ने फैसला सुनाया है। इस फैसले को दोनों समुदाय के लोगों को स्वीकार करना चाहिये। अगर ऐसी स्थिति में स्थानीय किसी भी एक समुदाय के व्यक्ति को यह निर्णय गलत नजर आता है तो वह ऊपरी न्यायालय में इसकी अपील कर सकता है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से अपील की है कि इस दौरान किसी भी समुदाय के लोग फेसबुक, ट्विटर व इंस्टाग्राम सहित किसी भी दूरसंचार या आपसी बातचीत के दौरान अपना विरोध या खुशी का प्रदर्शन न कर शांति व्यवस्था बिगड़ने का प्रयास न करे।

दानवीर कर्ण की आत्मगाथा को देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/शक्तिनगर। उत्तर प्रदेश संगीत एवं नाटक अकादमी, लखनऊ एवं एनटीपीसी सिंगरौली, सोनभद्र के सहयोग द्वारा चार दिवसीय सम्भागीय नाट्य समारोह 2023-24 का शुभारंभ बीते 31 जनवरी की शाम को किया गया। यह नाट्य कार्यक्रम 31 जनवरी से 03 फरवरी 2024 तक प्रतिदिन सायं 7 बजे से एनटीपीसी सिंगरौली के सरस्वती सभागार, कर्मचारी विकास केंद्र मे आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एस के गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण,एनटीपीसी सिंगरौली) थे। नाट्य समारोह के पहले दिवस के कार्यक्रम का शीर्षक कर्णभारम् था, जिसकी रूपरेखा श्रीमती शैलजा कान्त, संगीत एवं नाटक अकादमी (लखनऊ)द्वारा किया गया तथा ज्ञान प्रवाह ट्रस्ट, वाराणसी के निर्देशक श्री युगल किशोर मिश्र जी द्वारा कर्णभारम् नाटक की कथा वस्तु साझा की गयी।

कर्णभारम् की इस प्रस्तुति में दानवीर कर्ण के व्यक्तित्व के आद्योपांत प्रसंगो को संयोजित करने की दृष्टि से कर्ण के जन्मवृत्तान्त, युवा कर्ण को रंगशाला में अर्जुन द्वारा ललकारने, माता कुंती के मूर्छित होने, दुर्योधन द्वारा कर्ण को अङ्गदेश का राजा बनाने, माता कुंती द्वारा कर्ण को कौरवपक्ष से युद्ध न करने के आग्रह एवं महाभारत के युद्ध में कर्ण के महाप्रयाण के दृश्यों को दृश्यबंध करते हुए दिखाया गया कि किस प्रकार युद्धभूमि में कर्ण का रथचक्र भूमि में धँस जाता है जिसे निकालने का प्रयत्न करते समय श्री कृष्ण के संकेत पर अर्जुन के बाण-प्रहार से कर्ण वीरगति को प्राप्त होते हैं।

चार दिवसीय के इस नाट्य समारोह का मुख्य उद्देश्य एनटीपीसी के परिवारजनों में स्वस्थ मनोरंजन का प्रसार करना तथा महाभारत की ऐतिहासिक कथावस्तु के माध्यम से नाट्य प्रस्तुति द्वारा दर्शकजनों की मानवीय संवेदनाओं को उकेरना तथा महारथी कर्ण का जीवन, सामाजिक त्याग एवं बलिदान की प्रेरणाको लोगों के हृदय में जागृत करना था। इसी कड़ी में प्रथम दिन के कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि के आशीर्वचनों द्वारा सम्पन्न हुआ, जिसमें उन्होंने नाटक में सम्मिलित सभी कलाकारों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा की उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी,लखनऊ के सौजन्य से आने वाले दिनों में अलग अलग विधाओं में कई सुप्रसिद्ध प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी जिसका एनटीपीसी परिक्षेत्र साक्षी बनेगा।

मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सीएमपीएफओ का वेब पोर्टल सी-केयर्स किया लॉन्च किया

अवधनामा संवाददाता

पोर्टल से सीएमपीएफ ग्राहकों और पेंशनभोगियों को मिलेगा फायदा

सोनभद्र/ सिंगरौली। बुधवार को केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सी-केयर्स नाम से सीएमपीएफओ का एक वेब पोर्टल लॉन्च किया। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की अनुसंधान एवं विकास संगठन, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डीएसी) द्वारा इस पोर्टल को विकसित एवं डिजाइन किया गया है। यह पहल सीएमपीएफओ की डिजिटलीकरण यात्रा में एक मील का पत्थर है, जिसका उद्देश्य सीएमपीएफ़ रिकॉर्ड और कार्य प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे का निराकरण करना है। कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में कोयला क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भविष्य निधि और पेंशन योजनाओं के संचालन के लिए वर्ष 1948 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन है। यह संगठन वर्तमान में कोयला क्षेत्र के लगभग 3.3 लाख भविष्य निधि ग्राहकों और 6.1 लाख पेंशनभोगियों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान में, सीएमपीएफओ भविष्य निधि ग्राहकों और पेंशनभोगियों के दावों का निपटान मैन्युअल रूप से करता है। पोर्टल के लॉन्च के साथ, पीएफ और पेंशन दावों का निपटान अब ऑनलाइन किया जा सकेगा। इससे तेज प्रसंस्करण, संचालन में पारदर्शिता, बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन और निगरानी की सुविधा मिलेगी। साथ ही ग्राहकों और पेंशनभोगियों में अधिक विश्वसनीयता पैदा होगा। सी-डैक इस परियोजना पर मार्च 2023 से कार्य कर रहा था जिसके परिणाम स्वरूप सीएमपीएफ़ परिचालन के लिए व्यापक समाधान के रूप में यह सॉफ्टवेयर तैयार हुआ है। पोर्टल, सी-केयर्स, सीएमपीएफ ग्राहकों और कोयला कंपनियों को लॉगिन करने और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न कार्य करने की अनुमति देगा। जबकि ग्राहक अपने व्यक्तिगत विवरण और सदस्यता जैसी जानकारियों तक घर बैठे ऑनलाइन पहुंच सकते हैं। साथ ही यह पोर्टल ग्राहकों के विवरण, शिकायत व उनका निपटान ऑनलाइन करने में सक्षम है व इसके माध्यम से कागज रहित कामकाज, दावों का समय पर और सटीक निपटान, प्रसंस्करण समय में कमी और शिकायत निवारण भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस पोर्टल का उद्देश्य यह भी है कि कोयला क्षेत्र में काम करने वाले सीएमपीएफ ग्राहकों के साथ-साथ इसके पेंशनभोगियों को भी लाभ पहुंचे। यह डिजिटल बदलाव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप है व हितधारकों के लिए डिजिटल परिवर्तन को अपनाने के प्रति सीएमपीएफओ और कोयला मंत्रालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। गौरतलब है कि इस परिवर्तनकारी पहल से एनसीएल के वर्तमान कर्मियों, पेंशनभोगियों व अन्य भी लाभान्वित होंगे।

संक्षिप्त समाचार

गलत खबरों का साथ न पकड़ने की अपील की

हमीरपुर कुरारा। थाना परिसर में गुरुवार को सदर सीओ व एसडीएम की अध्यक्षता में कस्बा व ग्रामो के ग्रामीणों के साथ एक बैठक की गई जिसमें सामाजिक समरसता को बरकरार रखते हुए किसी भी तरह की कोई भी प्रतिबंधित या किसी को आहत करने वाली टिप्पड़ी न करने तथा सोशल मीडिया में चल रही गलत खबरों का साथ न पकड़ने की अपील की गई। सदर सीओ राजेश कमल ने जानकारी देते हुए बताया कि अदालत द्वारा ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाना में पूजन, राग-भोग शुरू करने का आदेश दिया है। वही सात दिनों के अंदर पूजा आदि के लिए अनुकूल व्यवस्था करने के लिए भी कहा है। जिसपर क्षेत्र के किसी भी सम्प्रदाय के लोग कुछ भी गलत टिप्पड़ी न करे। सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों पर भी भरोसा न करे। वही सदर एसडीएम पवन पाठक ने कहा कि अखबारो में छपी सही जानकारी का ही अनुसरण करें। सोशल मीडिया पर कुछ भी विवादित पोस्ट न डाले गंगा जमुनी तहजीब के तहत रहे। इस बैठक में ग्रामो के ग्रामीण, ग्राम प्रधान कस्बे के लोग सभासद सहित करीब एक सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

खेत में किसान की धारदार हथियार से निर्मम हत्या



नरैनी। खेतो में फसल की रखवाली के लिए खेतो में बने घरौंदे में सो रहे किसान की अज्ञात हमलावरों ने लाठी और धारदार हथियारों से वार कर हत्या कर दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के बयान लिए है। फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना की जगह के नमूने इकट्ठा किए हैं। कालिंजर थाना क्षेत्र के छतैनी गांव निवासी रघुनंदन भुर्जी (72) पुत्र स्व. मुन्ना भुर्जी बुधवार की रात अपने गांव के घर से फसल रखवाली करने के लिए रोज की तरह खेतो में गया था। गुरुवार की सुबह जब नाश्ता लेकर पत्नी सुशीला मौके पर पहुंची तो वहां रघुनंदन का शव लहूलुहान हालत में क्षत-विक्षत पड़ा हुआ था। यह देखकर वह दहाड़े मारकर रोने लगी। आसपास मौजूद किसान और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कालिंजर थानाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र, सीओ अंबुजा त्रिवेदी, डाग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पड़ताल की गई। थानाध्यक्ष ऋषि देव सिंह ने बताया कि मौके पर आला कत्ल समान जिसमे खून से सना डंडा और शराब की बोतल व गिलास बरामद किया गया है।

कार्यशाला आयोजित कर दी जानकारी

बड़ोखर मंडल में गांव चलो अभियान को लेकर दिखी सक्रियता

अवधनामा संवाददाता

बांदा। बड़ोखर मण्डल की गांव चलो अभियान की कार्यशाला जमालपुर में आहूत की गई। अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने की। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष व मण्डल प्रवासी डा. धर्मेन्द्र त्रिपाठी जी रहे। डा. त्रिपाठी ने बताया कि आगामी 4-11 फ़रवरी तक देश के सात लाख बूथों मे प्रत्येक बूथ मे 24 घंटे का प्रवास एक-एक कार्यकर्त्ता को करना है। इसी क्रम मे बड़ोखर मंडल के 98 बूथों में 98 लोगों को प्रवासी बनाया गया है, जिनको अपने प्रवास मे सर्वप्रथम किसी देवालय की सफाई करनी है फिर उसी जगह बूथ टोली की बैठक करनी है फिर बूथ मे 5जगह वाल पेंटिंग करनी है जिसमे सिर्फ एक नारा लिखना है फिर एक बार मोदी सरकार, फिर गावों की चौपाल मे बैठकर लोगो की राय जाननी है, फिर रात्रि का भोजन किसी अनुसूचित वर्ग के परिवार मे करना है फिर रात्रि विश्राम उसी बूथ मे करना है सुबह योगा से शुरुवात करनी है फिर युवाओं की टोली से, महिलाओ की टोली से व बूथ के ामल वोटर्स से मिलना है सभी को नमो ऐप डाउनलोड कराना है, बूथ की ग्रेडिंग करनी है, अयोध्या जाने वाले लोगो से मिलना है पीएम विश्वकर्मा योजना के आवेदन कराने है फिर वापस आना है.कार्यशाला को मंडल प्रभारी गिरजेश तिवारी, मटौंध चेयरमैन सुधीर सिंह, सुरेश तोमर, जगपाल सिंह, संतोष मिश्रा, नाना शुक्ला, राहुल सिंह गुड्डु, शिवचरण शुक्ला ने भी सम्बोधित किया, कार्यशाला मे प्रधान धर्मेन्द्र सिंह,देवी दयाल सिंह, अरविन्द त्रिपाठी, मनदीप तिवारी, मालती दीक्षित, सुधा गुप्ता, अजय सिंह, चंद्रभाल शुक्ला सहित सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे संचालन शिवम् द्विवेदी ने किया।

एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा 08 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/विंध्याचल। एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 31.01.2024 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 08 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं- राजेंद्र प्रताप सिंह, अपर महाप्रबंधक(ऐश हैंडिलिंग), राम औतार, उप प्रबन्धक (सीएंडआई मेंटीनेंस), अरविंद कुमार दीक्षित, अभियंता /एसएलपीएस (प्रचालन), दशरथ सिंह सोनगरा, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन), मुकेश कुमार शर्मा, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन), नन्द लाल राम, कनिष्ठ अभियंता(ईएमडी), शिव शरण शर्मा, प्रचालक/ एसएलपीएस (प्रचालन) एवं शोभनाथ चमार, प्रचालक (एमएम ऑफ साइट)।

एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा।

बजट के अन्तर्गत सभी लोगों का रखा गया ध्यानः सुरेश खन्ना

बजट में समाज के कमजोर वर्गों का ध्यान रखने के साथ-साथ विकसित राष्ट्र के निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति के दृष्टिगत अवस्थापना विकास पर अधिकजोर दिया गया हैः वित्त मंत्री

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बजट को सर्वहितकारी एवं सर्वसमावेशी बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति को दोहराया गया है। इस बजट के अन्तर्गत गरीब, महिला, युवा तथा अन्नदाता किसान का विशेष ध्यान, तथा भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाये जाने के लक्ष्य को ध्यान में रखा गया है। बजट में समाज के कमजोर वर्गों का ध्यान रखने के साथ-साथ विकसित राष्ट्र के निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति के दृष्टिगत अवस्थापना विकास पर अधिक जोर दिया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश को केन्द्रीय करों में राज्यांश का हिस्सा के रूप में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 183237.5 करोड़ रूपये मिलने का अनुमान था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के आंकड़ों के अनुसार अनुमानतः 198135 करोड़ रूपये मिलेगा जो मूल अनुमान से लगभग 15000 करोड़ रूपये अधिक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 218816 करोड़ रूपये मिलने का अनुमान है। स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट के अन्तर्गत 50 वर्षीय ब्याजरहित ऋण को वित्तीय वर्ष 2023-24 की भांति आज प्रस्तुत बजट में भी यथावत रखा गया है।

सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि बजट में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 78 लाख पटरी दुकानदारों को ऋण उपलब्ध कराया गया है जिसमें से 2.3 लाख पटरी दुकानदारों को तीसरी बार ऋण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन धन योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जा रहा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 03 करोड़ गरीबों को आवास उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। अगले 05 वर्षों में इस योजना के अंतर्गत 02 करोड़ गरीबों को आवास उपलब्ध कराये जाने जा लक्ष्य रखा गया है।वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में नारी शक्ति के आर्थिक सशक्ति करण के लिए 30 करोड़ महिलाओं को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत व्यवसाय हेतु आर्थिक सहायता दी गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को उपलब्ध कराये गये आवासों में से 70 प्रतिशत से अधिक आवास महिलाओं के नाम पर आवंटित किये गये है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत 09 करोड़ महिलाओं को 83 लाख स्वयम् सहायता समूहों से जोड़ गया है। इन महिलाओं में से 01 करोड़ महिलायें लखपति दीदी बन चुकीं है। लखपति दीदी के लक्ष्य को 102 से बढ़ाकर 03 करोड़ किया जाना प्रस्तावित है। खन्ना ने बताया कि बजट में कृषि के उत्पादों के आधुनिक भण्डारण एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा दिये जाने का प्रस्ताव है। नैनों यूरिया के सफल प्रयोग के बाद नैनो डीएपी का प्रयोग प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुल 54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

अन्त्योदय के प्रण एवं सक्षम भारत का साकार प्रतिविम्ब है अंतरिम बजटः नन्दी

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट अन्त्योदय के प्रण एवं सक्षम भारत का साकार प्रतिविम्ब है। 03 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, महिलाओं के लिए मुफ्त सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन, आयुष्मान भारत योजना से आशा व आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आच्छादित करना महिला सशक्तिकरण के निश्चय को दर्शाता है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना एक दूरदर्शी निर्णय है। अवस्थापना क्षेत्र के बजट में 11.1 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि औद्योगिक व आर्थिक विकास की यात्रा को गति देगी। तीन नए रेल कॉरिडोर की घोषणा परिवहन व लॉजिस्टिक सुविधाओं को नई ऊंचाई देगी। इसके साथ ही इस बजट में समग्र विकास का ठोस खाका, देशवासियों की बुनियादी सुविधाओं की गारण्टी एवं आर्थिक समृद्धि की प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखती है। यह बजट प्रधानमंत्री द्वारा भारत को फाइव ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक और सशक्त व ठोस कदम है।

समृद्धि को समर्पित है केन्द्रीय बजटः कृषि मंत्री

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केन्द्रीय अंतरिम बजट 2024-25 को सर्वसमावेशी तथा सर्वस्पर्शी बताते हुए प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री तथा वित्तमंत्री भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। शाही ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा संसद में प्रस्तुत किया गया अंतरिम बजट 2024-25 किसानों, महिलाओं, गरीबों तथा युवाओं को सभी क्षेत्रों में अनेक अवसर प्रदान करने वाला है। इससे भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बजट में देशभर में बुनियादी ढ़ॉचे को मजबूत करने वाली योजनाओं, कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने वाले कदमों के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशद योजना है। इसका सकारात्मक प्रभाव अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों की ओर से सर्वस्पर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री तथा वित्तमंत्री को उ0प्र0 के किसानों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजटः स्वतंत्र देव

उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा आज प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट देश के चहुंमुखी विकास को गति प्रदान करने, आत्मनिर्भर भारत एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए क्रान्तिकारी बजट है। जलशक्ति मंत्री मंत्री ने कहा कि इस बजट ने गरीब कल्याण की पूरी गारन्टी को समाहित किया है। इस जनहितकारी बजट हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन, लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की

केन्द्रीय अन्तरिम बजट, मोदी की गारंटी वाला बजट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज माव् वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय अंतरिम बजट 2024 गाँव-गरीब के विकास, महिला सशक्तिकरण, टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन और किसानों की आय में वृद्धि को चरितार्थ करने वाला बजट है। यह गरीबों, महिलाओं, उत्तम स्वास्थ्य, कृषि विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को समर्पित बजट है। जिसके लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने माव् प्रधानमंत्री जी एवं वित्त मंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रस्तुत अन्तरिम बजट मोदी की गारंटी वाला बजट है। विकसित भारत का रोड मैप है। गरीब कल्याण तथा समग्र विकास पर केंद्रित बजट है, सर्व समावेशी बजट है।

उत्तर प्रदेश के लिये बजट में धोखा के सिवा कुछ नहींः अजय राय

लखनऊ। केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के पेश अंतरिम बजट को कांग्रेस ने सरकार की वाहवाही करने वाला बताया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों और खास कर मध्यम वर्गीय के लिए कुछ नहीं है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश जहां से भाजपा को इतना बड़ा जनसमर्थन मिला उसे भी अंतरिम बजट में सिवा धोखे के कुछ नहीं मिला। श्री राय ने कहा कि यह बजट सिर्फ और सिर्फ मोदी जी का महिमामंडन करने को पेश किया। इसमें आम आदमी को कुछ नहीं दिया गया है। नेता विधान मंडल आराधना मिश्रा मोना ने काा कि बजट से प्रदेश के लोगों को बहुत उम्मीदें थी लेकिन भाजपा और मोदी जी ने सबसे अधिक वोट लेकर प्रदेश को सबसे ज्यादा धोखा दिया।

विधान सभा सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से किया सहयोग का अनुरोध

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधान सभा सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है। विधान भवन में आहूत एक सर्वदलीय बैठक में उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही सदन चलता है। सकारात्मक वातावरण में तार्किक, तथ्यपरक एवं गुणवत्तापूर्ण संवाद से जनसमस्याओं का सार्थक समाधान किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा नेता सदन योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि संसदीय परम्परा के अनुसार सत्र की शुरुआत कल 02 फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी के अभिभाषण से होगी। इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत वर्षा में उत्तर प्रदेश विधान सभा ने पूरे देश में संसदीय कार्य प्रणाली की नजीर प्रस्तुत की है। इससे लोकतंत्र मजबूत हुआ है। सदन स्वस्थ चर्चा-परिचर्चा के लिए जाना जा रहा है। यह कार्य दलीय नेताओं के सहयोग से सम्भव हुआ है। विधान सभा अध्यक्ष जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधान सभा में इनोवेशन की श्रृंखला शुरू हुई है। सदन में डिजिटाइजेशन, गैलरी के सुन्दरीकरण, हॉल के नवीनीकरण जैसे विभिन्न कार्य किये गये हैं।

स्मृति ईरानी की मुदाख्लत से हवाई किराया में भारी कमीः लियाक़त

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी के गतिशील नेतृत्व में, मंत्रालय हज यात्रियों की सुविधा के लिए सक्रिय कदम उठा रही है, जिससे हज अधिक सुविधाजनक, किफायती और सुलभ हो सके। केरल से तीर्थयात्रियों के लिए एम्बार्केशन प्वाइंट की संख्या बढ़ाने के लिए केरल से नियमित मांग की गई थी, और कन्नूर को 2023 और हज 2024 में केरल में तीसरे ईपी के रूप में पेश किया गया था।

हज-2024 के लिए बोलियों की जांच के दौरान, यह देखा गया कि जहां कोचीन और कन्नूर के लिए दरें उचित थीं, वहीं कालीकट के लिए दरें बहुत अधिक पाई गई। माननीय मंत्री के निर्देशों के तहत, भारतीय हज समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने तुरंत इस मामले पर केरल राज्य हज समिति के अध्यक्ष के साथ मामला उठाया, जिसका अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है। कालीकट के तीर्थयात्रियों के हितों के प्रति संवेदनशील होने के नाते, माननीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने तुरंत हस्तक्षेप किया और परिणामस्वरूप कालीकट की कीमतें 1977 अमेरिकी डॉलर से घटाकर 1470 अमेरिकी डॉलर कर दी गई, जो कि 507 अमेरिकी डॉलर (42081 रुपये के बराबर) की कमी है। जिससे कालीकट से आने वाले तीर्थयात्रियों के हितों की रक्षा हो सके। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय हज यात्रियों के हितों के प्रति बहुत सचेत और जागरूक है और तीर्थयात्रियों के लिए हज अनुभव को और अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास कर रहा है। अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय और भारतीय हज समिति तीर्थयात्रियों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है और सभी तीर्थयात्रियों और समुदाय से हज से संबंधित मुद्दों पर गलत सूचना फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति से सावधान रहने का आग्रह करती है। किसी भी संदेह या प्रश्न के मामले में, तीर्थयात्रियों को एचसीओआई के हेल्पलाइन नंबर (022-221070) पर संपर्क करने की सलाह दी जाती है।